भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025 ■ अगहन मास कृष्ण पक्ष -04 ■ वर्ष : 12, अंक : 234 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून. 14 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


आखिर, इस दरिंदे को कितनी क्रूर सजा मिलनी चाहिए? जिसने मासूम के 'मन और जीवन' से हैवानियत की



लोगों में आक्रोश...औबेदुल्लागंज में उबाल, सड़क पर उतरी भीड़

सिर्फ 'एक चॉकलेट' उसकी जिंदगी पर इतनी भारी पड़ जाएगी, उस मासूम बच्ची ने सोचा भी न होगा?

दरिंदे ने हैवानियत कर मलद्वार कर दिया था बर्स्ट

## 6 साल की बच्ची भोपाल एम्स में मौत के मुहाने पर, पेट में छेद कर बनाया मल द्वार

*आईसीयू में बच्ची न बोलती है, न देखती है, उसकी खामोशियों में इतना दर्द कि मां-पिता देखकर ही फफक पड़ते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रायसेन जिले के गौहरगंज में छह साल की मासूम से सलमान नाम के दरिंदे द्वारा चॉकलेट का लालच दिखाकर हैवानियत मामले से पूरे प्रदेश में गुस्सा है। एम्स भोपाल में भर्ती मासूम आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रही है। दरिंदे ने मामूम के साथ रेप के करने के साथ उनके मल द्वार में भी हैवानियत की थी। जिससे ▶▶ शेष पेज 6 पर

- ▶▶ आरोपी सलमान की 30 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं, उसे दबोचने कई टीमें लगाई गईं
- ▶▶ गौहरगंज क्षेत्र के वकीलों ने कहा- कोई भी वकील आरोपी के पक्ष में केस नहीं लड़ेगा

### दरिंदे सलमान पर 20 हजार का इनाम

पुलिस ने आरोपी सलमान पर इनाम बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया है और उसे पकड़ने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। पूरे इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है। प्रशासन द्वारा सोमवार दोपहर 12 बजे तक का समय मांगा गया है और अगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 12 बजे के बाद मंडीदीप, औबेदुल्लागंज,सुल्तानपुर, बाड़ी ▶▶ शेष पेज 6 पर


### पुलिस की 10 टीमें कर रहीं छापेमारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गौहरगंज क्षेत्र की दुष्कर्म से पीड़ित 6 वर्षीय बालिका के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए नियमित जानकारी ली जा रही है। आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी के साथ छेड़छाड़



**झाबुआ।** शहर के गोपाल कॉलोनी में एक राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी फरार है। छेड़छाड़ और मारपीट में 8-10 लोग शामिल थे।

### स्मृति मंधाना के पिता की तबीयत खराब, शादी टली



**नई दिल्ली।** क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी अचानक पोस्टपोन कर दी गई है। मंधाना के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने बताया कि सुबह में जब स्मृति के पिता नाश्ता कर रहे थे तब उनकी तबीयत खराब होने लगी। हम उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए। इसके बाद शादी समारोह को टालने का फैसला किया गया।

### हैदराबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को रविवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद बहरीन से हैदराबाद आ रही गल्फ एयर की फ्लाइट जीएफ 274 को मुंबई एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट तलाशी ली गई लेकिन विस्फोटक जैसी कोई चीज नहीं मिली।

जी-20 शिखर सम्मेलन: मंच से दुनिया को मिला दो टूक संदेश, संयुक्त घोषणापत्र जारी

## अब कोई भी देश धमकी अथवा ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा, अमेरिका को ऐतराज

*जी-20 देशों का कहना है- जी-20 किसी एक देश पर निर्भर नहीं, किसी ऐसे देश की गैरमौजूदगी के आधार पर घोषणा पत्र को रोका नहीं जा सकता है, जिसे पहले से निमंत्रण दिया गया था। यह सम्मेलन सभी 21 सदस्यों के बारे में है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 के मंच से रविवार को सभी सदस्य देशों ने मिलकर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें किसी भी देश को ताकत का गलत इस्तेमाल करके धमकी न देने की बात कही गई है।

इस घोषणा पत्र में आतंकवाद की आलोचना से लेकर जलवायु परिवर्तन समेत नस्ल, भाषा और धर्म के आधार पर भेदभाव न करने की अपील की गई है। हालांकि, अमेरिका ने इस पर आपत्ति जताई है। मगर, इसके बावजूद सभी देशों ने मिलकर इस डिक्लेरेशन को हरी झंडी दिखा दी है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुसार, किसी भी देश को दूसरे देश की संप्रभुता और अखंडता पर चोट करने या उसकी राजनीतिक आजादी पर कब्जा करने की धमकी नहीं देना चाहिए। जी-20 देशों ने भी इसी पर जोर दिया है, जिसे रूस, इजराइल और म्यांमार के लिए छिपा हुआ संदेश माना जा रहा है। अमेरिका अगले साल जी-20 शिखर सम्मलेन को होस्ट करने वाला है। ऐसे में अमेरिका की मौजूदगी के बिना जी-20 डिक्लेरेशन ▶▶ शेष पेज 6 पर

अमेरिका की आपत्ति के बाद भी घोषणा पत्र पारित



जी-20 की बैठक में पीएम मोदी

सभी देशों ने मिलकर इस डिक्लेरेशन को मंजूरी दी

- **प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक आतंकवाद को लेकर दुनिया को किया आगाह**
- **पीएम ने कहा- इस वक्त यूएनएससी में सुधार बहुत जरूरी हो गया है**
- **घोषणा पत्र रूस, इजराइल और म्यांमार के लिए छिपा हुआ संदेश माना जा रहा**

### आतंकवाद को लेकर दोहरी नीति नहीं चलेगी

जी-20 के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में सुधारों का पुरजोर तरीके से समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इस वक्त यूएनएससी में सुधार बहुत जरूरी हो गया है। मोदी ने कहा कि भारत, ब्राजील और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मोदी ने अमेरिका पर इशारों में साधा निशाना

जी-20 के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की तरफ से दुनिया भर के देशों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर निशाना साधा। उन्होंने दुनियाभर के देशों पर एकतरफा टैरिफ और दबाव बनाने की रणनीति पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि इससे पूरी दुनिया के बाजार में अनिश्चितता और अस्थिरता का खतरा पैदा होगा। एकतरफा टैरिफ को मोदी ने भेदभावपूर्ण और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ बताया। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### राष्ट्रपति ट्रंप के न आने से भड़के रामाफोसा, नहीं सौंपी अध्यक्षता

साउथ अफ्रीका को जोहान्सबर्ग में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन बिना औपचारिक हैंडओवर के संपन्न हो गया। अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने किसी भी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्री अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी 20 का औपचारिक हैंडओवर ▶▶ शेष पेज 6 पर

सागर में दर्दनाक सड़क हादसा

## यात्री बस ने सड़क किनारे खड़े चार युवकों को रौंदा

- चारों की मौत, परिवार में छाया मातम
- चारों भैंस को खोजने घर से निकले थे



दुर्घटना में मृतक



दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई और आपस में रिश्तेदार हैं। सड़क हादसे में यात्री बस ने चार युवकों को रौंद दिया। हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जिले के रहली थाना इलाके के अनंतपुरा गांव के पास हुआ है। बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार चारों युवक उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। इनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार बाइक सवार युवक अनंतपुरा गांव से सिमरिया हर्राखेड़ा की ओर जा रहे थे जबकि बस सिमरिया से होते हुए दमोह जा रही थी। ग्रामीणों के अनुसार चारों भैंस को खोजने घर से निकले थे। वो सड़क के किनारे खड़े थे तभी बस ने रौंद दिया। हादसे में शिवम पिता ▶▶ शेष पेज 6 पर

आज जस्टिस सूर्यकांत बनेंगे देश के 53वें सीजेआई

## विदाई समारोह में जस्टिस गवई ने कहा-रिटायरमेंट के बाद नहीं लूंगा कोई पद

- **दिल्ली में ही रहूंगा और आदिवासियों के लिए काम करूंगा**



बीआर गवई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने रिटायरमेंट के बाद कोई पद न लेने का ऐलान किया है। अपने विदाई समारोह में चीफ जस्टिस ने कई मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे और कुछ पर टिप्पणी करने से इनकार भी किया। भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई से रविवार को रिटायर हो गए। उन्होंने कहा कि वे आदिवासियों के लिए काम करेंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। गवई ने कहा कि अगर चीफ जस्टिस सरकार के पक्ष में कोई फैसला देते हैं तो वह स्वतंत्र जज नहीं हैं, यह कहना गलत है। एससी, एसटी के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नए सीजेआई का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में



भूषण रामकृष्ण गवई 23 नवंबर 2023 को भारतीय सुप्रीम कोर्ट के 52वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए थे और 2 साल बाद 23 नवंबर 2025 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के 53वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। नए सीजेआई का ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान

## केएल राहुल बने कप्तान, जडेजा की लंबे समय बाद हुई वापसी



पहला वन डे मैच 30 नवंबर को रांची में होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अभी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएंगी। इसके लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। कप्तानी की जिम्मेदारी केएल राहुल को सौंपी गई है। स्क्वाड में युवा और अनुभवी प्लेयर्स को चांस मिला है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की लंबे समय बाद वापसी हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर

संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले

## गीता को अपनाएंगे तो भारत विश्व गुरु बनने को अग्रसर होगा



भगवद् गीता विश्व के लिए शाश्वत मार्गदर्शन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को लखनऊ में गीता प्रेरणा महोत्सव में कहा कि भारत कभी पूरे विश्व का विश्व गुरु था और दुनिया के लिए बड़ा सहारा बना रहा, लेकिन पिछले 1000 वर्षों में आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। ये सब था। तब भी यह भारतवर्ष था। संघ प्रमुख ने लोगों से गीता का अध्ययन करने, उसका अर्थ ▶▶ शेष पेज 6 पर

टावर वैगन हरदा में हुई बेपटरी

## करीब 6 घंटे तक मुंबई-दिल्ली रेलवे डाउन ट्रैक रहा प्रभावित



लंबी रूट की 3 दर्जन ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रेलवे डबल फाटक के समीप डाउन ट्रैक पर एक टावर वैगन पटरी से उतर गई। घटना रविवार सुबह करीब 7:45 बजे हुई। जिसके कारण मुंबई से इटारसी की ओर जाने वाली करीब 3 दर्जन ट्रेनें करीब 6 घंटे तक प्रभावित हुईं। हालांकि, अप ट्रैक चालू होने से मुंबई तरफ जाने वाली सभी ट्रेनों को निकाला गया। घटना के बाद डाउन ट्रैक पर रेल यातायात बाधित हो ▶▶ शेष पेज 6 पर

बैतूल के जिला अस्पताल में आग

## धुएं से ग्राउंड फ्लोर के वार्ड में मौजूद मरीज व परिजन भागे

शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल के किचन एरिया के पास स्टोर रूम में रविवार सुबह 9 बजे आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, अन्यथा बड़ा नुकसान भी हो सकता था।

धुंआ उठते ही वार्ड नंबर 1 और 4 के मरीजों को ट्रामा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया था, वहीं ऊपरी मंजिल के वार्ड को भी ऐहतियातन खाली कराया गया। घने धुएं के कारण ग्राउंड फ्लोर के वार्ड में मौजूद मरीज और उनके परिजन भाग निकले। आग अस्पताल के स्टोर रूम में लगी थी, जहां सफाई का सामान और कुछ केमिकल सामग्री रखी हुई थी। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने ▶▶ शेष पेज 6 पर



दमकलकर्मी आग बुझाते हुए



अस्पताल में अफरा-तफरी

नीमच बना सौर ऊर्जा उत्पादन में प्रदेश में अव्वल

## हर साल 68 मिलियन यूनिट हरित बिजली दे रहा भारतीय रेल और राज्य की विद्युत कंपनियों को


सिंगोली परियोजना से हरित ऊर्जा उत्पादन को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव की सरकार में मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। जीआईएस-भोपाल के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पिछले दशक में देश के ऊर्जा क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

इसमें मध्यप्रदेश का योगदान उल्लेखनीय है। राज्य की 31 हजार मेगावाट क्षमता में हरित ऊर्जा उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक योगदान है। प्रदेश का नीमच जिला सौर ऊर्जा उत्पादन ▶▶ शेष पेज 6 पर

- **प्रदेश में 30% से अधिक हरित ऊर्जा उत्पादन**
- **देश के हरित ऊर्जा लक्ष्य में बड़ा योगदान**



सोलर प्लांट

### कार्बन उत्सर्जन में बड़ी कटौती, 6 लाख से ज्यादा घरों में बिजली

जावद जनपद के ग्राम भगवानपुरा में 151 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा इकाई वेल्सपन सोलर एमपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई है। फरवरी 2014 से लगातार इसमें उत्पादन हो रहा है। सौर ऊर्जा उत्पादन से यह इकाई प्रतिवर्ष 2 लाख 16 हजार 372 टन कार्बन उत्सर्जन कम कर रही है। यहां हो रहे उत्पादन से 6.24 लाख घरों को ऊर्जा आपूर्ति की जा रही है।

### रीवा के सोलर एनर्जी पार्क से दिल्ली मेट्रो को सप्लाई

*रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े और सफल सोलर एनर्जी पार्कों में से एक है। यहां से दिल्ली मेट्रो को बिजली आपूर्ति की जा रही है। ओंकारेश्वर में देश का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। ओंकारेश्वर का 278 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जलाशयों के बेहतर उपयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुरैना में देश की पहली 'सोलर प्लस बैटरी स्टोरेज' परियोजना स्थापित की जा रही है। इस* ▶▶ शेष पेज 6 पर

# 20 लाख नकली नोट का मास्टरमाइंड पकड़ाया सर्चिंग में 32 एटीएम कार्ड, 15 चेकबुक मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**भोपाल गोकुलधाम सोसाइटी में ट्रैवल एजेंसी की आड़ में फेक करेंसी छापते थे, पुलिस ने धरदबोचा**

खंडवा के एक मदरसे में मिले 20 लाख के नकली नोट के मामले में खंडवा पुलिस ने भोपाल से मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड डॉ. प्रतीक नवलखे और उसके दोनों साथी भोपाल की गोकुलधाम सोसाइटी में एक ट्रैवल एजेंसी की आड़ में नकली नोट छापते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से 15 चेकबुक और 32 एटीएम कार्ड सहित नकली नोट भी जब्त हुए हैं। ये लोग महाराष्ट्र में एक साथी (इमाम) के पकड़ाने के बाद फरार हो गए थे।

2 नवंबर को खंडवा के ग्राम पैठिया स्थित एक मदरसे में 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट मिले थे। जावर पुलिस ने यह कार्रवाई महाराष्ट्र के मालेगांव पुलिस के हत्थे चढ़े पैठिया मदरसे के इमाम जुबेर अंसारी की खबर मिलने पर की थी। पुलिस ने मदरसे में स्थित इमाम के कमरे की तलाश ली तो नकली नोटों से भरा बैग हाथ लगा। इसके बाद पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क कर इमाम से पूछताछ की। इस दौरान खुलासा हुआ कि वह इस गोरखधंधे में डॉ. प्रतीक नवलखे का पार्टनर है।



मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी महेंद्र वारणेकर।

### भोपाल में किराए के मकान में छिपे थे आरोपी

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मदरसे के इमाम को नकली नोट उपलब्ध कराने वाला डॉ. प्रतीक नवलखे निवासी बुरहानपुर हैं। इसी दौरान 22 नवंबर को सूचना मिली कि आरोपी डॉक्टर भोपाल में गोपाल उर्फ राहुल के किराये के मकान मे छुपा हुआ हैं। 23 नवंबर को जावर टीम मौके पर पहुंची। यहां से प्रतीक नवलखे पिता सुरेश नवलखे (43) निवासी बुरहानपुर, गोपाल उर्फ राहुल पिता मांगीलाल पंवार (35) निवासी हरदा, दिनेश गोरे पिता दीपक गोरे (43) निवासी धारणी, जिला अमरावती महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया।

### आरोपियों को खंडवा कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया

एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर ने बताया कि, भोपाल में गोकुल धाम सोसाइटी स्थित आरोपी गोपाल उर्फ राहुल के किराए के मकान से नकली नोट सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण भी मिले हैं। मुख्य आरोपी डॉ. प्रतीक नवलखे के कब्जे से 500 रूपए के 13 नकली नोट, 7 मोबाइल, एक लैपटॉप, 15 चेक बुक, 12 एटीएम व डेबिट कार्ड जब्त किए गए। आरोपी गोपाल उर्फ राहुल पिता मांगीलाल पंवार के कब्जे से 500 के 6 नकली नोट, एक नोट सूखाने वाली ड्रायर मशीन, दो मोबाइल, 20 एटीएम व डेबिट कार्ड जब्त किए गए। आरोपी दिनेश पिता दीपक गौर (43) निवासी धारणी के कब्जे से 500 के 17 नकली नोट जब्त किए। आरोपियों को खंडवा कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

# कॉम्बिंग गश्त के दौरान जोन-4 में 155 स्थाई, गिरफ्तारी वारंट तामील



भोपाल जोन-4 में काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस अधिकारी कार्रवाई करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शहर अवधेश कुमार गोस्वामी के निर्देश पर स्थाई वांरट तामीली, निगरानी व गुंडा फाइल, आबकारी व जुआ एक्ट और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए भोपाल जोन-4 में 22 नवंबर को व्यापक काम्बिंग गश्त चलाई गई।

डीसीपी जोन-4 मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में शनिवार को स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामीली की कार्रवाई की गई। इसमें जोन-4 के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मलकीत सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त अक्षय चौधरी और सभी थानों के थाना प्रभारी तथा पुलिस बल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाना छोला मंदिर इलाक में जुआ एक्ट की कार्रवाई भी की गई।



### कॉम्बिंग गश्त के दौरान तामील किए गए वारंट

| थाना | स्थाई वारंट | गिरफ्तारी वारंट | योग |
|---|---|---|---|
| थाना चूनाभट्टी | 05 | 04 | 09 |
| थाना कोलार | 19 | 07 | 26 |
| थाना निशातपुरा | 24 | 14 | 38 |
| थाना गांधी नगर | 11 | 04 | 15 |
| थाना छोला मंदिर | 12 | 07 | 19 |
| थाना बैरागढ़ | 11 | 20 | 31 |
| थाना खजूरी सड़क | 14 | 03 | 17 |
| कुल योग | 96 | 59 | 155 |

# पॉल्यूशन के रेड लेवल पर राजधानी, सबसे खराब एक्यूआई टीटी नगर में 346 पर दर्ज

- राजधानी में धूल और जहरीले धुएं से अभी सांस लेने लायक नहीं हवा, कलेक्टोरेट 322, पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 302 दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अभी सांस लेने लायक हवा नहीं है। इस बात की पुष्टि पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम पर दर्ज प्रदूषण के आंकड़ों ने कर दी है। रविवार को तीनों प्रमुख स्थानों पर एयर पॉल्यूशन का लेवल वेरी पुअर कैटेगरी में दर्ज हुआ है। यहां सबसे खराब एक्यूआई टीटी नगर इलाके में 346 पर दर्ज हुआ है। कलेक्टोरेट 322 और पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई 302 पर दर्ज होने से तीनों ही प्रमुख स्थान रेड लेवल यानि वेरी पुअर कैटेगरी में पहुंच गए हैं। पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार लंबे समय से बारिश नहीं होने, हवा का फ्लो कम रहने से धूल-धुएं के कण ऊपर नहीं उठ पाने से एक्यूआई 300 से अधिक रहा है। हवाओं की गति बढ़ने पर यह कम हो जाएगा।



### शहर में यह है पॉल्यूशन का स्तर

रविवार को सबसे खराब हवा टीटी नगर में दिनभर में औसतन पीएम-10 का स्तर 294.05 और पीएम-2.5 का लेवल 179.92 रहा। यह रेड कैटेगरी में वेरी पुअर स्तर है। कलेक्टोरेट इलाके में पीएम 10 - 294.14 और पीएम 2.5 का स्तर 148.14 रहा। पर्यावरण परिसर में पीएम-10, 302.38 और पीएम-2.5 का लेवल 123.02 रहा है। यह तीनों इलाके रेड जोन और वेरी पुअर श्रेणी में दर्ज हुए हैं।

### अब आगे क्या?

आरओ, एमपी पीसीबी के अनुसार शनिवार रात से रविवार तक हवा की गति काफी धीमी रही है। हवा में धूल-धुएं के कणों की स्थिति बदलते रहने से एक्यूआई भी बदलता है। यह हवाओं की गति पर काफी डिपेंड करता है। एयर पॉल्यूशन को नियंत्रित रखने के लिए संबंधित विभाग लगातार पेड़ों पर पानी का छिड़काव और अन्य प्रयास कर रहे हैं। अगले एक-दो दिन में इसमें काफी कमी आने की उम्मीद है।

# आज भोपाल स्टेशन से चलने वाली भोपाल-जयपुर व भोपाल-जोधपुर ट्रेन रहेगी निरस्त

- 7 आंशिक निरस्त और 3 के रूट बदले; जयपुर स्टेशन पर होना है मेंटेनेंस कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्य का सीधा असर पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल से शुरू होने व गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है। इसके चलते सोमवार को भोपाल स्टेशन से चलने वाली भोपाल-जयपुर व भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। तो वहीं कई ट्रेनों को नवंबर व दिसंबर माह में आंशिक निरस्तीकरण करने के साथ ही मार्ग परिवर्तन किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की वर्तमान स्थिति अवश्य जांचने की अपील की है।

### यह ट्रेन रहेंगी निरस्त

- 14814 भोपाल-जोधपुर - 24 नवंबर 2025 को रद्द
- 19712 भोपाल-जयपुर- 24 नवंबर 2025 को रद्द
- आंशिक रूप से निरस्त ट्रेनें
- 12720 हैदराबाद-जयपुर (24 नवंबर) अब जयपुर की जगह अजमेर तक ही जाएगी।
- 12719 जयपुर-हैदराबाद (26 नवंबर)- यह ट्रेन अजमेर से शुरू होगी। जयपुर-अजमेर के बीच सेवाएं रद्द।
- 07019 जयपुर-हैदराबाद स्पेशल( 30 नवंबर और 7 दिसंबर)-अजमेर से चलेगी, जयपुर-अजमेर के बीच आंशिक निरस्त।
- 07020 हैदराबाद-जयपुर(28 नवंबर और 5 दिसंबर) यह ट्रेन जयपुर के स्थान पर अजमेर तक ही संचालित होगी।

# कार ने बाइक को टक्कर मारी, कार की छत पर युवक 200 मीटर तक लटका रहा, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन में सागर रोड स्थित अमरावत के पास रविवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद बाइक सवार दो युवक सड़क पर गिर गए, जबकि तीसरा व्यक्ति उछलकर कार के आगे के शीशे (विंडस्क्रीन) में फंस गया। इसके बावजूद ड्राइवर कार को करीब 200 मीटर तक दौड़ाता रहा। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और अमरावत इलाके में चक्काजाम कर दिया। लोगों ने मृतक अमित अहिरवार के परिवार को आर्थिक सहायता देने और आरोपी कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया। पुलिस ने हादसे में घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक अमित अहिरवार के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया है।


# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान

## गणना पत्रक की प्रविष्टियां भरने के लिए ध्यान देने योग्य बिंदु

- गणना पत्रक में प्रथमतः पिता, माता, पति/पत्नी संबंधित जानकारी अंकित करें।
- पिछले SIR की मतदाता सूची में मतदाता (स्वयं का) या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का विवरण बताए गए स्थान पर अंकित करें।
- सर्च के लिए निम्न व्यवस्थाएं : पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में स्वयं अथवा पिता/माता/दादा/दादी का विवरण प्राप्त करने हेतु :-
  - बीएलओ से प्राप्त गणना पत्रक पर दिए गए नाम एवं फोन नंबर पर अथवा जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अपने नजदीकी हेल्प-डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं।
  - अन्य राज्यों के पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://voters.eci.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
  - मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://ceoelection.mp.gov.in/ पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
  - क्यू आर कोड पर स्कैन कर भी मतदाता अपना विवरण सर्च कर सकते हैं।

**ध्यान रहे : 04 दिसम्बर 2025 गणना पत्रक जमा करने की अंतिम तिथि है**

- गणना पत्रक भरने हेतु किसी भी बीएलओ/अधिकारी द्वारा ओटीपी की मांग नहीं की जाती है।
- यदि पूर्व SIR में स्वयं या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का नाम उपलब्ध नहीं है तो भी मतदाता का गणना पत्रक प्राप्त किया जाएगा तथा इनका नाम प्रारुप मतदाता सूची में शामिल होगा। गणना पत्रकों की जांच प्रारुप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात शुरू होगी।

**शुद्ध मतदाता सूची, सशक्त लोकतंत्र**

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

भारत निर्वाचन आयोग

प्रारुप गणना पत्रक

Name and Contact No. of BLO

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| निर्वाचक का नाम :<br>ईपीआईसी (इपिक) :<br>पता : विवरण पहले से भरा होगा। | क्रम संख्या :<br>भाग संख्या एवं नाम :<br>विधानसभा/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम :<br>राज्य का नाम : | विवरण पहले से भरा होगा। | इस स्थान पर वर्तमान मतदाता सूची में उपलब्ध मतदाता की फोटो प्रिंट रहेगी। | नवीन फोटो चिपकाएं |

| | |
|---|---|
| जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष) | यहां मतदाता की जन्म तारीख भरें (दिन/माह/वर्ष) |
| आधार संख्या (वैकल्पिक) | यहां मतदाता की आधार संख्या भरें (वैकल्पिक) |
| मोबाइल नंबर | यहां मतदाता का मोबाइल नंबर भरें |
| पिता/अभिभावक का नाम | यहां मतदाता के पिता का नाम भरें |
| पिता/अभिभावक का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) | यहां मतदाता के पिता का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो) |
| मां का नाम | यहां मतदाता की माता का नाम भरें |
| माता का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) | यहां मतदाता की माता का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो) |
| पति या पत्नी का नाम (यदि लागू हो) | यहां मतदाता के पति या पत्नी का नाम भरें (यदि लागू हो) |
| पति या पत्नी का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) | यहां मतदाता के पति या पत्नी का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो) |
| पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण | पिछले कॉलम में दिए गए रिश्तेदार का विवरण, पिछले एसआईआर के अनुसार |
| निर्वाचक का नाम : | नाम : |
| इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) : | इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) : |
| रिश्तेदार का नाम : | रिश्तेदार का नाम : |
| रिश्ता : | रिश्ता : |
| जिला : | जिला : |
| राज्य का नाम : | राज्य का नाम : |
| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम : | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम : |
| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या : / भाग संख्या / क्रम संख्या | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या : / भाग संख्या / क्रम संख्या |

यदि आपका नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसका विवरण भरें।

यदि आपका नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो अपने पिता/माता/दादा/दादी का पूर्व एसआईआर में दर्ज विवरण भरें।

(i) उपर्युक्त निर्वाचक ने, स्वयं मैंने/मेरे परिवार के सदस्य होने के नाते किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है।

(ii) मैं मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आवेदन कर रहा हूं और ऊपर उल्लिखित नाम, मेरा/मेरे परिवार के सदस्य का होने के नाते, किसी अन्य विधान सभा क्षेत्र/संसदीय क्षेत्र में शामिल नहीं है।

(iii) मुझे ज्ञान है कि इस आवेदन के संबंध में उपरोक्त कथन या घोषणा करना, जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का मुझे ज्ञान या विश्वास है या जिसके सत्य होने का मैं विश्वास नहीं करता/करती हूं, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (1950 का 43) की धारा 31 के अधीन कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों, दण्डनीय अपराध होगा।

**मतदाता या किसी अन्य वयस्क पारिवारिक सदस्य के हस्ताक्षर/बांये अंगूठे का निशान (रिश्ते का उल्लेख करें) तिथि सहित**

**बीएलओ की घोषणा :** मैंने उपरोक्त विवरण को पिछले एसआईआर मतदाता सूची से सत्यापित कर लिया है।

**बीएलओ के हस्ताक्षर**

D-11147/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

5 गंजबासौदा में नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज...





11 निर्वाचन दल के सामने नरेला में कांग्रेस ...








औबेदुल्लागंज में हजारों लोगों ने आक्रोश रैली निकालकर बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी सलमान के खिलाफ सख्त सजा की मांग की।




औबेदुल्लागंज के सरकारी अस्पताल में बच्ची को इलाज नहीं मिलने पर लोगों ने घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

### आरोपी सलमान की 30 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों, हिंदू संगठनों, राजनीतिक दलों ने जगह-जगह दिया धरना

# मासूम को नहीं मिला था इलाज, सैकड़ों की भीड़ ने घेरा सरकारी अस्पताल
# औबेदुल्लागंज रहा पूर्ण बंद, लोगों की मांग- दरिंदे सलमान का हो एनकाउंटर

- हिंदू संगठनों, व्यापार महासंघ एवं लोगों ने नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन
- बीएमओ अमृता जीवने को सस्पेंड करने के लिए कहा
- मुस्लिम भी हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल, फांसी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

6 साल की बच्ची से दुष्कर्म को लेकर जनता में भारी रोष है। रविवार को नागरिकों, हिंदू उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व्यापार महासंघ एवं सामाजिक संगठनों ने औबेदुल्लागंज, गौहरगंज में पूर्ण बंद रखा। लोगों ने कहा कि आरोपी सलमान को फांसी या एनकाउंटर जैसी सख्त सजा दी जाए। मुस्लिम समाज के लोग भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। धरने के बाद हजारों लोगों ने नगर में आक्रोश रैली निकाली। पीड़ित बच्ची का समय पर इलाज नहीं होने, भोपाल एम्स लेकर जाने के लिए एम्बुलेंस नहीं मिलने और डॉक्टर नहीं रहने पर लोगों ने औबेदुल्लागंज के सरकारी अस्पताल का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान तत्काल बीएमओ अमृता जीवने को सस्पेंड करने की मांग की गई।



आरोपी सलमान



धरने पर बैठे हजारों लोग। इंसेट में प्रदर्शन में शामिल नपाध्यक्ष चौकसे व नागरिक।

### अस्पताल में डॉक्टर एवं बीएमओ रहते हैं गायब

औबेदुल्लागंज शासकीय अस्पताल में पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हुई है। उसमें भी डॉक्टर और बीएमओ नदारद रहे। बीएमओ अमृता जीवने के खिलाफ कई शिकायतें हुई हैं। गर्भवती महिलाओं से पहले पैसे मांगे जाते हैं फिर डिलीवरी कराई जाती हैं। ऐसी कई शिकायते मानव आयोग और महिला आयोग के पास की गई है, जिसकी जांच भी की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। जब-जब इमरजेंसी आई है, तब -तक एंबुलेंस और अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं रहे। जो है उनसे भी इलाज नहीं मिल पाता है। रात में सीधे भोपाल रेफर करते हैं। हॉस्पिटल के सारे बड़े डॉक्टर भोपाल से अप डाउन कर रहे हैं। फिर इमरजेंसी आती है तो अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास करते हैं। अस्पताल बदहाल है।

### मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट ले जाकर दिलाएंगे न्याय

## केंद्रीय मंत्री शिवराज पहुंचे एम्स, डॉक्टरों से ली बच्ची के स्वास्थ्य की जानकारी



भोपाल। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधी कोई भी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौहान भोपाल एम्स पहुंचे थे। उन्होंने 6 वर्ष की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी पर कहा कि अपराधी कोई भी हो, किसी भी कीमत पर उसे बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पूरे मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर उतनी जल्दी न्याय दिलाने की बात कही। उन्होंने पीड़िता के परिजनों के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि बेटी की चिकित्सा में कोई कमी न रहे एवं समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। प्रशासन को निर्देश दिए कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

## पीड़ित बच्ची और परिवार को हरसंभव मदद देंगे: पटवा



विधायक सुरेंद्र पटवा ने हरिभूमि को बताया कि गौहरगंज की घटना बेहद निंदनीय है। इस घटना से मैं बड़ा ही दुखी हूं। मैंने एम्स अस्पताल में डॉक्टरों से फोन पर चर्चा की और पीड़ित बच्ची का हाल जाना। डॉक्टरो ने बताया कि बच्ची का इलाज चल रहा है। पटवा ने कहा कि बच्ची का बेहतर इलाज करने के लिए पूरी मदद की जाएगी। पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद की जाएगी। विधायक ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही मैंने कलेक्टर रायसेन एवं पुलिस अधीक्षक से फोन पर चर्चा की। घटना को लेकर प्रशासन और शासन सक्रिय है और अपराधी को पकड़ने के प्रयास जारी है। इस घटना के अपराधी सलमान उर्फ नजर पिता शहाबुद्दीन को सख्त से सख्त सजा मिले, ऐसी कार्रवाई कराई जाएगी।

### राजेश खटीक ने बच्ची के इलाज के लिए दिए 11 हजार रुपए



औबेदुल्लागंज। रविवार को दोपहर में श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने 11 हजार रुपए की धनराशि चेक के माध्यम से 6 साल की पीड़ित बच्ची के लिए सहायता के रूप में दी गई। चेक तहसीलदार निलेश सरवटे को राम श्री हिन्दू उत्सव समिति ने दिया। इस अवसर पर राजेश खटीक, कमल, नरेश मालवीय, बाला सैनी, जीतू नेमा, संजय चौरसिया, विक्रम धाड़ी, परेश नागर, उत्तम यादव, राजू मेहरा, सोनू अग्रवाल, राहुल महेश्वरी, कमलेश बाबा, संजय खटीक आदि मौजूद रहे

### आरोपी को मिले कड़ी से कड़ी सजा: विश्नोई



वरिष्ठ नेता सुरजीत सिंह गिल के आमंत्रण पर आए पूर्व मंत्री, जबलपुर के विधायक अजय बिश्नोई को कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र सिंह गिल, शिवराज सिंह शम्मी, गजेंद्र नागर, बागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह, राजिन्दर सिंह, परमिंदर सिंह, हरेंद्र काके, अंकित अग्रवाल ने गौहरगंज की घटना की जानकारी दी। विश्नोई ने घटना की घोर निंदा और कहा कि आरोपी सलमान उर्फ नजर पिता शहाबुद्दीन को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।






हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## राजधानी में उत्साहपूर्वक निकाली जाएगी राम बारात, लखेरापुरा मंदिर में आज होगी हल्दी-मेहंदी की रस्म

# सर्वार्थ सिद्धि, ध्रुव और शिववास योग में धूमधाम से मनाई जाएगी विवाह पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों में इस दिन का विशेष महत्व है। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल 25 नवंबर मंगलवार को विवाह पंचमी का पर्व मनाया जाएगा।

भगवान श्रीराम और माता जानकी का विवाह भी इसी दिन हुआ था। इसी कारण हर साल इस दिन को भगवान राम और मां सीता की शादी की सालगिरह के रूप में मनाया जाता है। इस दिन तीन योग ध्रुव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और


प्रतीकात्मक फोटो

शिववास योग में मनाई जाएगी। इस दिन व्रत और भगवान राम-सीता की पूजा करने से पति और पत्नी के बीच प्रेम बना रहता है। साथ ही साधक को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। विवाह पंचमी तिथि का आरंभ 24 नवंबर की रात 09:22 बजे से होगा। तो वहीं 25 नवंबर रात 10:56 बजे समापन होगा। हिंदू धर्म में विवाह पंचमी को प्रेम के प्रतीक के रूप में भी माना जाता है। पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि ध्रुव योग, स्थिरता और सफलता का प्रतीक होता है। तो वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग, सभी कार्यों में सफलता देने वाला योग माना जाता है। इसी तरह शिववास योग शुभता और सौभाग्य को बढ़ाने वाला योग कहलता है।

### विवाह और गृह प्रवेश के लिए विशेष

इस दिन सभी तरह के शुभ कार्य किए जा सकते हैं। विवाह, गृह प्रवेश के लिए यह दिन अति शुभ है। इसके अलावा गृहारंभ, यज्ञोपवित, सगाई कार्य, देवालय निर्माण, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आदि के लिए शुभ अवसर है। इसके साथ ही अन्य कार्य जैसे वाहन खरीदी, यात्रा गमन, तीर्थ दर्शन आदि कार्य भी किए जा सकते हैं। जिन लोगों के विवाह में बाधाएं आ रही हों या फिर विलंब हो रहा हो, उन्हें विवाह पंचमी के दिन व्रत रखना चाहिए।

### भगवान राम और मां सीता की वैवाहिक वर्षगांठ कल मनेगी

लखेरापुरा अयोयावासी वैष्य समाज के राम-जानकी मंदिर में सोमवार से विवाह पंचमी की शुरूआत हो गई। विधि-विधान से जानकी व श्रीराम जी पूजा की जाएगी। मंगलवार को दिन भगवान राम और माता सीता की वैवाहिक वर्षगांठ के रूप में मनाई जाएगी। विवाह पंचमी के दिन व्रत रखकर भगवान राम और माता सीता की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में खुशहाली के लिए प्रार्थना करेंगे।

### हनुमान चालीसा का पाठ होता है शुभकारी

मार्गशीर्ष की पंचमी तिथि को ही तुलसीदास जी ने रामचरितमानस पूरी की थी। इसलिए विवाह पंचमी के दिन रामचरितमानस का पाठ करना बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि यदि इस दिन रामचरितमानस का पाठ किया जाए तो घर में सुख-शांति आती है। प्रभु राम को पीले वस्त्र और माता सीता को लाल वस्त्र अर्पित करें। साथ ही मिट्टी के दीये जलाएं और इससे अपने घर को सजाएं। भगवान राम की बारात निकाली जाएगी। इसका आयोजन अयोध्यावासी वैश्य समाज द्वारा किया जाएगा।

### इको-फ्रेंडली भंडारे का हुआ आयोजन

## श्रीदादाजी गुरुदेव की श्रद्धा संग मनाई 15वीं पुण्यतिथि



श्री दादाजी गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में रविवार को श्रीदादाजी गुरुदेव (साईंखेड़ा वाले) की 15 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई। इस मौके पर सेवा और पर्यावरण संरक्षण संरक्षण संदेश इको-फ्रेंडली भंडारा किया गया। इस मौके पर भक्तों ने स्वयं बर्तन धोकर सेवा दी। तो वहीं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस बार आयोजन में धार्मिक कार्यक्रमों के अंतर्गत भक्तों द्वारा प्रातः श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं श्री गुरु गीता का सामूहिक पाठ किया। निःशुल्क मुख एवं डेंटल चिकित्सा शिविर आयोजित होगा, वहीं भंडारा पूरी तरह इको-फ्रेंडली हुआ। इसमें स्टील की थाली और ग्लास का उपयोग किया गया, और श्रद्धालु स्वयं बर्तन धोकर सेवा दी गई।

### खबर संक्षेप

#### एम्स की डॉ. आकांक्षा ने बढ़ाई प्रदेश की प्रतिष्ठा




**भोपाल।** एम्स भोपाल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हीमैटोलॉजी विभाग की फैकल्टी डॉ. आकांक्षा चौधरी ने मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित हार्वर्ड मेडिकल स्कूल ऑन्कोलॉजी ट्रेनिंग प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी कर संस्थान और प्रदेश दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ाई। इस उच्च स्तरीय कार्यक्रम में डाना फार्बर कैंसर इंस्टीट्यूट (बोस्टन), बेथ इस्राइल डीकॉनेस मेडिकल सेंटर (बोस्टन) जैसे विश्व के शीर्ष कैंसर संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ देशभर के प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट शामिल हुए। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल और फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों की मौजूदगी ने चर्चा को और गहन और उपयोगी बनाया। डॉ. आकांक्षा चौधरी की भागीदारी ने न केवल एम्स भोपाल के चिकित्सकों को वैश्विक शोध से जोड़ने का अवसर दिया, बल्कि इससे आने वाले समय में प्रदेश के मरीजों को विश्वस्तरीय कैंसर उपचार उपलब्ध कराने का रास्ता भी और मजबूत हुआ है।

फेफड़े और स्तन कैंसर तेजी से हो रहा विकसित नई दवाएं

ट्रेनिंग के दौरान फेफड़ों और स्तन कैंसर में तेजी से विकसित हो रही नई दवाओं, इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी और व्यक्तिगत उपचार (पर्सनलाइज्ड मेडिसिन) पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इन नई तकनीकों के चलते कैंसर इलाज अब पहले से अधिक सटीक, सुरक्षित और लंबे समय तक प्रभावी होता जा रहा है।

#### निटर की संपर्क सरिता को मिला राजभाषा पुरस्कार 2025



**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) की हिंदी पत्रिका संपर्क सरिता को राजभाषा पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार विश्व हिंदी परिषद द्वारा नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। पुरस्कार पत्रिका के संपादक प्रो पीके पुरोहित एवं संजय त्रिपाठी ने ग्रहण किया गया। संपर्कसरिता के लगातार 26 वर्षों से उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए हिंदी पत्रिका की कैटिगरी में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विश्व हिंदी परिषद द्वारा प्रो पीके पुरोहित को हिंदी भाषा के प्रति समर्पण, हिंदी में विज्ञान के लोकव्यापीकरण, राजभाषा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से और भी प्रभावी बनाने, हिंदी में कई पुस्तक लेखन एवं लोकप्रिय व्याख्यान के लिए विशिष्ट रूप से सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी ने इस उपलब्धि के लिए राजभाषा प्रकोष्ठ को सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हिंदी के प्रति हमारे समर्पण एवं प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। इस सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधियों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### 24 दिसंबर से 5 जनवरी तक ट्रेनों में 56 से लेकर 230 तक पहुंची वेटिंग

# क्रिसमस-न्यू ईयर में यात्रा के लिए अभी से करा लें बुकिंग, 80 फीसदी बर्थ फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्रिसमस 25 दिसंबर को है। इस पर्व से ठीक छह दिन बाद नया साल दस्तक देता है। इसके लिए बमुश्किल 32-35 दिन का वक्त बचा है। क्रिसमस व न्यू ईयर के लिए ट्रेनों में सीट बुकिंग को लेकर दबाव अभी से बढ़ रहा है। क्रिसमस और नए साल पर लोग पर्यटन स्थलों पर जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। इसका असर ट्रेनों पर अभी से दिखाई देने लगा है।

भोपाल से गुजरने वाली 132 ट्रेनों में इन दोनों ही मौकों पर यात्रा करने के लिए करीब 80 फीसद ट्रेनों में बर्थ फुल हो गई है। कई ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। कुछ ट्रेनों में कुछ ही बर्थ खाली बची है। ये अभी की स्थिति में खाली है, अगले 3-4 दिनों के भीतर उम्मीद है कि ये सभी बुक हो जाएंगी। ऐसे में लोगों को कन्फर्म बर्थ नहीं मिल पाएगी। हालांकि रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि दोनों ही मौकों पर कुछ विशेष ट्रेनें चलाईं जाएंगी। लेकिन इन स्पेशल ट्रेनों का किराया अधिक रहता है। 24 दिसंबर से 7 जनवरी तक ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर थर्ड और सेकंड एसी तक लंबी वेटिंग है।


प्रतीकात्मक फोटो

#### डॉ. आंबेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन के समय में 27 नवंबर से होगा आंशिक बदलाव, अब रात 7.50 पर पहुंचेगी उज्जैन

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के डॉ. आंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन से संचालित गाड़ी संख्या 09343 डॉ. आंबेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन के रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। इसके चलते अब यह ट्रेन उज्जैन रात करीब 7:50 पर पहुंचेगी। ऐसे में भोपाल से बाबा महाकाल के दर्शन करने वाले यात्री रात करीब 8 बजे तक स्टेशन पहुंच सकेंगे। हालांकि मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा एवं बीना स्टेशनों पर ट्रेन के पहुंचने के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अब अपने पूर्व निर्धारित समय पर पहुंचेगी। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि 27 नवंबर से डॉ. आंबेडकर नगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 09343 डॉ. आंबेडकर नगर - पटना स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार से अपने प्रारम्भिक स्टेशन डॉ. आंबेडकर नगर से निर्धारित प्रस्थान समय सायं 18:30 बजे के बजाय अब सायं 18:00 बजे प्रस्थान कर इंदौर स्टेशन समय 19:05 बजे के बजाय अब 18:30 बजे, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज जंक्शन स्टेशन समय 20:08 बजे के बजाय अब 19:18 बजे, उज्जैन स्टेशन समय 20:45 बजे के बजाय अब 19:50 बजे, मक्सी स्टेशन समय 21:25 बजे के बजाय अब 20:35 बजे, संत हिरदाराम नगर अपने निर्धारित समय 22:48 बजे पहुँचकर और दूसरे दिन गंतव्य स्टेशन पटना अपने निर्धारित समय 18:30 बजे पहुंचेगी।

#### ट्रेनों में वेटिंग के हालात

**भोपाल से मुंबई**

- इस रूट पर भोपाल से जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में 24 दिसंबर से 5 जनवरी तक स्लीपर कोचों में 56 से लेकर 230 तक वेटिंग है। भोपाल से मुंबई जाने वाली ट्रेनों के थर्ड एसी में वेटिंग 50 से 75 और सेकंड एसी में 30 से 45 तक है।

**भोपाल से चेन्नई**

- भोपाल से होकर रोजाना 8 से 12 ट्रेनें चेन्नई व दक्षिण भारत जाती हैं। इनमें भी 24 दिसंबर से 7 जनवरी के बीच सीट उपलब्ध नहीं है।
- इन ट्रेनों में स्लीपर में 38, थर्ड एसी में 28, सेकंड एसी में 17 वेटिंग है।

**भोपाल से दिल्ली व जम्मू-कश्मीर**

- भोपाल से जम्मू तक जाने वाली मालवा एक्सप्रेस व पंजाब ट्रेन में भी लंबी वेटिंग है।भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग लिस्टे देखने को मिल रही है।
- भोपाल से गोवा-गोवा जाने के लिए भोपाल से सीधी दो ट्रेनें गोवा एक्सप्रेस व मंगला एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग स्थिति देखने को मिल रही है।
- मुंबई, कन्याकुमारी, न्यूजलपाईगुड़ी, जम्मू, वास्कोडिगामा, कोच्चि स्टेशन समेत कई शहरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग देखने को मिल रही है।

### आईबीडी रायसीना कॉलोनी का मामला

## रहवासियों ने सड़क की शवयात्रा निकाली, अनूठा विरोध प्रदर्शन



रायसेन रोड पर ओरिएंटल कालेज के पास आईबीडी रायसीना कॉलोनी के लोग दो किमी लंबी खराब सड़क बनाने की कर रहे हैं लंबे समय से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रायसेन रोड स्थित आईबीडी रायसीना कॉलोनी के रहवासियों ने रविवार को खराब सड़क के विरोध में अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। आईबीडी रोड निर्माण संघर्ष मंच के बैनर तले कॉलोनी में एकत्र होकर उन्होंने सडक की शव यात्रा निकाली। इसमें बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए।

यह यात्रा कॉलोनी से शुरू होकर ओरिएंटल कालेज तिराहे तक निकाली गई। इसकी भनक लगने पर जनप्रतिनिधियों ने रहवासियों से चर्चा की और सड़क निर्माण करवाने का भरोसा दिलाया। इसलिए शव का दाह संस्कार नहीं किया और विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

रायसेन रोड पर ओरिएंटल कालेज के पास इस कालोनी में करीब 540 मकान और प्लाट हैं। यहां 400 से ज्यादा 400 परिवार रहते हैं। उनका कहना है कि बीते दो साल से वे सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर। इससे आवाजाही मुश्किलभरी तो है ही साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### मंत्री कृष्णा गौर ने रहवासियों को चर्चा के लिए निवास पर बुलाया

कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि गोविंदपुरा विधानसभा में सड़क की शव यात्रा निकालकर विरोध करने की जानकारी जब क्षेत्रीय विधायक व मंत्री को लगी तो उन्होंने रहवासियों से चर्चा की और मंगलवार को बंगले बुलाया है।

#### क्षेत्र की सभी सडकें मंजूर, एक ही फाइल रुकी है

क्षेत्रीय पार्षद राजेश चौकसे ने बताया कि आईबीडी रायसीना कॉलोनी तक रोड निर्माण का प्रस्ताव उनके द्वारा ही भेजा गया है। क्षेत्र की सभी सडकें मंजूर हो चुकी हैं, केवल एक ही फाइल मंजूरी के लिए रुकी है उसे भी जल्द मंजूरी मिल जाएगी। हमारी पूरी कोशिश है कि जल्द लोगों की समस्या का समाधन हो।

### ब्राह्मण रेजीमेंट संकल्प सभा सम्मेलन संपन्न

## वैदिक स्वस्तिवाचक 108 ब्राह्मणों ने किया शंखनाद



संकल्प सभा में मौजूद धर्मावलंबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण युवा समिति मप्र द्वारा रविवार कोलार तिराहा, चार इमली स्थित निराला भवन में ब्राह्मण रेजीमेंट संकल्प सभा आयोजित की गई। इस संकल्प सभा में फरवरी 2026 में प्रस्तावित ब्राह्मण संसद की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में 51 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक स्वस्तिवाचक 108 ब्राह्मणों द्वारा सामूहिक शंखनाद किया गया।

#### आरक्षण आर्थिक आधार पर होना चाहिए

इस मौके पर अनिल मिश्रा ने कहा कि समय आ गया है कि ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय स्तर पर संगठित हो। आरक्षण जातिगत नहीं, आर्थिक आधार पर होना चाहिए, ताकि हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। तो वहीं पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने कहा कि वे संगठन के साथ हैं।

### धार्मिक भजन संगीत का किया आयोजन

## ख्रीस्त राजा पर्व पर आकर्षक झांकी और जयकारे के साथ भव्य जुलूस


ख्रीस्त राजा पर्व के जुलूस में मौजूद श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को राजधानी के गिरजाघरों में ईसाई समुदाय ने ख्रीस्त राजा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम के दौरान विशाल जुलूस में ईसाई समुदाय ने ख्रीस्त राजा की जय-जयकार तथा धार्मिक भजन संगीत का आयोजन किया गया। आर्चबिशप दुरईराज एसवीडी ने अरेरा कॉलोनी स्थित एजम्पशन चर्च में उपस्थित विश्वासियों के साथ इस पर्व का उत्सव मनाया। पवित्र मिस्सा संपन्न कराते हुए और पर्व के केंद्रीय संदेश को उजागर करते हुए, उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें आश्वस्त करता है कि मसीह मृत्यु पर विजय पा चुके हैं और उनका प्रेम हर प्रकार की बुराई से अधिक शक्तिशाली है। इस अवसर पर शहर के कई गिरजाघरों में ख्रीस्त राजा की झांकी के साथ भव्य शोभायात्राएँ निकाली गईं।

## शिकायत निवारण रैंकिंग मामले में भोपाल अंतिम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के 16 नगर निगमों में सीएम हेल्पलाइन में मिलने वाली शिकायतों के निवारणों की रैंकिंग नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी की है। इसमें भोपाल नगर निगम को अंतिम स्थान मिला है और शिकायतों की संख्या भी सबसे अधिक है। जबकि जबलपुर को पहला स्थान मिला है। उसका कुल वेटेज स्कोर 98.58 प्रतिशत है। दूसरे नंबर पर सागर और तीसरे नंबर पर सिंगरौली नगर निगम है। इन्हें 97.89 व 97.74 प्रतिशत वेटेज स्कोर मिला।

हाल ही में जारी नगर निगमवार ग्रेडिंग में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों और उनके निराकरण की रैंकिंग में भोपाल नगर निगम न सिर्फ पिछड गया बल्कि वे अंतिम स्थान पर है। 16 नगर निगमों में भोपाल नगर में सबसे अधिक शिकायतें 5925 दर्ज हुईं जबकि जबलपुर नगर निगम में 3539 शिकायतें दर्ज हुईं।

### कार्डियालॉजी-डायबिटीज चिकित्सा सम्मेलन का समापनः बीमारी के समय दवाओं के डोज पर भी चर्चा

# एआई तेज निदान, सटीक विश्लेषण और व्यक्तिगत उपचार में सहयोगी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और एंटीबायोटिक के उपयोग पर रहा फोकस



चिकित्सा सम्मेलन का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में दो दिवसीय कार्डिलॉजी एवं डायबिटीज विषय पर आयोजित चिकित्सा सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया है। सम्मेलन के आयोजक डॉ पीसी मनोरिया और डॉ पंकज मनोरिया ने बताया कि चिकित्सा सम्मेलन के समापन अवसर पर देश भर के आए विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और एंटीबायोटिक की उपयोगिता पर जानकारी साझा कर विचार-विर्मश किया। सम्मेलन में बीमारी के समय दवाओं के डोज पर भी



चिकित्सा सम्मेलन का दृश्य।

विशेषज्ञों ने चर्चा की। डॉ मनोरिया ने कहा कि मानव संवेदनशीलता और तकनीक की सटीकता यही भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं की असली शक्ति है। सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंन्टेलीजेंस क्रत्रिम बुद्धिमत्ता पर बेंगलुरू से आए डॉ. अरविंदा जगदीशा ने कहा कि यह ज्ञान डाक्टरों के कौशल का विकल्प नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली सहयोगी है। एआई तेज निदान, सटीक विश्लेषण और व्यक्तिगत उपाचार योजनाओं में आपकी सहायता करता है। ताकि आप हर मरीज को बेहतर और देखभाल दे सकें। सम्मेलन में मुंबई से आए गहन सेवा चिकित्सक डॉ. खुसरव बजन ने सेपिक्स के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इसका शुरूआती घंटे में इलाज होना आवश्यक है।

#### बैक्टीरिया एंटीबायोटिक्स का प्रभाव सहन करना सीख जाते है: डॉ खिलानानी

सम्मेलन में दिल्ली के पल्मोनरी एक्सपर्ट डॉ. खिलानानी ने बताया कि एंटीबायोटिक्स रेजिसटेंस पर अपना दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा कि जब बैक्टीरिया एंटीबायोटिक्स का प्रभाव सहन करना सीख जाते हैं। दवाओं से नष्ट नहीं होते हैं तो उसे एंटीबायोटिक रजिस्टेंस कहते हैं। क्रिटिकल केयर सेटिंग में यह समस्या अधिक होती है।

# विदिशा जिले के गंजबासौदा में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# गंजबासौदा में नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज खोलने और नपा की सीमा बढ़ाने का सीएम ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों, महिलाओं और युवाओं के बेहतरी के लिए राज्य सरकार की ओर से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नदी जोड़ो अभियान के तहत प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने और हर खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य का कार्य जारी है। भावान्तर योजना से सोयाबीन का वाजिब मूल्य दिलाते हुए किसानों के हक के पैसे उनके खातों में भेजे जा रहे हैं। किसानों से गेंहू की खरीदी भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को विदिशा जिले के गंजबासौदा में सिविल अस्पताल के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन को कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदिशा के प्रभारी पशुपालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने त्योंदा में कॉलेज खोलने, ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने, गंजबासौदा नगर पालिका की सीमा बढ़ाने, गंजबासौदा में नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज आरंभ करने की घोषणा भी की।

**150 बिस्तरीय नवीन सिविल अस्पताल का सीएम ने किया लोकार्पण**



रोड शो में सीएम।


रोड शो में सीएम।

**150 करोड़ रुपए की लागत वाले 54 विकास कार्यों का सीएम ने किया भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बासौदा को 150 करोड़ रुपए की लागत से 54 विकास कार्यों की सौगात मिली है। इसमें 32 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बने 150 बिस्तरीय नवीन सिविल अस्पताल लोकार्पित किया गया है। मुख्यमंत्री ने जमांधर नदी पर 4 करोड़ की लागत से बने ब्रिज, 13 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन मार्गों, लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से 04 केवी उपकेन्द्र में ट्रांसफार्मर, लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से 11 ग्रामो में नलजल योजनाओं, 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से सब जेल गंजबासौदा में 40 बंदियों के लिए बनी जेल बैरक आदि का लोकार्पण किया।

### कृषि को उद्यानिकी और पशु पालन से जोड़कर बढ़ाया जाएगा

*केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि कृषि को उद्यानिकी और पशुपालन से जोड़कर और अधिक आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश में कृषि-उद्योग के क्षेत्र में नया चमत्कार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेतवा नदी का पानी पाराशरी नदी में डालने का प्रयास किया जाए। यहां की मिट्टी सोना उगलती है। बासौदा को उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, कुरवई विधायक हरिसिंह सप्रे, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी, किसान बंधु सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।*

---

**खबर संक्षेप**

### सीएम कल करेंगे मुखर्जी स्टेडियम का उद्घाटन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 25 नवंबर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का उद्घाटन करने के साथ कोलार को 194 करोड़ के विकास कार्य की सौगात देंगे। रविवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा भोपाल संभाग के प्रभारी एवं विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। रामेश्वर शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री 25 नवंबर को मुखर्जी नगर कोलार में अंतर्गत अमृत 2.0 के अंतर्गत सीवेज योजना का शुभारंभ, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम कोलार एवं कटारा में सांदीपनी स्कूल का लोकार्पण सम्मिलित है।

### एसआईआर मतदाता सूची को सटीक बनाने की प्रक्रिया: रामेश्वर

बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने एसआइआर अभियान की प्रगति, उसके महत्व और पारदर्शिता बनाए रखने पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की एक निरंतर प्रक्रिया है। एसआइआर के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, नव मतदाताओं का पंजीकरण कराने का कार्य जिम्मेदारी से पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहें ताकि किसी भी पात्र मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

---

## मुख्यमंत्री ने सागर के बंडा में किया नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से हर खेत को मिलेगा भरपूर पानी

**दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, गोशाला खोलने पर 10 लाख तक का दिया जाएगा अनुदान**

*मुख्यमंत्री ने की घोषणा, लांच नदी परियोजना की स्वीकृति, शाहगढ़ में बनेगा सिविल अस्पताल, बण्डा में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखंड के हर खेत को पानी मिलेगा। इससे क्षेत्र में समृद्धि आएगी। किसान अपने खेतों को समृद्ध बनाएं और किसी हालत में अपनी कृषि भूमि न बेचें। केन-बेतवा लिंक परियोजना से आने वाला समय कृषि के लिए बहुत लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता है। मप्र में खेती के साथ साथ पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सागर जिले की तहसील बण्डा में सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। पशुपालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौशाला खोलने के लिए अनुदान राज्य सरकार दे रही है। मप्र को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नंबर वन बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए 25 गायों के साथ गौशाला खोलने पर 40 लाख रुपए में से 10 लाख तक का अनुदान देने का कार्य मप्र सरकार की ओर से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 50.65 करोड़ रुपए के 16 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

**50 करोड़ रुपए से अधिक के 16 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**


छात्रों के बीच मौजूद सीएम।

**सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तहसील मुख्यालय बण्डा में आज लगभग 31 करोड़ रुपए की लागत से नव निर्मित सर्वसुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया है। इस विद्यालय में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा है कि बण्डा क्षेत्र में सर्वसुविधा युक्त स्कूल भवन के निर्माण से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीधा लाभ होगा।

### मुख्यमंत्री बने शिक्षक, छात्रों से किया संवाद

*मुख्यमंत्री ने बण्डा में नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त संदीपनी विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली और उनकी भविष्य की योजना को जाना। मुख्यमंत्री के साथ सहज संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी भविष्य की प्लानिंग साझा की। मुख्यमंत्री ने बच्चों को देश की आजादी के नायकों के बारे में बताया और कहा कि देश के सुनहरे भविष्य के लिए अच्छे किसान, अच्छे सैनिक, अच्छे नेता, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक चाहिए। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी अपनी बहुमुखी प्रतिभा से राष्ट्र और प्रदेश का नाम रोशन करें।*

**मप्र को देश का नंबर वन प्रांत बनाने के लिए किए जा रहे सभी तरह के प्रयास**


छात्रों के बीच मौजूद सीएम।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को देश का नम्बर वन प्रांत बनाने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। दानवीर डॉ. हरीसिंह गौर की ओर से स्थापित विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया गया। विद्यार्थियों के हित में वीरांगना अवंति बाई लोधी विश्वविद्यालय शुरू कर नई सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

**बुन्देलखंड क्षेत्र में खनिज संपदा का अकूत भण्डार**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त सरंक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बुन्देलखंड क्षेत्र खनिज संपदा का भण्डार है, बुन्देलखंड में निवेश का अच्छा मौका है। सांसद दमोह संसदीय क्षेत्र राहुल सिंह लोधी एवं विधायक बण्डा वीरेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। बंडा तहसील के ग्राम क्वायला के शहीद राजेश यादव के पिता को सम्मानित किया गया।

---

## मुख्यमंत्री ने वन इन्दौर-रन इन्दौर मैराथन को वर्चुअली किया संबोधित



### इन्दौर स्वच्छता और स्वाद के साथ स्वास्थ्य में भी बनाएगा विशेष पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता और स्वाद के क्षेत्र में विश्व में विशेष पहचान बनाई है। आज की मैराथन, इंदौर को स्वास्थ्य क्षेत्र में भी विशेष पहचान देगी। स्वास्थ्य की मूल आधार दौड़ है और दौड़ के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हैं। यह इन्दौरवासियों की ऊर्जा और सामूहिक संकल्प शक्ति से शहर के लिए कुछ बेहतर करने की उनकी भावना को प्रकट करती है। सकारात्मक पहल के परिणाम सदैव बेहतर होते हैं। इंदौर इस मैराथन के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्थापित करेगा।

**शहर के लिए बेहतर करने की ऊर्जा, भावना और सामूहिक संकल्प शक्ति की सराहना**

**आयोजन गर्व का विषय**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सुबह 7 बजे वन इन्दौर-रन इन्दौर मैराथन के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित इन्दौरवासियों को मुख्यमंत्री निवास भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मैराथन के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए मैराथन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिटनेस, सामूहिक चेतना और स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वन इन्दौर-रन इन्दौर मैराथन का यह भव्य आयोजन इन्दौर शहर के लिए गर्व का विषय है।*

**10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि इस कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। मैराथन की 3, 5 और 7 किलोमीटर रन की श्रेणियों में दौड़ने के लिए उनकी उपस्थिति इन्दौर की जागरूकता और उत्साह का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन्दौर की जनता हमेशा से सकारात्मक पहल में अग्रणी रही है। यह कार्यक्रम शहर की ऊर्जा, उमंग और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को नई दिशा प्रदान करेगा।

---

# पूर्व डीजी की ईओडब्ल्यू में शिकायत- इंजीनियर का आरोप, चुनाव लड़ने शपथपत्र में दी गलत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड डीजी मैथिलीशरण गुप्त के खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत की गई है। शिकायत दानिश कुंज कोलार में उनके बंगले के पड़ोस के प्लॉट मालिक इंजीनियर माधव गुप्ता ने की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि पूर्व डीजी ने 2024 में भोपाल लोकसभा से चुनाव लड़ा था। इस चुनाव के नामांकन के दौरान उनकी ओर से एक शपथ पत्र दिया था। शपथ पत्र में संपत्ति संबंधी जानकारी गलत है।

इसमें उन्होंने अपनी संपत्ति की कीमत बेहद कम बताई है। मैथिलीशरण गुप्त दानिश कुंज कोलार में रहते हैं। उनके खिलाफ शिकायत करने वाले माधव गुप्ता ने बताया कि मैथिलीशरण गुप्त की ओर से चुनाव नामांकन के दौरान शपथ पत्र दिया गया था, जिसमें उन्होंने स्वयं का बंगले (दानिशकुंज स्थित) की वर्तमान कीमत 3.10 करोड़ बताई है।

**डीजी बोले- चोरी और सीना जोरी कर रहा माधव**

- पूर्व डीजी मैथिलीशरण गुप्त ने बताया कि माधव गुप्ता नियम विरुद्ध कंस्ट्रक्शन कर रहा है। मैंने इसके खिलाफ कई शिकायत कर रखी है। इसीलिए वह चोरी के साथ सीना जोरी कर रहा है। हमने किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं किया है। माधव ने कंस्ट्रक्शन के लिए कई हरे पेड़ काट दिए हैं। 6 नवंबर को माधव ने नगर निगम के क्षेत्र में कब्जा किया, यहां कई गहरे-गहरे गड्ढे किए हैं, जिससे मेरा मकान कमजोर हो गया है। नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस ने माधव के खिलाफ नोटिस जारी कर रखे हैं।

**पड़ोसी बोले- हमारी जमीन पर भी कब्जा किया**

इंजीनियर माधव गुप्ता ने बताया कि अपने रसूख का फायदा उठाकर मैथिलीशरण गुप्त ने मेरे प्लॉट के कुछ हिस्से में कब्जा कर लिया है। जिसमें उन्होंने अवैध रूप से पार्किंग बनाई है। जिसकी शिकायत की तो मुझ पर ही धमकाने व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज करा दी गई। आए दिन हमें धमकाते हैं, थाने शिकायत करने जाओ तो सुनवाई नहीं होती।

---

# मदनी को पूर्व आईएएस का जवाब, 'जिस मुस्लिम को शिक्षा मिली वो गवर्नर बने, जिसने कट्टरता की शिक्षा ली वो बना पंचर वाला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली धमाके की घटना और उसके बाद जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के बयान ने देशभर में बहस छेड़ दी है। इस बीच मध्यप्रदेश के चर्चित पूर्व आईएएस अधिकारी नियाज खान ने मुसलमानों में शिक्षा और कट्टरता के मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए नया विवाद खड़ा कर दिया है। अपने स्पष्ट और निर्भीक विचारों के लिए पहचाने जाने वाले नियाज खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसा पोस्ट किया जिसने कुछ ही घंटों में चर्चा का केंद्र बना दिया।

नियाज खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जिस मुस्लिम ने शिक्षा प्राप्त की वह लंदन, न्यूयॉर्क का मेयर बना तो अमेरिका में गवर्नर और लेफ्टिनेंट गवर्नर बना। जिस मुस्लिम ने कट्टरता और अंधविश्वास की शिक्षा ली वो मैकेनिक, महिलाओं पर अन्याय करने वाला और पंक्चर बनाने वाला बना। शिक्षा मुस्लिमों के लिए रामबाण औषधि है, समझें इसे। खान ने संदेश में स्पष्ट किया कि मुस्लिम समाज में वही लोग दुनिया के मंच पर पहचान बनाते हैं, जिन्होंने शिक्षा को अपनाया और प्रगतिशील सोच रखी, जो पढ़ते हैं, वे दुनिया के अहम पदों पर पहुंचते हैं, जबकि कट्टरता में फंसने वाले अपनी संभावनाओं को खुद ही सीमित कर लेते हैं।


नियाज खान व अरशद मदनी (फाइल)

### आजम खान के मामले का उदाहरण सामने

*मदनी के अनुसार, यहां मुसलमानों के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति जैसे उच्च शैक्षिक पद तक पहुंचना भी कठिन बना दिया गया है। उनका कहना था कि यदि कभी कोई मुस्लिम उस स्तर पर पहुंच भी जाए तो बाद में उसे निशाने पर ले लिया जाता है, जैसे आजम खान के मामले का उदाहरण सामने है। उन्होंने आगे कहा कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी के मुद्दे में जो स्थिति चल रही है, वह दिखाता है कि सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि मुसलमान सिर उठा कर कभी खड़ा ना हो सकें।*

---

# शत-प्रतिशत हो जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सभी जिलों को जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में विवाह तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी विकास मिश्रा ने सभी जिला कलेक्टर एवं जिला विवाह रजिस्ट्रार को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन नियम-2008 के तहत राज्य में किसी भी विधि या परंपरा से संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य है।

व्यवहारिक रूप से सभी विवाह पंजीकृत न हो पाने से विशेषकर महिलाओं को पति की मृत्यु या अन्य कानूनी परिस्थितियों में प्रमाण और अधिकार प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इसी समस्या को दूर करने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जिलों को विशेष कदम उठाने को कहा गया है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, परिवार को मिलने वाली वैधानिक सुविधाओं की गारंटी तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है।

### विवाह पंजीयन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

*आयुक्त मिश्रा ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसे मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना तथा अन्य सामाजिक आयोजनों में विवाह स्थल पर ही प्रमाण-पत्र जारी करने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी नगरीय निकायों और सार्वजनिक स्थानों पर विवाह पंजीयन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। शादी हॉल, मैरेज गार्डन और समारोह स्थलों पर विवाह पंजीयन को अनिवार्य बताते हुए सूचनात्मक होर्डिंग लगाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। टेंट हाउस और केटरिंग व्यवसायियों को अपनी रसीदों पर विवाह पंजीयन को बढ़ावा देने वाले स्लोगन जैसे विवाह का आठवां वचन विवाह का हो पंजीयन और नारी का सम्मान विवाह का प्रमाण अंकित करने के लिए भी कहा गया है। मप्र में जन्म-मृत्यु पंजीयन की स्थिति में सुधार के लिए आयुक्त मिश्रा ने कहा कि सभी अनाथालयों, बाल संप्रेषण गृहों तथा बाल सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र तत्काल बनवाए जाएं। साथ ही महा रजिस्ट्रार कार्यालय नई दिल्ली की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन जिले स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।*

---

## 4 हजार से अधिक सीएम हेल्पलाइन में पहुंची समस्याएं

**प्रदेश में सबसे ज्यादा राजगढ़ के किसानों ने दर्ज कराई शिकायत**

# कर्मचारियों ने रोकी किसानों की समस्या, 1400 किसानों ने नहर से पानी नहीं पहुंचने की दर्ज कराई गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में भले ही सरकार किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश में हर योजना को लागू करने में जुटी है। सरकार की मंशा के मुताबिक किसानों को फायदा नहीं मिल रहा है। जल संसाधन विभाग के कर्मचारी किसानों की समस्या को अफसरों तक पहुंचने से रोक रहे हैं। प्रदेश भर से जल संसाधन विभाग तक करीब 4 हजार से अधिक शिकायत पहुंची है। इन शिकायतों की फेहरिस्त में सबसे ज्यादा पानी न मिलने की शिकायतें दर्ज कराई गई है।

सबसे ज्यादा राजगढ़ जिले के किसानों से पानी की समस्या की बारे में शिकायतें की है। इन शिकायतों के निराकरण करने की बात तो दूर है। एल-1 स्तर पर ही करीब 1400 शिकायतों को रोका गया है। यही कारण है कि किसानों की समस्या अफसरों तक नहीं पहुंच पा रही है। जिसकी वजह से किसानों के साथ - साथ सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की पेंडेंसी भी बढ़ रही है। बढ़ती हुई शिकायतों के निराकरण के लिए प्रीसिंपल इंजीनियर ने अफसरों को शिकायतों के निराकरण करने के लिए निर्देश दिए हैं। ईएनसी जल संसाधन विभाग के अफसरों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों को समयसीमा के भीतर निराकरण किया जाए। इसके साथ ही एल-1 स्तर पर शिकायतों का निराकरण नहीं हो रहा है तो उन्हें सीनियर अफसरों तक भेजा जाए, जिससे शिकायतों की पेंडेंसी कम हो सके।




**इन मामलों की शिकायतें पहुंची**

विभाग के पास कर्मचारी अधिकारी ने एरियर, पीएफ, ग्रेच्युटी से जुड़ी 96 शिकायतें की है। भू-अर्जन और पुनर्वास से जुड़ी हुई 223, सिंचाई के लिए पानी न पहुंचनी की 1451, जबरन जल अधिग्रहण की 100, गुणवत्ता में कमी 333, सिंचाई के लिए अनुमति न मिलने से जुडी 638, नहर की साफ सफाई संबंधी 399, नहर में पानी न छोड़ने और बंद करवाने संबंधी 399 शिकायतें विभाग तक पहुंची है।

**इन जिलों से सबसे ज्यादा शिकायतें**

जल संसाधन विभाग में सबसे ज्यादा राजगढ़, इंदौर, मंदसौर, टीकमगढ़, शिवपुरी, रीवा, विदिशा, छतरपुर, ग्वालियर, मंडला, शहडोल से आई है। वहीं झाबुआ, मैहर, बुरहानपुर, अनूपपुर, डिंडौरी से काफी कम शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में पहुंची है। ईएनसी ने आदेश में यह भी लिखा है कि यदि शिकायत का निराकरण नहीं किया जा सकता है। उन्हें निरस्त कर दिया जाए लेकिन उसका कारण भी बताया जाए। फिर शिकायतों को फोर्सक्लोज किया जाए।

**पेज एक का शेष...**

## 6 साल की ...

मासूम का मल द्वार पूरी तरह बर्स्ट हो गया था। डॉक्टर मासूम की जिंदगी बनाने के लिए जुटे हुए हैं। डॉक्टरों ने मासूम बच्ची की वेजाइना सर्जरी की है। डॉक्टरों ने बच्ची के कोलोस्टॉमी यानी पेट से शौच के लिए कृत्रिम रास्ता बनाया है। तीन घंटे चली सर्जरी के बाद जख्म गहरे होने के कारण मासूम को आईसीयू में भर्ती किया गया है। मासूम की हालत स्थिर है। एम्स प्रबंधन ने बच्ची की नर्सिंग केयर के लिए अलग से स्टाफ तैनात किया गया है। बच्ची की पल-पल की हेल्थ रिपोर्ट की जानकारी ली जा रही है। बच्ची न बोलती है, न देखती है, उसकी खामोशियों में इतना दर्द कि मां-पिता देखकर ही फबक पड़ते हैं। आईसीयू में सिर्फ बच्ची के माता-पिता को ही उसे देखने की अनुमति है। बच्ची को कभी होश आता है तो कभी बेसुध हो जाती है।

## दरिंदे सलमान पर....

बरेली सभी जगह हाईवे पर हिंदू सकल समाज धरना-प्रदर्शन करेगा। इसी के साथ नगर के कुछ युवा भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं, जब तक दुष्कर्मी की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक के लिए औबेदुल्लागंज आंबेडकर चौराहे पर धरना देंगे। आक्रोशित लोगों ने रविवार सुबह से ही चौराहों पर धरना दिया और फिर दोपहर बाद नेशनल हाईवे-46 को जाम कर दिया। सुबह से ही हिंदू उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, व्यापारी महासंघ, सामाजिक–धार्मिक संगठन, यहा तक कि मुस्लिम समाज के लोग भी धरना स्थल पर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। लोगों ने स्पष्ट कहा कि आरोपी को फांसी या एनकाउंटर जैसी सख्त सजा दी जाए। धरने के बाद हजारों लोगों ने नगर में आक्रोश रैली निकाली। वहीं विश्व हिंदू परिषद सहित हिंदू संगठनों ने सीताराम चौराहे पर करीब दो घंटे हनुमान चालीसा का पाठ किया। किसी प्रशासनिक अधिकारी के ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर भीड़ ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। कुछ समय बाद एसपी पंकज पांडे और एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उनके आश्वासन के बाद जाम खोला गया, पर भीड़ ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरा जिला बंद किया जाएगा।

## पुलिस की 10....

के लिए एसपी पंकज कुमार पांडे गौहरगंज में ही डेरा डाले हुए हैं। एसपी पांडे ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की 10 टीमों द्वारा मंडीदीप, भोपाल, सीहोर सहित अन्य संभावित जगहों पर लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी की मदद भी ली जा रही है।

## अब कोई भी....

पास होने पर वॉशिंगटन ने नाराजगी जाहिर की है। डिक्लेरेशन में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमेरिका ने ऐतराज दर्ज किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने इस सम्मलेन में हिस्सा नहीं लिया था। इसपर जी-20 देशों का कहना है, जी-20 किसी एक देश पर निर्भर नहीं है। किसी ऐसे देश की गैरमौजूदगी के आधार पर जी-20 को रोका नहीं जा सकता है, जिसे पहले से निमंत्रण दिया गया था। यह सम्मेलन सभी 21 सदस्यों के बारे में है।

## आतंकवाद को लेकर....

दक्षिण अफ्रीका को यूएनएससी में बदलाव को लेकर स्पष्ट संदेश देना चाहिए। भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका यानी आईबीएसए के नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि इस वक्त पूरी दुनिया बंटी हुई नजर आ रहे है ऐसे में आईबीएसए एकजुटता का संदेश दे रहा है, जो काफी महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने जी-20 के मंच से एक बार फिर वैश्विक आतंकवाद को लेकर पूरी दुनिया को आगाह किया, वहीं आतंकवाद को लेकर दोहरी नीति अपनाने वाले देशों पर भी जमकर बरसे। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरी दुनिया को एकजुट होना होगा। इतने बड़े गंभीर मुद्दे पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है।

## राष्ट्रपति ट्रंप के ....

नहीं कर गलत किया है। शिखर सम्मेलन के समाप्त होने से पहले जी 20 में अमेरिका के शामिल न होने पर दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग और प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स ताऊ ने नाराजगी जताई। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि व्यापार को लेकर अमेरिका के साथ चर्चा जारी रहेगी।

## यात्री बस ने....

रामचरण पाल (18), सत्यम पिता रामचरण पाल (17), प्राशू उर्फ प्रशांत पिता खुमान पाल (14) और उमेश पिता चेतू पाल (16) की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सत्यम और शिवम सगे भाई थे। प्रशांत अपने परिवार का इकलौता बेटा था, उसकी एक बहन है। उमेश दो भाइयों में छोटा था। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही भाजपा के देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

## केएल राहुल बने ...

है। भारतीय टीम के नियमित वनडे कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में चोटिल होने की वजह से नहीं खेल रहे हैं। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ गर्दन में ऐंठन का सामना करना पड़ा था। अब उनकी जगह कप्तानी केएल राहुल को मिली है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला वनडे मैच 30 दिसंबर को रांची के मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे मुकाबला 3 दिसंबर को रायपुर के मैदान पर होगा। आखिरी वनडे मैच विशाखापट्टनम में 6 दिसंबर को होगा।

## गीता को अपनाएंगे...

समझने और धीरे-धीरे उसकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर हम गीता को अपनाएंगे, तो हमारा जीवन बदलेगा, समाज बदलेगा और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि हम यहां इसलिए हैं क्योंकि गीता को केवल सुनाना नहीं, बल्कि उसे जीना है। इसके 700 श्लोकों को पढ़ना, उन पर मनन करना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए। भौतिक प्रगति के बावजूद, आज दुनिया भटक गई है, थक गई है और दिशाहीन है।

## करीब 6 घंटे मुंबई-....

गया। इस दौरान यान के पहियों को पटरी पर चढ़ाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जेसीबी और क्रेन से भी सफलता नहीं मिली, तब इटारसी से एमएफडी बुलाकर करीब साढ़े 5 घंटे बाद वैगन के पहियों को पटरी पर चढ़ाया गया। इसके बाद पटरी की जांच की गई और ट्रैक चालू होने के बाद सबसे पहले बलसाड़ से कानपुर की तरफ जाने वाली 19051 श्रमिक एक्सप्रेस को निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे से जुड़े विभिन्न अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर पहुंचे एडीआरएम योगेंद्र बघेल ने भी अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया और जांच की। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह करीब पुणे 8 बजे ओएचई निरीक्षण यान पटरी से उतर गई थी। इस घटना को लेकर जांच कमेटी गठित कर दी गई है।

## विदाई समारोह में....

आरक्षण में भी क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है, इससे आरक्षण का फायदा उन लोगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी, जिन्हें इसकी बहुत जरूरत है। सोशल मीडिया आजकल समस्या यह हो गई है कि हम जो नहीं बोलते हैं, वह भी लिखा और दिखाया जाता है, लेकिन यह केवल न्यायपालिका के लिए समस्या नहीं, बल्कि सरकार के कई अंग इससे प्रभावित हैं।

## नए सीजेआई का ....

शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में होगा, जिसमें भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका समेत 7 देशों के न्यायिक प्रतिनिधिमंडल भी शिरकत करेंगे और यह पहली बार होगा।

## धुएं से ग्राउंड....

बताया कि जो सामग्री जली है, उसे जब्त कर लिया है, ताकि जांच की जा सके। फायर सेफ्टी अलार्म सिस्टम की जांच के लिए कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी। फायर सेफ्टी सिस्टम में खामियां पाई जाती हैं तो उस हिसाब से फिर कार्रवाई करेंगे।

## हर साल 68 ...

में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिले में वर्तमान में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। जिले की सिंगोली यूनिट-3 ग्राम बडी में 170 मेगावाट, बडावदा यूनिट-1 में 160 मेगावाट और कवई यूनिट-2 में 170 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। साथ ही आगर जिले में 330 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। टीसी सूर्या कंपनी द्वारा स्थापित ये परियोजनाएं प्रतिवर्ष 68 मिलियन यूनिट हरित बिजली का उत्पादन कर रही हैं, जो भारतीय रेल और राज्य की विद्युत कंपनियों को उपलब्ध कराई जा रही है।

## रीवा के सोलर ....

परियोजना से 2.70 प्रति यूनिट दर पर 24 घंटे हरित ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी।

# 60 साल की बुजुर्ग महिला के सीबीडी में फंसे थे 10 स्टोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में एडवांस गैस्ट्रो-सर्जरी के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। अस्पताल की विशेषज्ञ सर्जिकल टीम ने डॉ प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में पित्त को आंत तक पहुंचाने वाली कॉमन बाइल डक्ट (सीबीडी) से संबंधित दो सफल जटिल सर्जरी की है। इस अवसर पर बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि बीएमएचआरसी हमेशा से गंभीर बीमारियों के उन्नत उपचार में अग्रणी रहा है। हमारी सर्जिकल टीम द्वारा इन दोनों जटिल ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक करना न केवल संस्थान की क्षमता का प्रमाण है, बल्कि यह मरीजों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## बीएमएचआरसी को फिर सफलता

### महिला के कॉमन बाइल डक्ट सिस्ट का सफल ऑपरेशन

55 वर्षीय महिला को कोलिडोकल सिस्ट नामक एक जन्मजात और दुर्लभ बीमारी थी। इस बीमारी की वजह से मरीज के कॉमन बाइल डक्ट का एक हिस्सा असामान्य रूप से फूलकर थैली जैसा बन गया था। इससे पित्त आंत तक नहीं पहुंच पा रहा था और मरीज को लगातार पीलिया, पेट दर्द, उल्टी, बुखार और संक्रमण जैसी समस्याएं हो रही थी। जांच में यह पाया गया कि मरीज की बाइल डक्ट का एक बड़ा हिस्सा फैलकर सिस्ट के रूप में बदल चुका था। स्थिति गंभीर होती जा रही थी, इसलिए सर्जरी ही स्थायी समाधान था। डॉ प्रमोद वर्मा ने बताया कि सूजी हुई बाइल डक्ट (कोलिडोकल सिस्ट) को पूरी तरह हटाया गया। इसके बाद लिवर से निकलने वाली स्वस्थ पित्त नलियों को छोटी आंत के पहले हिस्से (डुओडिनम) से जोड़ दिया गया। इससे पित्त का प्राकृतिक प्रवाह पुनः स्थापित हो जाता है।

### सीबीडी से निकाले दो सेंटीमीटर के 10 स्टोन

बीएमएचआरसी के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में 60 वर्षीय महिला की लैप्रोस्कोपिक सीबीडी (कॉमन बाइल डक्ट) एक्सप्लोरेशन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। कॉमन बाइल डक्ट (सीबीडी) वह नली होती है, जो लिवर और गॉल ब्लैडर से बनने वाली पित्त को आंत तक पहुंचाती है। कई बार गॉल ब्लैडर में बनने वाले स्टोन सीबीडी में पहुंचकर रास्ता अवरुद्ध कर देते हैं। इस अवरोध के कारण मरीज को पीलिया हो गया था, क्योंकि पित्त आंत तक न पहुंचकर रक्त में मिलने लगा था। इस मरीज की सीबीडी में लगभग 10 स्टोन फंसे पाए गए, जिनमें से कुछ का आकार दो सेंटीमीटर तक था।

# 3 करोड़ की सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार - ईएनसी ने 4 किमी की खुदवा दी पूरी रोड, फिर से बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में एमपीआरआरडी के अंतगर्त ग्रामीण इलाके में बनी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। ग्रामीण इलाके में निरीक्षण करने पहुंचे ईएनसी विजय गुप्ता सड़क की गुणवत्ता को देखा। गुणवत्ताहीन का काम देखकर पूरी 4 किलोमीटर की सड़क की खुदवा दी। ईएनसी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण में काफी गड़बड़ी हुई है। ठेकेदार को फिर से सड़क बनाने के लिए कहा है।

ईएनसी विजय गुप्ता ने बताया कि एबी रोड-आगरा रोड पर सड़क पर निर्माण किया गया है। शिकायत मिली थी कि निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया था। गुना जिले के ब्लाक बमोरी में 4.8 किमी की सड़क का निर्माण किए जाने के लिए ठेकेदार को काम दिया गया था। उन्होंने बताया कि मैंने बीटी के घटिया कार्य को हटाने और जहाँ आवश्यक हो, सील कोट को दोबारा करने के निर्देश दिए हैं। करीब 3 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण किया गया था।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम्**

क्रमांक/10173 / स्टोर शाखा/2025-26 दिनाक 17/11/25

**ई-निविदा आमंत्रण**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम, एवं अन्य कार्यक्रमों में भोजन, चाय एवं नाश्ता की व्यवस्था करने हेतु ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार निविदा से संबंधित सम्पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन (www.mptenders.gov.in) के माध्यम से राशि प्रति निविदा 1000/- रुपये जमा कर प्राप्त करें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय की भण्डार शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

**दूरभाष क्रमांक 07574-250113**

| | |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा क्र. | :- 10173 |
| निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि | :- 25/11/2025 10:00 बजे से 15/12/2025 18:00 बजे तक |
| निविदा खुलने से पूर्व बैठक की तिथि | :- 01/12/2025 14:00 बजे |
| **कार्यालयीन दिवस एवं समय में** | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :- 02/12/2025 10:00 बजे से 15/12/2025 18:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खुलने की तिथि | :- 17/12/2025 11:00 बजे |
| वित्तीय निविदा खुलने की तिथि | :- Deeide ofter Technical Bid Opening |
| स्थान | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् |

डॉ. नरसिंह गेहलोत
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
नर्मदापुरम्
दूरभाष 07574-252464

जी - 21898/25 स्वच्छा ही सेवा है।


# पैदल नर्मदा परिक्रमावासियों का सहारा बना महाराष्ट्र का गजानन महाराज सेवा संस्थान

## ओंकारेश्वर में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालुओं को मुफ्त भोजन-आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की पवित्र ज्योतिर्लिंग नगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा परिक्रमा करने आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए गजानन महाराज सेवा संस्थान (महाराष्ट्र) वर्षों से पैदल यात्रियों का सहारा बनी हुई है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में परिक्रमावासियों को निःशुल्क भोजन, रहने की सुविधा, प्राथमिक उपचार और यात्रा हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

संस्थान के अनुसार परिक्रमावासी चार दिन तक संस्था में ठहरते हैं। दो दिन परिक्रमा प्रारंभ करने से पहले ओर दो दिन परिक्रमा पूर्ण कर लौटने पर। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन, नाश्ता, चाय, स्वच्छ आवास, चिकित्सकीय सहायता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहती हैं।

### पंजीयन से लेकर प्राथमिक उपचार तक संपूर्ण व्यवस्था

संस्था में आने वाले प्रत्येक परिक्रमावासी का पहले पंजीयन किया जाता है। इसके बाद श्रद्धालुओं को कापी-पेन, फोल्डेबल मेटी (चटाई) सहित छोटी–बड़ी उपयोगी वस्तुएँ दी जाती हैं। संस्था के स्वयंसेवक 24 घंटे उपलब्ध रहकर भोजन वितरण, आवास व्यवस्था तथा स्वास्थ्य संबंधी सहायता का संचालन करते हैं। नर्मदा परिक्रमा सीजन देवऊठनी एकादशी के बाद से मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों सहित देश-विदेश से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुँचते हैं। भारत देश की निवासी अमेरिका के फिलाडेल्फिया मे रहने वाली भारतीय महिला ऊषा का कहना है कि संस्थान द्वारा दी जा रही सेवाएँ परिक्रमावासियों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाह. बाद नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/था.प्र./शाह. बाद/भोपाल-गुम इन्सान क्र. 76/2025 दिनांक 08.11.2025

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाह. बाद भोपाल के गुम इन्सान क्रमाक 76/2025 मे गुमशुदा आकाश पवार पिता गोपाल पवार उम्र 25 साल नि. झुग्गी वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स थाना शाह.बाद भोपाल जिसका हुलिया उम्र करीबन 25 साल रंग सांवला, चेहरा-लम्बा, कद-05 फिट 05 इंच, बदन-पतला, पहनावा - काले रंग टी शर्ट नीले रंग की जीन्स पैन्ट पहना है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस गुमशुदा व्यक्ति के संबन्ध में किसी को कोई जानकारी हो या इसके वह इसके परिजन हो तो थाना शाह. बाद भोपाल में आकर संपर्क करे अथवा दूरभाष नं. 947990579 जांचकर्ता प्र.आर. 3135 राजेश भारती मो.नं. 7049104363 पर तत्काल संपर्क करे।

थाना प्रभारी
थाना शाह. बाद नगरीय
पुलिस भोपाल

जी -21878/25 स्वच्छता ही सेवा



हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6057



**बाएँ से दाएँ**

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 6056 का हल



## सूडोकु नवताल - 6067

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6066 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## राशिफल

**मेष** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** – अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** – कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** – विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** – कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 30.89 मिलियन भारतीयों ने की विदेश यात्रा

**मुंबई।** पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय पर्यटन डेटा संग्रह 2025 के मुताबिक विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या में 10.79 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी हुई है, 2024 में 30.89 मिलियन भारतीयों ने विदेश यात्रा की। टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने पहला फैमिली आईआर प्रपोजिशन, जिसके तहत पेश किए गए। मात्र 285 रु में 40 लाख रु का यात्रा बीमा, मेडिकल एमरजेंसी, बैगेज खोने के साथ सुरक्ष उपलब्ध करा रहा है।

### ध्रुव को 8.73 करोड़ का लेटर ऑफ अपॉइंटमेंट मिला

**मुंबई।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया से कर्नाटक में प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस चरण में इंडिपेंडेंट इंजीनियर के रूप में परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए लेटर ऑफ अपॉइंटमेंट प्राप्त हुआ है। यह अनुबंध 8.73 करोड़ मूल्य का है और 60 माह की अवधि में पूरा किया जाएगा।

### ब्रेस पोर्ट की आय 33.60 करोड़ पहुंची

**नई दिल्ली।** ब्रेस पोर्ट लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 33.60 करोड़ रुपए, एबिटडा 3.68 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 2.50 करोड़ रुपए दर्ज हुई। जबकि कंपनी का सकल मार्जिन 12.93 फीसदी से बढ़कर 17.56 फीसदी हुआ, जिससे 463 बेसिस पॉइंट्स का विस्तार दर्शाया गया।

### रेपोनो की आय में 38 फीसदी वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** रेपोनो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के पहली छमाही के लिए अपने अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इस दरमियान कंपनी की कुल आय 30.72 करोड़, सालाना वृद्धि 37.61 फीसदी, एबिटडा 5.48 करोड़, शुद्ध लाभ 3.23 करोड़ रुपए दर्ज हुई। कंपने के मैनेजिंग डायरेक्टर दिव्येंदु दीपक ने कहाकि उद्योग जब अपनी क्षमता बढ़ाते हैं और सुरक्षा, दक्षता और विशेष हैंडलिंग को प्राथमिकता देते हैं।

### वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस मिला अप्रूवल

**नई दिल्ली।** वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया से अपने इक्विटी शेयरों को एनएसई के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट करने के लिए इन-प्रिंसिपल अप्रूवल प्राप्त हुआ है। यह मंजूरी कंपनी की ओर से सभी नियामकीय आवश्यकताओं और आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के अधीन है। वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस एक इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशंस कंपनी है, जो पब्लिक रिलेशंस, डिजिटल कम्युनिकेशन, क्रिएटिव स्ट्रैटेजी और रेप्यूटेशन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में विभिन्न ब्रांड्स के साथ काम करती है।

### देव आईटी की कुल आय 92.64 करोड़ दर्ज

**मुंबई।** देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 49.18 करोड़, एबिटडा 3.82 करोड़, एबिटडा मार्जिन 7.76 फीसदी, निवल लाभ 71.88 करोड़ रुपए दर्ज हुई।

### कॉमेडी-हॉरर फिल्म 28 को होगी रिलीज

**मुंबई ।** सोशल मीडिया की लोकप्रियता के पीछे भागती नई पीढ़ी की बेचैनी और वैलिडेशन की भूख पर व्यंग्य करती कॉमेडी-हॉरर फीचर फिल्म 'आत्माराम लाइव' इस महीने दर्शकों के बीच आने को तैयार है। पहली बार निर्देशन की कमान संभाल रहीं निहारिका साहनी ने इस कहानी को लिखा और निर्देशित किया है। निहारिका बताती हैं, हम फेस्टिवल की टाइमलाइन पूरी नहीं कर पाए, इसलिए अब 28 को थिएटर रिलीज़ के लिए तैयार है।

# वीआईटी ने हासिल किया भारत में 7वां और वैश्विक स्तर 352वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेल्लोर

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, सस्टेनेबिलिटी 2026 में भारत में 7वां और वैश्विक स्तर पर 352वां स्थान हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पर्यावरणीय प्रभाव श्रेणी में, वीआईटी ने वैश्विक स्तर पर 194वां स्थान प्राप्त करके अपनी और भी विशिष्ट पहचान बनाई है। 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंगः सस्टेनेबिलिटी 2026 क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा जारी की गई है।

इस समर्पित सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में- जो क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का हिस्सा है - संस्थानों का मूल्यांकन आठ प्रदर्शन मानदंडों के आधार पर किया जाता हैः समानता, ज्ञान का आदान-प्रदान, शिक्षा का प्रभाव, रोजगार और अवसर, स्वास्थ्य और कल्याण, पर्यावरणीय स्थिरता, पर्यावरणीय शिक्षा, पर्यावरणीय अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव' वीआईटी ने कुल मिलाकर 74.9 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे यह विश्व स्तर पर 352वें और भारतीय संस्थानों में 7वें स्थान पर पहुंच गया है।

**सस्टेनेबिलिटी 2026 में वैश्विक स्तर पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग**




### यह एक महत्वपूर्ण छलांग है और प्रतिबद्धता का प्रमाण है

*विश्वविद्यालय ने विशेष रूप से सामाजिक प्रभाव, पर्यावरणीय प्रभाव और शासन की तीन श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पर्यावरणीय प्रभाव में वीआईटी का 78.1 का स्कोर एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिससे इसे विश्व स्तर पर 194वीं रैंक प्राप्त हुई है। यह एक महत्वपूर्ण छलांग है - क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2025 में वैश्विक स्तर पर 396वें स्थान से 2026 में 352वें स्थान पर, यानी 44 स्थानों की ऊपर की छलांग। 2026 के संस्करण में 106 देशों और क्षेत्रों के 2,000 से अधिक विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया। वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि वैश्विक शीर्ष 400 में स्थान प्राप्त करना - वीआईटी द्वारा प्राप्त अब तक की सर्वोच्च स्थिरता रैंकिंग - पर्यावरणीय जिम्मेदारी, अनुसंधान उत्कृष्टता और सामाजिक कल्याण के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है*

## भोपाल वैश्विक नॉलेज–सिटी लीग में शामिल

# सत्तर वर्षों बाद राजधानी को 3,707 एकड़ एजू-सिटी और न्यू टेक कॉरिडोर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

3,707 एकड़ के'भोपाल एजू-सिटी' का एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट राजधानी के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है। पिछले लगभग सत्तर वर्षों में भोपाल ने राजधानी की प्रशासनिक जिम्मेदारियां तो निभाईं, परंतु उसे वह आर्थिक9तकनीकी दृष्टि कभी नहीं मिली,लेकिन अब पहली बार वह दिशा स्पष्ट दिखाई दे रही है।

सरकार का यह निर्णय भोपाल विश्व के उन चुनिंदा शहरों की कतार में खड़ा हो गया है, जहां अगली पीढ़ी के नॉलेज और एआई सिटीज विकसित किए जा रहे हैं जैसे सिंगापुर का 'वन-नॉर्थ', अबू धाबी का 'मसदर–स्टारगेट क्लस्टर', और शेनझेन के इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट। यह शहर आने वाले 30-40 वर्षों की तकनीकी–आर्थिक क्रांति के लिए बनाए जाते हैं आज भोपाल उसी भविष्य की तैयारी कर रहा है। यह बात 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज मीक ने कही। उन्होंने कहाकि 'कमाल का भोपाल' अभियान ने पिछले एक वर्ष में लगातार इस बात पर जोर दिया है कि राजधानी को एक बड़े पैमाने की इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट- जिसमें उच्च शिक्षा, अनुसंधान, स्टार्ट-अप, क्लीन कंप्यूट, क्वांटम व एआई क्लस्टर, और सतत शहरी विकास एकीकृत हों, की आवश्यकता है। यह देखकर विनम्र संतोष होता है कि आज सरकार की 3,707 एकड़ की यह योजना उसी नागरिक-विजन की गूंज है।

### एजू-सिटी और बीएचईएल रीजन बना सकते हैं राजधानी के लिए दोहरे विकास का अक्ष

*भेल टाउनशिप की विशाल रिक्त भूमि का भविष्य भी समान रूप से महत्वपूर्ण है - यह केंद्र में स्थित हजारों एकड़ का टेक–इंडस्ट्रियल क्षेत्र आज भी पुनर्पयोग के लिए उपलब्ध है। एजू-सिटी और बीएचईएल रीजन मिलकर राजधानी के लिए दोहरा विकास-अक्ष बना सकते हैं- एक ज्ञान और नवाचार द्वारा संचालित, दूसरा क्वांटम, एआई, क्लीन कंप्यूट और स्मार्ट इंडस्ट्रीज़ के माध्यम से। 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज मीक कि कमाल का भोपाल' अभियान इस घोषणा का स्केल, उसकी व्यापकता और उसकी टाइमलाइन यह दर्शाती है कि नागरिक-विजन और शासकीय दूरदृष्टि किस सुंदरता से एक-दूसरे से जुड़ सकती हैं।*

## ब्राइडल, मेंस और किड्स- पूरे परिवार के लिए स्टाइलिश विकल्प एक ही जगह

# मनजीत कलेक्शन ने लांच किया 2025 का सबसे ग्लैमरस वेडिंग कलेक्शन

**»** ***भारतीय परंपरा और आधुनिक रॉयल लुक - दोनों का शानदार मिश्रण है। वेडिंग कलेक्शन में क्वालिटी, ट्रेंड और किफ़ायती दाम पर***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर का विश्वसनीय और प्रतिष्ठित फैशन डेस्टिनेशन मनजीत कलेक्शन इस वेडिंग सीजन अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है नया और ट्रेंड-सेटिंग वेडिंग कलेक्शन। पिछले 30 वर्षों से परिवारों की पहली पसंद रहा यह शोरूम अब और भी भव्य विकल्पों के साथ ग्राहकों को शानदार अनुभव प्रदान कर रहा है। नए कलेक्शन में दुल्हनों के लिए रॉयल ब्राइडल लहंगे, रिंग सेरेमनी के लिए एलिगेंट इवनिंग गाउन, पार्टी वियर सलवार सूट, इंडो-वेस्टर्न, शरारा, प्लाजो, अनारकली और डिजाइनर साड़ियों की प्रीमियम रेंज शामिल है। साथ ही विभिन्न शैलियों में सिल्क साड़ियों की खास श्रृंखला भी उपलब्ध है। मेन्स कलेक्शन में दूल्हों के लिए शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न डिज़ाइन, कोट-सूट, जोधपुरी और कुर्ता-पायजामा जैसे डैशिंग विकल्प मौजूद हैं। वहीं बच्चों के लिए भी एथनिक और कैजुअल वियर का लेटेस्ट सेलेक्शन उपलब्ध है, जिससे फैशन में पूरा परिवार एक जैसा चमके ! अपने नए ग्लैमरस कलेक्शन के बारे में जानकारी देते हुए मनजीत कलेक्शन के डायरेक्टरनिरंजन कामदार ने बताया कि ₹इस बार हर दुल्हन और दूल्हे के लिए हम कुछ ऐसा हैं जो भारतीय परंपरा और आधुनिक रॉयल लुक - दोनों का शानदार मिश्रण है। हमारे इस वेडिंग कलेक्शन में क्वालिटी, ट्रेंड और किफ़ायती दाम - तीनों का बेहतरीन संतुलन मिलेगा। हमारा प्रयास है कि हर परिवार अपनी वेडिंग शॉपिंग को यहाँ से यादगार बनाए। 10 नं. मार्केट स्थित मनजीत कलेक्शन का विशाल शोरूम सप्ताह के सभी दिन खुला रहता है और ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है।




## जोमैटो-स्विगी के एकाधिकार को देंगे चुनौती

# फूड डिलीवरी के लिए रैपिडो और मैजिकपिन ने की साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जोमैटो और स्विगी की फूड डिलीवरी में बनी एकाधिकार की स्थिति को चुनौती देने के लिए मैजिकपिन और रैपिडो ने हाथ मिलाया है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि मैजिकपिन और रैपिडो ने साझेदारी की है, जिसके तहत देश का तीसरा सबसे बड़ा फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म मैजिकपिन अपने देशभर में रेस्तरां नेटवर्क को रैपिडो की ओनली एप से जोड़ेगा। इस साझेदारी में रैपिडो को मैजिकपिन के बड़े रेस्तरां नेटवर्क का फायदा मिलेगा। रैपिडो ने अगस्त में ओनली एप लांच किया था और अब वह बंगलूरू में अपने काम को आगे बढ़ाना चाहता है। जब रेस्तरां को प्लेटफॉर्म से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तब रैपिडो की ओनली एप देशभर में 80 हजार से ज्यादा रेस्तरां से जुड़ जाएगी। वहीं दूसरी ओर, कुछ चुनिंदा इलाकों में मैजिकपिन भी रैपिडो की डिलीवरी टीम का उपयोग कर पाएगा।



फूड डिलीवरी

### साझेदारी चुनौतीपूर्ण

*इसके साथ ही दोनों कंपनियों को ब्रांड और रेस्तरां के साथ मजबूत संबंध बनाने होंगे, क्योंकि कई रेस्तरां पहले ही कई डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ काम कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का भरोसा जीतना भी एक बड़ी चुनौती है। जोमैटो और स्विगी के पास वर्षों से बना मजबूत भरोसा और तेज सेवा का रिकॉर्ड है, जिसका सामना करना इस नई साझेदारी को चुनौतीपूर्ण होगा।*

# सांची परिवार ने दुग्ध उत्पादक की बेटियों की शादी में सौंपा 'मायरा'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने राजगढ़ और सीहोर जिले के सांची दुग्ध उत्पादक किसान की दो बेटियों रूकमणि और रितु के शुभ विवाह में 'सांची मायरा' (भात) का थाल सौंपा है। सौंपे गए थाल में 11-11 हजार रूपए नगद, उपहार रूवरूप साड़ियां, कपड़े, सांची गिफ्ट पेक, फल-श्रीफल व मिठाईयां शामिल है।

गौरतलब है कि सांची मायरा' योजना की शुरूआत 1 नवंबर 2025 सीहोर जिले से की गई थी, जो निरंतर जारी है। सांची मायरा योजना का उद्देश्य यही है कि दुग्ध समिति सदस्यों को उच्चतम क्रय दर के साथ उनके दुख एवं सुख में हमेशा साथ खड़े है, ताकि दुग्ध उत्पादक किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।



शुभ विवाह

### » बेटियों से जोड़ा अटूट बंधनः सीईओ जोशी

सीईओ प्रीतेश जोशी ने बताया कि सांची मायरा योजना से दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों के परिवार का सांची परिवार से जोड़ने वाला एक अटूट बंधन है। दुग्ध उत्पादकों से सांची परिवार का रिश्ता केवल व्यावसायिक नहीं बल्कि भावनात्मक भी है। जोशी ने बेटियों को वैवाहिक जीवन मंगलमय की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी बेटियां जिस परिवार में भी जाएं, वहां पर भी दुग्ध संघ परिवार से जुडने के लिए सभी को प्रेरित करें। राजगढ़ की दुग्ध समिति कुराबर के सदस्य गजराज सिंह राजपूत की सुपुत्री रूकमणि और जिला सीहोर, बैरागढ़ खुमान के सदस्य दीनदयाल दास की सुपुत्री रितु ने सांची परिवार का मायरा स्वीकार करते हुए कहा कि सांची, हमारे मामा का घर है। मामा का यह उपहार हमारे ग्रहस्थ जीवन के प्रवेश होने का आर्शीवाद है।



प्रीतेश जोशी

## बिजनेस न्यूज

### छात्रों की प्रतिभा को बढ़ावा देने सेंट मोंटफोर्ट में आयोजित हुआ वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम



**भोपाल।** सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय सीनियर सेकेंडरी पटेल नगर भोपाल के प्रांगण में सायं 5 बजे से विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था । इस आयोजन में कक्षा छठवीं से लेकर नवमीं तक के छात्रों में बढ़-चढ़कर भाग लिया । इस रंगारंग शाम में रंग भरने एवं सरावोर होने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शुभेन्द्र कट्टा आई.आर.एस.पुलिस अधीक्षक सीबीआई मुख्य ब्रांच भोपाल पधारे। साथ ही सेंट मोन्टफोर्ट संस्था के प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर टी.एलेक्स विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । इसी श्रृंखला में वरिष्ठ एवं अन्य विशेष अतिथियों के रूप में संस्था के ब्रदर्स ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ से मुक्त अतिथि विशेष अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया । कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि सुरेंद्र कट्टा, विशेष अतिथि प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर टी. एलेक्स , विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनांचन केक और अभिभावकों की तरफ से विशेष अतिथि के रूप में अस्मिता पदमानी के कर कमलों द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अंतिम कढ़ी में विद्यालय के सहायक हेड बॉय मास्टर अबीर चौबे कक्षा ग्यारहवीं द एवं विद्यालय की हेड गर्ल मिस कनक अग्रवाल 12वीं ( स) ने सभी अतिथियों को अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया ।

### एलएनसीटी समूह में 'डिस्कवर द अर्जुन इन यू' विषय पर सेमिनार



**भोपाल।** एलएनसीटी समूह के भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग द्वारा एक प्रेरणादायी उद्बोधन एवं इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया जिसका विषय डिस्कवर द अर्जुन इन यू था । कार्यक्रम का शुभारंभ एलएनसीटी एंड एस, एलएनसीटी समूह के जगदीश चंद्र बोस ने किया। इसके पश्चात अतिथियों प्रो. सतीश मोध, प्रो.वाइस चांसलर और डीन , सोमैया विद्याविहार यूनिवर्सिटी, मुंबई , अशोक पांडे , प्रांत संघचालक, मध्य भारत एवं सेवानिवृत न्यायधीश , वीवी एस मूर्ति , वरिष्ठ अधिवक्ता का पौधे, शाल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर आत्मीय अभिनंदन जे एन चौकसे , चेयरमैन एलएनसीटी समूह एवं डॉ. अनुपम चौकसे , सचिव एलएनसीटी समूह ने किया। प्रो. सतीश मोध ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से गीता के श्लोकों की व्याख्या करते हुए, उनमें छिपे गूढ़ अर्थों को समझाया। जेएन चौकसे, चेयरमैन एलएनसीटी समूह ने सभी शिक्षकों, कर्मचारीयों, स्टूडेंट्स से आह्वान किया कि वे यहां से सीखी बातों को अपने साथियों से भी शेयर करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

### सेंट्रल बैंक ने 80 करोड़ के स्वीकृति पत्र एमएसएमई ग्राहकों दिए



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एमएसएमई मेगा क्रेडिट आउटरीच अभियान का सफल आयोजन एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज, मंडीदीप में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीके अर्जवानी, जीएम कॉरपोरेट, सीए एवं आईडी उपस्थित रहे। साथ ही भोपाल क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख संजीव कुमार सहित एमएसएमई ग्राहकों ने भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में लगभग 80 करोड़ के स्वीकृति पत्र एमएसएमई ग्राहकों को प्रदान कर किया गया, जिससे उपस्थित उद्योग जगत में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। इस मौके पर एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के जनरल सेक्रेटरी नीरज जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक तथा क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य प्रबंधक सौरभ मेहता, मैनेजर मनीष बस्तवार एवं मार्केटिंग अधिकारी साक्षी श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्रमुख संजीव कुमार ने बैंक की योजनाओं और उनके लाभों पर प्रकाश डाला।

### अशोका यूनिवर्सिटी ने नया डिप्लोमा किया लांच एडमिशन शुरू

**नई दिल्ली ।** अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप (वाईआईएफ) के 16वें बैच, सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अशोका यूनिवर्सिटी 2026-27 बैच के सभी चयनित फेलोज को स्कॉलरशिप प्रदान करेगी। यह सुविधा एचडीएफसी बैंक के उदार सहयोग से संभव हो पाई है। अशोका यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के संस्थापक और चेयरपर्सन प्रमथ राज सिन्हा ने कहाकि अशोका की शुरुआत यंग इंडिया फेलोशिप से हुई थी, इसलिए इसका विश्वविद्यालय में बेहद खास स्थान है। अशोका यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर सोमक राय चौधरी ने कहाकि यंग इंडिया फेलोशिप ने विश्वविद्यालय में ऐसे नेताओं को तैयार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

### नाबार्ड और आईएएमएआई ने की ग्रामीण नवाचार को बढ़ावा देने अर्थ समिट आयोजित

**नई दिल्ली।** राज्य सरकार द्वारा सिंचाई, डिजिटल फसल रिकॉर्ड और फसल कटाई के बाद की व्यवस्था में किए जा रहे निवेश से ग्रामीण परिवारों का भरोसा फिर से वापस लाने में मदद मिल रही है। ये कदम दर्शाते हैं कि हमारी सरकार किसानों के साथ सिर्फ मुश्किल के समय ही नहीं, बल्कि उनकी रोज़मर्रा की प्रगति और खुशहाली की यात्रा में भी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। यह बात अर्थ समिट 2025-26 के संस्करण के उद्घाटन सत्र में 'टुवड्र्स एन इन्क्लूसिव इकोनॉमिक फ्यूचर- एम्पावरिंग रूरल इंडिया थ्रू रिफॉर्म एंड इनोवेशन' विषय पर तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का मल्लू ने कही। उन्होंने कहाकि तेलंगाना में हमारे सभी प्रयास डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, एग्रीटेक, फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा और इनक्यूबेशन नेटवर्क समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। नाबार्ड के चेयरमैन शाजी केवी ने कहाकि ग्रामीण वित्त 2.0 की संरचना नाबार्ड द्वारा तैयार की जा रही है और आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था डिजिटल रियल-टाइम किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़ी होगी और कर्ज देने की प्रक्रिया कागजी फाइलों के बजाय डेटा के आधार पर की जाएगी।

### मेंटल हेल्थ स्टार्टअप 'गिव मी फाइव' ने लांच किया एप

**भोपाल।** ऑस्ट्रेलियाई साइकोलॉजिकल वेलनेस स्टार्टअप गिव मी फाइव ने लगभग 30 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया और अपना जीएम5बीटा ऐप लॉन्च किया। यह ऐप रोजाना की मानसिक सेहत की जांच और ट्रैकिंग के लिए पूरी तरह गोपनीय, सुरक्षित और आसान प्लेटफॉर्म है। व्यक्तिगत लक्ष्यों के आधार पर मनोवैज्ञानिक जरूरतों की कस्टमाइज्ड जांच, आपातकाल में एक टैप पर एसओएस कॉन्टैक्ट, पूरी तरह एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन, सरल भाषा में मार्गदर्शन, व्यक्तिगत वेलनेस सेफ्टी प्लान और ऑफलाइन एक्सेस अपने चुने हुए सपोर्ट नेटवर्क तक।

### एनआईएस मैनेजमेंट का मुनाफा 13 फीसदी बढ़ा

**कोलकाता।** एनआईएस मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 214.89 करोड़, एबिटडा 16.73 करोड़, निवल लाभ 10.22 करोड़ रुपए के अलावा 204.69 करोड़ रुपए की कुल आय हुई। एबिटडा 13.95 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 9.121 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी प्रबंध निदेशक देबाजीत चौधरी ने कहा कि नेट प्रॉफिट में वृद्धि संचालन अनुशासन, लागत दक्षता, और सुरक्षा, फेसिलिटी मैनेजमेंट, सुरक्षा समाधानों मेंसेवा मिश्रण को बेहतर बनाने पर निरंतर फोकस को दर्शाती है।

# नीति आयोग और जनाग्रह ने 'सिटी डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म' की शुरुआत की




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

नीति आयोग ने जनाग्रह के साथ मिलकर सिटी डेटा ऐंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (सीडीएपी) शुरू किया। यह भारत में शहरों के डेटा के लिए एक इंटीग्रेटेड प्लेटफ़ॉर्म है। नीति आयोग के नेशनल डेटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (एनडीएपी) पर छोटी माइक्रोसाइट, सीडीएपी का मकसद डेटा पर आधारित शहरी नीति निर्माण को बढ़ावा देना है। सीडीएपी की शुरुआत भोपाल में आयोजित नीति आयोग के डेटा फोरम 2025 के पहले सत्र में मध्य प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी, अनुराग जैन ने की।

नीति आयोग के प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर और प्रोग्राम डायरेक्टर अन्ना रॉय ने उद्घाटन संबोधन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनाग्रह के सीईओ श्रीकांत विश्वनाथन ने इस प्लेटफॉर्म का परिचय दिया। उद्घाटन के अवसर पर वल्ड बैंक के सीनियर इकोनॉमिस्ट थॉमस डेनियलविट्ज और मध्य प्रदेश सरकार के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट) संजय कुमार शुक्ला भी मौजूद थे। आगंतुकों में राज्य के सीनियर अधिकारी, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, एकेडेमिया, रिसर्चर और इंटरनेशनल एक्सपर्ट भी शामिल थे।

आनंद अय्यर, चीफ पॉलिसी एंड इनसाइट्स ऑफिसर, जनाग्रह ने कहाकि सीडीएपी हमारे शहरों की बिखरी हुई व्यवस्था में अलग-अलग जगहों पर पड़े डेटा को एक साथ लाएगा, ताकि लोगों की जीवन-गुणवत्ता बेहतर करने जैसे सामान्य लक्ष्य पूरे किए जा सकें। अलग-अलग डेटासेट्स को जोडक़र और उन्हें नक्शे पर दिखाकर जो उपयोगी जानकारी मिलती है, वही वास्तविक होती है और बेहतर फैसले लेनेमें मदद करती है। 2050 तक भारत की शहरी आबादी 80 करोड़ से ज्यादा होने की उम्मीद है। शहर अभी देश की जीडीपी में 63 रत्न योगदान देते हैं, जो 2040 तक बढ़कर 75 फीसदी होने का अनुमान है। भारत के शहरों को बेहतर तरह से आगे बढ़ाने और लोगों को अच्छी जीवन गुणवत्ता देने के लिए जरूरी है कि फैसले सटीक, भरोसेमंद और एक जगह जुड़े हुए डेटा के आधार पर लिए जाएं।

## चिंतन

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुईं। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की और बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।



**जन्म शताब्दी वर्ष**
अजय कुमार श्रॉफ

> श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने ' सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज़ परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज़्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



**शहीदी दिवस**
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज

# सनातन संस्कृति की रक्षा में समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगज़ेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।


औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का। मनुष्य को परमार्थ चिंतन के लिए सचेत करते हुए गुरुजी लिखते हैं कि- 'बिरद पयो सूजै नहीं, काल पहुँचियो आन। कहो नानक नर बावरे, क्यों न भजै भगवान।' अर्थात बुढ़ापा आने पर तथा मृत्यु निकट आने पर भी वे मनुष्य पागल हैं जो ईश्वर का भजन नहीं करते। गुरु तेग बहादुर महान निडर, दयावान योद्धा होने के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिंतक थे। सर्वोत्तम बलिदान के प्रतीक तेग बहादुर की शौर्य गाथा सिख समाज और हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा पुंज के समान है।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम




संकलित
**दर्शन**

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

# गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
**प्रेरणा**

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## सटाका




## आज की पाती


### वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा

दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर देने के हमारे प्रयास ने इस वर्ष की शुरुआत में हैम्बर्ग में एक बैठक के लिए अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं - को एकत्रित किया। इस सवाल का जवाब ढूंढने की हमारी कोशिश ने इस साल की शुरुआत में हैम्बर्ग में अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं- की एक बैठक बुलाई। महीनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, इस सप्ताह इसके निष्कर्ष प्रकाशित हुए, जिसमें यह परिणाम निकाला गया कि मानवता 'सीमाओं से परे जी रही है'। 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर चरम जलवायु घटनाएं, जैसे सूखा, बाढ़, आग और गर्म लहरों की संख्या बढ़ती हैं।



## ऑफ बीट

### क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।



## ट्रेंड

### जापान से साझेदारी



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मज़बूत साझेदारी ज़रूरी है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सिंधी समाज का हक



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### देशभर में अफरा-तफरी



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागज़ों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### प्रदूषण नियंत्रण



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## एसआईआर प्रक्रिया से बंगाल में मची भगदड़

# दहशत से हाकिमपुर बॉर्डर पर उमड़ी अवैध बांग्लादेशियों की भीड़

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हाकिमपुर बीएसएफ चौकी के पास एक कच्चे, धूल भरे रास्ते पर शनिवार को असामान्य सी हलचल दिखी। बरगद के पेड़ की छांव तले, छोटे बैग लिए परिवार, बच्चों के हाथों में पानी की बोतलें, और चुपचाप बैठे पुरुष- सब एक ही विनती दोहराते दिखे- 'हमें घर जाने दीजिए।' ये वे लोग हैं जिन्हें सुरक्षा एजेंसियां 'अवैध बांग्लादेशी निवासी' बता रही हैं, ऐसे लोग जिन्होंने वर्षों तक पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में रहकर काम किया, पहचान पत्र बनवाए, और अब अचानक वापस लौटने की कोशिश में हैं। इस असामान्य उलटी पलायन बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सख्त जांच के कारण सामने आया है।

घुसपैठिए 'हमें घर जाने दीजिए' की जिद पर अड़े

सख्त जांच-पड़ताल से पूरे बंगाल में अफरा-तफरी


बंगाल से सामान लेकर पलायन करते बांग्लादेशी घुसपैठिए

### अब डर लग रहा, वापस जाना ही ठीक

खुलना जिले की रहने वाली शाहिन बीबी अपने छोटे बच्चे के साथ सड़क किनारे इंतजार कर रही थीं। वो न्यू टाउन, कोलकाता में घरों में काम करके 20,000 रुपए महीना कमाती थीं। उन्होंने साफ कहा कि हम गरीबी के कारण आए थे। दस्तावेज ठीक नहीं थे।

### कतार तंबू बन गई, सड़क इंतजारगाह

बीएसएफ के अनुसार हर दिन 150–200 लोग पकड़े जा रहे हैं और जांच के बाद उन्हें 'वापस भेजा' जा रहा है। एसआईआर शुरू होने के बाद से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। सभी लोगों के बायोमीट्रिक डेटा लेकर पुलिस और प्रशासन को भेजा जाता है। भीड़ ज्यादा होने पर दो-तीन दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।

### 20,000 रुपए में कागज बनवाए

ढुलागोरी की फैक्टरी में काम करने वाले 29 वर्षीय मनीरुल शेख बताते हैं, हमने 5,000 से 7,000 रुपए देकर भारत में एंट्री ली थी। लेकिन कागज बनवाने में 20,000 रुपए तक खर्च हो गया। अब एसआईआर की जांच से सब डर गए हैं।

### 'सर' एक सोची-समझी चाल

कांग्रेस ने अलग-अलग राज्यों में मतदाता सूची के एसआईआर के काम में बीएलओ की मौत का मुद्दा उठाया है। लोकसभा में विपक्ष के




नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है कि मतदाता सूची के एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा दी गई है। राहुल ने भाजपा पर हमला बोला और कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया एक थोपा गया जुल्म और लोगों को परेशान करने की सोची-समझी चाल है।

कांग्रेस का केंद्र पर हमला

### नोटबंदी और लॉकडाउन की तरह ही एसआईआर जल्दबाजी में लागू किया

अलग-अलग राज्यों में कुछ बूथ लेवल अफसरों की मौत की खबरें



सामने आई हैं। कांग्रेस ने इसे लेकर सरकार पर आरोप लगाया कि काम का बोझ बी ए ल ओ और पोलिंग अफसरों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। कांग्रेस ने दावा किया कि एसआईआर को जल्दबाजी में लागू किया गया और ये नोटबंदी और लॉकडाउन के फैसलों की याद दिलाता है।

## खबर संक्षेप

### 98 लाख का सोना लेकर कारीगर हो गया फरार

**मेरठ।** देहली गेट थाना क्षेत्र में नील की गली के सराफा व्यापारियों का 770 ग्राम सोना लेकर एक कारीगर



फरार हो गया। कारीगर मूल रूप से बंगाल के विक्रमपुर, थाना देवरा और वर्तमान में ब्रह्मपुरी निवासी श्याम सुंदर है। श्याम परिवार सहित गया है और यहां किराए का मकान खाली छोड़ गया है। पुलिस अब पड़ताल कर रही है।

### 400 करोड़ की जीएसटी चोरी, 2 गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** नौकरी और लोन दिलाने के नाम पर बेरोजगारों के दस्तावेज के सहारे 2 मोबाइल नंबर



पर 144 फर्जी फर्म बनाकर करीब 400 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में एसआईटी ने मास्टर माइंड इखलाक और इत्तेहात आलम को गिरफ्तार कर लिया। 1 मोबाइल फोन, 8 एटीएम कार्ड, 3 आधार बरामद किया है।

### वांगचुक की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी की अर्जी पर



सुनवाई करेगा। वांगचुक की पत्नी ने शीर्ष अदालत में बताया कि उनके पति को कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखना गैर-कानूनी है और यह उनके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक मनमाना कदम है।

### 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' पर बैन

**पणजी।** गोवा में क्रिसमस के दौरान 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' आयोजित करने का



ऐलान हुआ था, जिसे लेकर जमकर बवाल हुआ। बढ़ते विरोध को देखते हुए गोवा पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और आयोजकों को कार्यक्रम रद्द करने का निर्देश दे दिया। इसे 25 से 28 दिसंबर तक होना था।

## चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बवाल

# चंडीगढ़ पर हम कोई विधेयक लेकर नहीं ला रहे, केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बना रहे

### सत्ताधारी आप के साथ ही कांग्रेस ने किया इसका विरोध


गृहमंत्री अमित शाह

गृह मंत्रालय ने दी सफाई

पंजाब सरकार ने गंभीर परिणाम होने की चेतावनी


नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृहमंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब सरकार ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि कांग्रेस ने भी इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी है। इसी बीच गृह मंत्रालय सामने आया है और पूरे मामले पर सफाई दी है।

गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है और चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। संसद की तरफ से जारी इस बुलेटिन के सामने आने के बाद पंजाब में राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब से चंडीगढ़ छीनने की कोशिश कर रही है।

### आर्टिकल 240 क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 उन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से जुड़ा है जिनके पास अपनी कोई विधायिका नहीं होती। इस सूची में वर्तमान में अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली आदि आते हैं। अगर नया विधेयक पारित हो जाता है, तो चंडीगढ़ भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दूसरे शब्दों में चंडीगढ़ में एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जाएगा।

### चंडीगढ़ की जिम्मेदारी फिलहाल राज्यपाल के पास

फिलहाल पंजाब के राज्यपाल ही चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य करते हैं। राजधानी भले ही संयुक्त हो, लेकिन प्रशासनिक शक्ति लंबे समय से पंजाब के राज्यपाल के पास रही है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और प्रशासक की नियुक्ति केंद्र के स्तर से की जाएगी।

### गृह मंत्रालय ने कहा- पंजाब-हरियाणा में समझौता जारी रहेगा

गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सरकार फिलहाल सिर्फ कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान करने पर विचार कर रही है और प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। चंडीगढ़ के गवर्नर और उसके एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। चंडीगढ़ का जो पारंपरिक समझौता वर्षों से चला आ रहा है, वह जैसा है वैसा ही जारी रहेगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा और चंडीगढ़ के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने यह भी साफ कर दिया कि इस विषय पर किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

ये बोले नेतागण

### बिल से जुड़े फैसलों के लिए शाह से करेंगे बातः जाखड़

केंद्र सरकार द्वारा चंडीगढ़ पर लाए जाने वाले प्रस्ताव को लेकर पंजाब भाजपा चीफ ने सुनील जाखड़ ने अने कहा कि वह इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे चाहते हैं कि इस बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए।

### अधिकारों पर सीधा हमला किया जा रहाः मान

चंडीगढ़ को लेकर केंद्र के प्रस्तावित संविधान संशोधन बिल ने पंजाब की सियासत में भूचाल ला दिया है। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले ही इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पंजाब के दल इसे अपने अधिकारों पर सीधा हमला मान रहे हैं।

### राजनीति चमकाने विपक्ष कुछ भी बोल रहाः भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि बिल चंडीगढ़ में नई व्यवस्थाओं के लिए सुविधाजनक बदलाव के तौर पर लाया जा रहा है। सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए विरोध कर रहे हैं।

## कर्नाटक में कुर्सी पर सियासी बवाल


कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मिलते सीएम सिद्धारमैया

### सिद्धारमैया ने खरगे से की मुलाकात बोले-फैसला सभी को मानना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को बेंगलुरु में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। बैठक के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि चर्चा पार्टी संगठन, स्थानीय निकाय चुनावों और आगामी जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों को लेकर हुई। मंत्रिमंडल के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। नेतृत्व परिवर्तन सिर्फ़ अटकलें हैं और यह मीडिया की उपज है। सिद्धारमैया ने कहा कि विधायकों को जाने दीजिए, लेकिन आलाकमान जो भी कहेगा, हम सभी को उसे मानना होगा। चाहे मैं हूं या डीके शिवकुमार। कब कोई फैसला लेगा, इस पर सिद्धारमैया ने कोई वादा नहीं किया।

### मंत्री ने मुख्यमंत्री के तौर पर किया दावा

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को साफ संकेत दिया कि



अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। लंबे समय से चली आ रही 'दलित मुख्यमंत्री' की मांग के बीच उनका यह बयान राजनीतिक हलचल को और गर्म कर गया है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी तक कांग्रेस हाईकमान की ओर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई आधिकारिक चर्चा नहीं हुई है, न ही पार्टी आलाकमान ने इस विषय पर कोई संकेत दिया है और न ही कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) में यह मुद्दा उठा है।

### कुमारस्वामी ने साधा निशाना



इस पर एनडीए कांग्रेस पर हमलावर है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विस्फोटक राजनीतिक घटनाक्रम की चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि यह कहना असंभव है कि राजनीति में कौन क्या निर्णय लेगा? यहां अप्रत्याशित और विस्फोटक घटनाक्रम होंगे।

## नागपुर में मामला दर्ज किया

# आईआईएम छात्र की हिट एंड रन हादसे में मौत, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में शनिवार रात एक सड़क हादसे में आईआईएम नागपुर के छात्र की मौत हो गई। पुलिस के



अनुसार घटना रात करीब 9:30 बजे वर्धा रोड पर स्थित मिहान फ्लाईओवर पर हुई। मृतक की पहचान अनुज पाठक (22) के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड का रहने वाला था और आईआईएम नागपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराई और दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी एक राहगीर ने पुलिस को दी है। पुलिस के पहुंचने पर अनुज सड़क पर मृत अवस्था में मिला और उसकी बाइक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हिट-एंड-रन में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।

### क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल



रांची। ईसाई समुदाय के लोग रविवार को रांची में 'ख्रीस्त राजा पर्व' (क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल) पर एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

## बिहार में माताओं के दूध में मिला यूरेनियम

# नवजातों के लिए खतरनाक 6 जिलों में मिले 40 मामले

एजेंसी ▶▶ पटना

नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नई वैज्ञानिक स्टडी ने चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार स्तनपान कराने वाली 40 माताओं के ब्रेस्ट मिल्क के सैंपल में यूरेनियम का अत्यधिक उच्च स्तर पाया गया है। यह अध्ययन पटना के महावीर कैंसर संस्थान की ओर से डॉ. अरुण कुमार और प्रो. अशोक घोष की अगुवाई में किया गया, जिसमें एम्स, नई दिल्ली के बायोकैमिस्ट्री विभाग से डॉ. अशोक शर्मा की टीम भी शामिल थी। अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच किए गए इस शोध में भोजपुर,


फाइल फोटो

समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा की 17 से 35 वर्ष आयु की 40 महिलाओं के ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों का विश्लेषण किया गया। सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) पाया गया, जिसकी मात्रा 0 से 5.25 ग्राम/ लीटर के बीच दर्ज की गई। खगड़िया में औसत स्तर सबसे अधिक, नालंदा में सबसे कम मात्रा पाई गई है।

### पर्यावरणीय स्थिति ने बढ़ाई समस्या

बिहार में पेयजल और सिंचाई के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता, बिना ट्रीटमेंट वाले औद्योगिक अपशिष्टों का निस्तारण और लंबे समय से रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग ने पहले ही जीव वैज्ञानिक नमूनों में आर्सेनिक, लेड और मरकरी जैसी धातुओं का स्तर बढ़ा दिया है। अब ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम की मौजूदगी यह संकेत देती है कि प्रदूषण राज्य की सबसे कमजोर आबादी- शिशुओं तक पहुंच गया है।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में बोले खेर

उनके निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की

# नॉर्मल का उल्टा 'एबनॉर्मल' नहीं होता बल्कि 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' होता है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मशहूर फिल्मकार, अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने अपनी नई निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की। यह फिल्म ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली एक असाधारण लड़की की कहानी है, जो गलत समझे जाने के बावजूद अपने सैन्य अफसर पिता के कदमों पर चलते हुए आर्मी में जाने का सपना पूरा करने को निकलती है। खेर ने बताया कि यह कहानी उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक अनुभवों से गहराई से जुड़ी है। खेर ने कहा कि हम अक्सर 'नॉर्मल' का उल्टा 'एबनॉर्मल' मान लेते हैं, जबकि नॉर्मल का उलट 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' भी हो सकता है।

### शुभांगी ने कहा- मेरे अनुभव को निखारा




फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने खेर के अनुशासित और गहन निर्देशन दृष्टिकोण की तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव को निखारा।

### ऐसे ही प्रोजेक्ट पर काम कर रहे

उन्होंने कहा कि अब वे उन कहानियों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं जो मानवीय सहनशीलता, संवेदनशीलता और जीवन-परिवर्तन को दर्शाती हैं। खेर ने कहा कि वे ऐसे ही प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहेंगे जो मानव भावनाओं के मूल को छूते हों और लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करें।

## अयोध्या स्थित राम मंदिर में कल होगा ध्वजारोहण समारोह

# स्वस्ति वाचन व पुष्प वर्षा से पीएम मोदी की होगी शाही अगवानी

### मुख्य द्वार पर गूंजेगी शंख व घंटा घड़ियाल की ध्वनि

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का रूट तय हो गया है। वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से रामपथ से होते हुए जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। वैदिक परंपरा के अनुसार पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए स्वस्ति वाचन होगा। 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन, संत-महंतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के मध्य प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।


ध्वजारोहण की तैयारियां

### 7 स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होंगे

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों ओर खड़े अयोध्यावासी पुष्पवर्षा के माध्यम से पीएम का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के लिए 12 मंच बनाए जाएंगे। वहां से पुष्प वर्षा की जाएगी। स्वागत पथ पर सात स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होगा। साथ पीएम मोदी का स्वागत होगा।

### संगीत, नृत्य लोक कलाएं भी दिखेंगी

ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन होगा। इस उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संगीत, नृत्य, लोक कलाओं व पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी।

### शास्त्रीय कलाओं की छटा भी देखने को मिलेगी

भजन गायन से लेकर ब्रज की पारंपरिक लोक धुनों तक और प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गायन दल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरों में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। शहनाई, सारंगी, पखावज, बांसुरी, सरोद और सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजन को आध्यात्मिक आभा से आलोकित करेंगी। लोगों को अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। एक ही मंच पर मयूर, राई, फरूवाही, बधावा, अवधी, करमा, ढेढिया भी दिखाई देंगे।

# पंचतत्व में विलीन हुए विंग कमांडर पायलट नमांश, सैन्य सम्मान के साथ नम आंखों से दी विदाई

# रूंधे गले से बोले नमांश के पिता- उसने जिस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया वो जीतकर ही लौटा है लेकिन यहां वो मौत से हार ही गया!

एजेंसी ▶▶ कांगड़ा

दुबई में आयोजित एयर शो में तेजस विमान हादसे का शिकार हुए विंग कमांडर पायलट नमांश स्याल का पार्थिव शरीर रविवार दोपहर करीब एक बजे एयरफोर्स के विशेष विमान से गगल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डे पर लाया गया।

नामांश स्याल के माता-पिता, पत्नी व बेटी भी पार्थिव देह के साथ आए। कांगड़ा एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी विंग कमांडर अफशां एयरफोर्स की वर्दी में पहुंची। यहां से पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ ले जाया गया। यहां मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ नामांश स्याल की अंत्येष्टि की गई। इस गमगीन माहौल में नमांश के पिता जगन नाथ स्याल ने रूंदे गले से कहा कि देश ने एक बेहतरीन पायलट खो दिया है।


नमांश की पत्नी अफशां एवं बेटी

## वायु सेना ने तस्वीर पोस्ट कर दी श्रद्धांजलि


इस तस्वीर के साथ किया सलाम

*भारतीय वायुसेना ने विंग कमांडर नमांश स्याल के दुःखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक 'समर्पित लड़ाकू विमान पायलट' और पूर्णतः पेशेवर थे, जिनकी देश सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता थी और उन्होंने असाधारण कौशल और अडिग कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया। पोस्ट में कहा गया, विंग कमांडर नमांश स्याल के दुःखद निधन पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं। उनका दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में निधन हो गया। वह एक समर्पित लड़ाकू विमान पायलट थे, जो पूर्णतः पेशेवर थे. उनमें देश सेवा की अटूट प्रतिबद्धता थी और उन्होंने असाधारण कौशल और अडिग कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।*

## तिरंगे में विंग कमांडर

वायुसेना ने अपने पोस्ट में स्याल की वायुसेना की वर्दी में और पायलट ओवरऑल में एक लड़ाकू विमान के पास खड़े उनकी दो तस्वीरें साझा कीं, साथ ही उस दुखद दुर्घटना के बाद उन्हें दी गई अंतिम विदाई का वीडियो भी साझा किया। साझा किये गए वीडियो क्लिप में वायुसेना के अधिकारी और जवान स्याल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लिपटे ताबूत में रखा गया था। बल ने पोस्ट में कहा, भारतीय वायुसेना इस गहरे शोक के समय उनके परिवार के साथ एकजुट है और उनके साहस, समर्पण और सम्मान की विरासत का सम्मान करती है। उनकी सेवा को कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।


वायु सेना ने दी भावभीनी विदाई

### बेहतरीन पायलट और बेटा खो दिया

और मैंने एक जवान बेटा खो दिया है। उसकी जिंदगी में कभी कोई पल बोरिंग नहीं रहा और उसने हर उस कॉम्पिटिशन में जीत हासिल की जिसमें उसने हिस्सा लिया। पर...एक हादसे के आगे मौत से हार गया।

---

## राफेल पर फ्रांस नेवी अधिकारी ने खोल दी पोल कहा

# 'ये तो फेक न्यूज है जी...', ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान हुआ बेनकाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के टीवी चैनल जीयो टीवी और उसके पत्रकार हामिद मीर ने दावा किया था कि फ्रांस के एक नौसेना अधिकारी ने माना है कि भारत का राफेल फाइटर जेट पाकिस्तान के सामने कमजोर साबित हुआ और पाकिस्तान के पायलटों ने भारतीय राफेल को मार गिराया।

इस पर फ्रांस की नौसेना, जिसे फ्रेंच नेवी या मरीन नेशनल कहा जाता है, ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सख्त बयान जारी किया और लिखा कि ये खबर पूरी तरह फेक न्यूज, गलत जानकारी और लोगों को गुमराह करने वाली है। उन्होंने साफ कहा कि ये बातें उनके किसी अधिकारी ने नहीं कही हैं।

जिस अफसर का नाम लिया गया, वही कहानी ही गलत निकली पाकिस्तानी चैनल ने जिस अधिकारी के नाम से बयान चलाया, उसका नाम बताया गया कैप्टन जैक लॉने। लेकिन फ्रेंच नेवी ने स्पष्ट किया कि अधिकारी का असली नाम है कैप्टन यवन लॉने।

इतना ही नहीं, फ्रेंच नेवी ने यह भी कहा कि कैप्टन लॉने ने किसी भी मीडिया को ऐसा कोई बयान दिया ही नहीं और न ही उन्होंने किसी लेख को छापने की सहमति दी थी। फ्रेंच नेवी ने एक्स पर साफ लिखा कि ये बयान कैप्टन लॉने के नाम से चलाए गए, जबकि उन्होंने कभी ऐसी किसी चीज की इजाजत नहीं दी। यह खबर गलत और भ्रामक है। जीयो टीवी ने 21 नवंबर को एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें दावा किया गया कि एक फ्रांसीसी नौसेना कमांडर ने पाकिस्तान की वायुसेना की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर हवाई बढ़त बना ली।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि भारत के कई राफेल जेट गिराए गए, यह सब मई 6 और 7 के बीच हुए हवाई टकराव में हुआ, इस दौरान 140 से ज्यादा फाइटर जेट हवा में थे और पाकिस्तान को इसमें चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी की मदद मिली. इन सभी दावों को फ्रेंच नेवी ने पूरी तरह गलत और मनगढ़ंत बताया है।


राफेल की फाइल फोटो

### रडार फेल होने वाली बात भी निकली झूठी

पाकिस्तानी मीडिया ने यह भी लिखा कि कैप्टन लॉने ने कहा था कि राफेल का रडार ठीक से काम नहीं कर पाया और इसलिए भारतीय जेट नुकसान में रहे। उन्होंने ये भी झूठा दावा किया कि राफेल की मशीन में कोई दिक्कत नहीं थी, उसे ठीक से चलाया नहीं गया। लेकिन फ्रेंच नेवी ने साफ कहा कि ऐसा कोई बयान कभी नहीं दिया गया और यह सारी बातें प्रोपेगैंडा यानी झूठा नैरेटिव बनाने के लिए जोड़ी गईं।

### तकनीकी बातें कही थीं

फ्रांस ने साफ किया कि कैप्टन लॉने किसी युद्ध या भारत-पाक तनाव पर राय देने वाले अधिकारी नहीं हैं। जहां राफेल मरीन विमान तैनात हैं। उनका एक भाषण या प्रेजेंटेशन हुआ था, जिसमें उन्होंने सिर्फ टेक्निकल बातें की थीं, जैसे कि राफेल मरीन के मिशन, मुश्किल हालात में हवाई लड़ाई की चुनौतियां, पायलटों को किन हालात का सामना करना पड़ता है।

## जी-20 में विश्व के मुद्दों के समाधान पर रहा प्रधानमंत्री का फोकस

# पीएम मोदी ने ब्रिटेन, फ्रांस और ब्राजील समेत विश्व के कई शीर्ष नेताओं से की खास मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने के लिए कई विश्व नेताओं से मुलाकात की।

इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली-जे-म्यूंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटरेस, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी समेत अन्य कई देशों के विश्व नेता शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस इन विश्व नेताओं से मुलाकात के दौरान वैश्विक समस्याओं और उनके समाधान पर मुख्य रूप से केंद्रित रहा। पीएम मोदी ने शनिवार को दुनिया के कई नेताओं के साथ अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक तरक्की और खुशहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जोहान्सबर्ग में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मिलना बहुत अच्छा रहा।

### कई देशों के नेताओं से भी पीएम मोदी की चर्चा | दक्षिण कोरिया और ब्राजील के साथ हुई सार्थक वार्ता


जोहान्सबर्ग के जी-20 से इतर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डिसिल्वा (बाएं), ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर(बीच में) और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जेइ म्यूंग (दाएं) से मिलते पीएम मोदी।

### ब्रिटेन की भागेदारी पर दोनों देशों का संवाद

*इस साल भारत-ब्रिटेन भागीदारी में नई ऊर्जा आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे। मोदी ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया द्विपक्षीय सहयोग को विविध क्षेत्रों में प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुश हुए।*

### विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख से भी वार्ता

पीएम मोदी ने इस दौरान विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महानिदेशक डॉ. नगोजी ओकोन्जो-इवेला से भी बातचीत की। इसके साथ ही इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से भी वार्ता की। उन्होंने कहा, भारत और इथियोपिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और विकास में सहयोग से यह मजबूत हुई है।

### पीएम की मुलाकात में व्यापार, साझेदारी पर भी हुई चर्चा

सम्मेलन के मुख्य सत्र से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई दूसरे नेताओं से भी बातचीत की। शिखर सम्मेलन में जी-20 नेताओं के साथ एक 'फोटो' साझा करते हुए मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम एक साथ मिलकर वैश्विक प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्वेस लौरेंको से भी मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस साल की शुरुआत में दिल्ली में उनका स्वागत करने का सम्मान मिला। उन्होंने कहा, भारत अंगोला के साथ दोस्ती को महत्व देता है और दोनों देश व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, भारत-सिंगापुर साझेदारी विकास और स्थिरता का एक मुख्य आधार बनी हुई है। मोदी ने अपने वियतनामी समकक्ष फाम मिन्ह चिन से मुलाकात की। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत और वियतनाम के बीच एक मजबूत, भविष्यन्मुखी मित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ हुई मुलाकात को 'शानदार' करार दिया। उन्होंने कहा, भारत के जर्मनी के साथ रिश्ते मज़बूत हैं, खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य क्षेत्रों में।

## खबर संक्षेप

### इजराइली हमले में हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर ढेर

**नई दिल्ली।** रविवार को इजराइल की ओर से दावा किया गया है कि बेरूत के दक्षिणी इलाकों में एक सटीक एयरस्ट्राइक में हिजबुल्लाह के सीनियर कमांडर हेथम अली तबातबाई को मार गिराया गया। अधिकारियों ने इसे पिछले साल की लड़ाई के बाद से ग्रुप के लीडरशिप के सबसे बड़े खात्मे में से एक बताया। तबातबाई हिजबुल्लाह के असल चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर काम करता था और ईरान के सहायता वाले संगठन के कमांड स्ट्रक्चर में सेक्रेटरी-जनरल नईम कासिम से ठीक नीचे रैंक पर था।



### पूर्व नेपाली पीएम ओली ने पार्टी की फोर्स बनाई

**नई दिल्ली।** नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने अपनी पार्टी सीपीएल-यूएमएल के लिए एक सिक्योरिटी फोर्स 'नेशनल वॉलंटियर सर्विस' बनाने की घोषणा की है। ओली ने कहा कि देश में सुरक्षा व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने सरकार पर लोगों, मीडिया और पेशेवरों की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। ओली ने कहा कि अब उनकी पार्टी खुद आगे बढ़कर सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। प्रदर्शनों के बाद ओली को पीएम इस्तीफा देना पड़ा था।



## एस जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री से फोन पर की बात कहा

# विवाद जल्द खत्म कर, भारत ने किया शांति का समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा से फोन पर बातचीत की। एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर इस बातचीत की जानकारी दी और बताया कि उन्होंने यूक्रेन के विदेश मंत्री से रविवार को फोन पर रूस के साथ चल रहे संघर्ष के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की। एस जयशंकर ने बातचीत की जानकारी एक्स पर देते हुए लिखा कि, यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत हुई। यूक्रेन विवाद से जुड़े हालिया विकास पर उनकी ब्रीफिंग के लिए धन्यवाद। इस विवाद को जल्द खत्म करने और पक्की शांति बनाने के लिए भारत ने अपने समर्थन को दोहराया।

बता दें, इससे पहले दोनों देशों के मंत्रियों ने इससे पहले नवंबर में कनाडा में आयोजित जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में आउटरीच सेशन के दौरान मुलाकात की थी। यहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय कोऑपरेशन, यूक्रेन में शांति का रास्ता, और लड़ाई के मैदान के हालात पर बात की थी।


जयशंकर एवं आंद्रेई

### अमेरिका ने जेलेंस्की को दी डेडलाइन

वहीं अमेरिका ने जेलेंस्की को इस समझौते को मानने के लिए 27 नवंबर तक का समय दिया है। यूक्रेन को पीस प्लान के ड्राफ्ट पर अपनी राय देनी होगी। वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ड्राफ्ट को दोनों देशों के बीच समझौते के लिए एक संभावित आधार बताया है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो ने किया दावा

# यूक्रेन शांति योजना का प्रस्ताव अमेरिका का नहीं

एजेंसी ▶▶ ओटावा

रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण के आलोचक कई सीनेटर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बातचीत के दौरान उन्हें बताया कि जिस शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए ट्रंप द्वारा कीव पर दबाव डाला जा रहा है वह असल में अमेरिकी योजना नहीं, बल्कि रूसियों की इच्छा सूची है। यह 28-बिंदु वाला शांति प्रस्ताव ट्रंप प्रशासन और क्रेमलिन द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया था। इस प्रस्ताव में कई ऐसे रूसी मांगों को शामिल किया गया है जिन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दर्जनों बार नकार दिया है। इसमें यूक्रेन द्वारा बड़े भूभागों को छोड़ना भी शामिल है। ट्रंप का कहना है कि वह चाहते हैं कि यूक्रेन इस प्रस्ताव को अगले सप्ताह के अंत तक स्वीकार कर ले।


विदेश मंत्री रुबियो

## जन्मदिन पर बधाई भी दी

### बिरला के योगदान की तारीफ की

# ड्यूमा अध्यक्ष ने रूस और भारत के संबंधों को सराहा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी संसद के निचले सदन 'ड्यूमा' के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को जन्मदिन की बधाई देते हुए भारत-रूस सहयोग को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की। 'ड्यूमा' की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बधाई संदेश में वोलोदिन ने कहा, ड्यूमा के प्रतिनिधि अंतर-संसदीय सहयोग के विकास एवं रूस और भारत के बीच विशेष रूप से विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में आपके योगदान को अत्यधिक महत्व देते हैं, जिससे हमारे देशों के लोगों के बीच मित्रता मजबूत होगी।

बिरला (64) के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा, हर काम में सफलता आपके साथ रहे। वोलोदिन ने इस साल फरवरी में अपनी भारत यात्रा को भी याद किया जब उन्होंने एक रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।



ओम बिरला

## परत-दर-परत खुल रहे आतंक के रहस्य, डरा रहे हैं मंसूबे

# स्कूल के पास 161 जिलेटिन रॉड और 20 किलो विस्फोटक मिला

एजेंसी ▶▶ अल्मोड़ा

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्कूल के पास 161 जिलेटिन रॉड और 20 किलो से ज्यादा विस्फोटक मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। वहीं, स्कूल के पास विस्फोटक बरामद होने से कई सवाल उठे हैं। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई है। अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभरा परिसर में 161 संदिग्ध जिलेटिन रॉड बरामद होने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। इस घटना से अब यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या यह जिलेटिन किसी सड़क निर्माण कार्य के लिए रखी गई थी या फिर इसके पीछे कोई और उद्देश्य छिपा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुट गई है।


आतंकी उमर

### पाकिस्तानी ड्रोन भारत लाने की प्लानिंग का खुलासा | 10 किलो तक वजन उठाने की क्षमता वाले ड्रोन के पार्ट्स आने थे



पहले चित्र में जिलेटन दूसरे में जांच करती पुलिस

### पैसों को लेकर भी आतंकी का उमर का हुआ था झगड़ा

दिल्ली ब्लास्ट मामले में सामने आई जांच रिपोर्ट में एक के बाद एक कई हैरान करनेवाली डिटेल सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धमाकों को अंजाम देने वाले प्रमुख आरोपी उमर का अपने ही गैंग के दूसरे साथियों से भारी मतभेद था। घटना को अंजाम देने से ठीक पहले भी इनका आपस में बड़ा झगड़ा हुआ था। यह लड़ाई पैसों के अलावा विचारधारा की वजह से भी थी।

## गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज टॉप-3 में शामिल

# अमीरो की लिस्ट में नीचे फिसले अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

दुनिया की सबसे अमीर हस्तियों की लिस्ट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनायर्स लिस्ट के मुताबिक, गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन अब दुनिया के टॉप-5 सबसे अमीर लोगों में शामिल हो गए हैं।

गूगल के नए एआई मॉडल जेमिनी 3की धमाकेदार सफलता ने उनकी संपत्ति में तेज बढ़ोतरी की है। लैरी पेज ने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़कर दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति का स्थान हासिल कर लिया।

वहीं, सर्गेई ब्रिन ने मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पछाड़कर पांचवां स्थान ले लिया है।एवीएमएच के बर्नार्ड अरनॉल्ट और उनका परिवार दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल बने हुए हैं।

इसके अलावा, एनवीडिया के प्रमुख जेनसन हुआंग (155.4 बिलियन डॉलर), निवेश जगत के दिग्गज वॉरेन बफेट (149.0 बिलियन डॉलर) और पूर्व माइक्रोसॉफ्ट सीईओ स्टीव बाल्मर (144.4 बिलियन डॉलर) का नाम शामिल हैं। ये सभी भी टॉप रैंकिंग में मजबूती से टिके हुए हैं।


बाएं से मस्क,जेमिनी एवं जेफ बेजोस

# एसआईआर को लेकर अलर्टः गणना पत्रक भरने के लिए आवश्यक नहीं किसी भी प्रकार का ओटीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी की ओर से किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की जरूरत नहीं है। ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ भी साझा नहीं करें।

निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी की ओर से फोन, मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी मांगता है तो वह 'साइबर फ्रॉड कॉल' हो सकता है।

## सीईओ संजीव कुमार झा ने किया मतदाताओं को सतर्क

*जानकारी मांगने वाला 'साइबर फ्रॉड कॉल' हो सकता है*

*व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करें*

### मतदाताओं को सतर्क किया

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा वोटर से संबंधित सभी तरह की जानकारी ऑनलाइन voters.eci.gov.in या ceo-election.mp.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही



### एसआईआर के वाट्सएप या सोशल मीडिया पर मिले लिंक न खोले

एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी प्रकार की फीस, प्रोसेसिंग चार्ज या भुगतान करने के लिए कहे जाने पर ध्यान दें-ऐसे संदेश, कॉल धोखाधड़ी हो सकते हैं। वाट्सएप या सोशल मीडिया पर मिले लिंक न खोलें। 'आपका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगा', 'तुरंत एसआईआर भरें' जैसे संदेश फर्जी हो सकते हैं। एसआईआर के लिए साइबर कैफे का उपयोग करते समय सतर्क रहें। ऑटो-सेव बंद रखें, कार्य समाप्त होने पर ब्राउजर इतिहास, कैश साफ़ करें और अनिवार्य रूप से लॉगआउट करें। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टलः **www.cyber-crime.gov.in** या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

## *निर्वाचन दल के सामने नरेला में कांग्रेस नेता शुक्ला का हंगामा, फर्जी मतदाताओं के नाम काटने की मांग*

नरेला विधानसभा क्षेत्र के रतन कॉलोनी, अशोका गार्डन, रसालखेड़ी जैसे क्षेत्र में कई एड्रेस ऐसे पाए गए हैं, जहां 50 से ज्यादा वोटर के नाम दर्ज किए गए हैं। जैसे वार्ड 75 के बूथ क्रमांक 57 पर मकान नंबर 2 पर पोखन लाल साहू अपने घर में 5 सदस्यों सहित रहते हैं। इनके घर के नाम पर 66 फ़र्जी मतदाता (22 अलग-अलग जातियों के) मिले, जिस पर बीएलओ धनिशा कुशवाहा और सुपरवाइजर देवेंद्र पचौरी हैं। इसी बूथ पर मकान नंबर 10 पर कमलेन्द्र गुप्ता (रिटायर्ड इंजीनियर ग्रामीण विकास) 8 सदस्यों के साथ रहते हैं, जिनके घर पर 57 फर्जी मतदाता (15 अलग-अलग जातियों के ) मिले। वार्ड 76 के बूथ 68 पर मकान नंबर 2 में देवनारायण विश्वकर्मा 8 सदस्यों के साथ रहते हैं, जिनके घर पर 42 फर्जी मतदाता (6 अलग-अलग जातियों के) पाए गए। जिसके बीएलओ ओमप्रकाश रायकवार और सुपरवाइजर शैलेश सक्सेना हैं। इन्हीं के घर के सामने मौके पर शुक्ला ने बीएलओ और सुपरवाइजर के सामने फर्जी नाम हटाने की मांग की।



प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता शुक्ला।

## खबर संक्षेप



### बोर्डिंग पास में यात्रियों को परेशानी नहीं हो

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर रविवार को डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने निरीक्षण कर यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दिए। साथ ही भीड़ को देखते हुए इंडिगो एयरवेज से एक और काउंटर बढ़ाने की की हत्या की। इस अवसर पर यात्रियों से डीजी लाकर का उपयोग अधिकाधिक करने का आग्रह किया गया। अभी तक इंडिगो एयरवेज़ के चार काउंटर लगते हैं जिसे बढ़ाकर पांच करने की बात अधिकारियों ने एयरपोर्ट डायरेक्टर ने कही। इसके अलावा भी कई आवश्यक निर्देश एयरपोर्ट डायरेक्टर द्वारा दिए गए। मालूम हो कि रविवार को राजा एयरपोर्ट पर आवाजाही करने वालें यात्रियों की संख्या अधिक रहती है।

### जिला बदर का उल्लंघन रासुका की कार्रवाई

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन कर क्षेत्र में घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा के तहत कार्रवाई की है। आरोपी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। उसे छह महीने तक भोपाल और आसपास के जिलों की सीमा से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी क्षेत्र में ही भटक रहा था। पुलिस के अनुसार सादाब खान (50) सुदामा नगर गली नंबर-5, ऐशबाग में रहता है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। लगातार अपराधों में लिप्त होने के कारण उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। पुलिस को पता चला कि वह इस्तिमा मार्केट ताजुल मस्जिद के बाजार में कपड़े की दुकान पर था। पुलिस की टीम ने सूचना मिलने दुकान पर दबिश दी तो वह मुंह छिपाकर भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी करते हुए सादाब खान को दबोच लिया।

## गौतम नगर के ग्रीन पार्क कॉलोनी की घटना, शादी से लौटा था परिवार

# बदमाशों ने युवक की गर्दन पर छुरी रखकर की अड़ीबाजी, रुपए नहीं देने पर कारों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी में शनिवार-रविवार देर रात करीब 1 बजे परिवार के साथ शादी से लौटे युवक से अड़ीबाजी कर दी। बदमाशों ने उसकी गर्दन पर छुरी रखी और एक हजार रुपए की अड़ीबाजी की।

युवक ने रुपए देने से इंकार किया तो आरोपी भड़क गए और उन्होंने कार में तोड़फोड़ कर दी। बदमाशों ने कॉलोनी में खड़ी अन्य सात कार और सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। देर रात घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर बदमाश भाग निकले। तोड़फोड़ की इस घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया है।

*आठ कार में डंडे और रॉड से तोड़फोड़, लोगों में दहशत*

*एक हजार रुपए मांगे, मना करने पर मचाया उत्पात*



ग्रीन पार्क कॉलोनी में शनिवार रात को तोड़फोड़ से क्षतिग्रस्त कार।

### घर के सामने कार पार्क करने के दौरान आए बदमाश

पुलिस के अनुसार चंदन इंदौरिया, ग्रीन पार्क कॉलोनी, बैरसिया रोड, डीआईजी बंगला चौराहा के पास रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब एक बजे परिवार के साथ शादी की पार्टी से लौटे और घर के सामने कार पार्क करने लगे। इसी बीच दो युवक आए और उनके गले पर छुरी रखकर एक हजार रुपए की अड़ीबाजी करने लगे। चंदन ने उनसे पूछा कि तुम लोग कौन हो और किस बात के पैसे चाहिए। चंदन ने उन्हें पैसे देने से इंकार किया तो आरोपी भड़क गए। उनके पीछे उनके चार पांच अन्य दोस्त डंडा और रॉड लेकर खड़े थे। उन्हें पहले चंदन की कार में तोड़फोड़ की फिर कॉलोनी में खड़ी अन्य सात कार में तोड़फोड़ कर नाले की तरफ भाग निकले।

### पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

टू आईसी, एसआई बाबूजी माथुर ने बताया कि चंदन इंदौरिया ने देर रात ही पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लोगों से पूछताछ की। इस दौरान लोगों ने बताया कि कॉलोनी के अंतिम छोर के बाद टीला जमालपुरा क्षेत्र लग जाता है। जिन्होंने तोड़फोड़ की है, वह टीलाजमालपुरा में रहते हैं। पुलिस ने कॉलोनी के लोगों से पूछताछ करने के बाद अभिषेक, आर्यन पंथी, अंकित यादव, लड्डु और अर्जुन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। उनकी तलाश की जा रही है।



## खजूरी सड़क में कोलूखेड़ी गांव में रात दो बजे हादसा

# गलत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित कोलूखेड़ी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात बाइक को गलत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार आकाश वर्मा (19) भाउखेड़ी, जिला सीहोर में रहता था और इवरग्रीन रेस्टोरेंट में काम करता था। शनिवार देर रात वह काम से छूटा और अपने दो साथियों के साथ बाइक से सीहोर जाने के लिए निकला। रात करीब दो बजे के आसपास वह 11 मील पर कोलूखेड़ी गांव के नई कलारी के पास पहुंचा ही था कि गलत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे आकाश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### किसान ने खाई गेहूं में रखने वाली गोली, मौत

इसी थाना क्षेत्र स्थित आकृति आईलेंड कॉलोनी के गेट के बाहर एक किसान ने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। सड़क के पास उल्टियां करते हुए मिलने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान रात करीब एक बजे उनकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उनके बयान नहीं हो सके थे। साथ ही शोकाकुल परिजन अभी बयान दर्ज नहीं करा सके। परिजन के बयान होने के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार हुकुम सिंह नागर (47) खजूरी सड़क इलाके में रहते थे । उनकी गांव खामलिया में खेती है। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे आकृति आईलेंड कॉलोनी के पास मुख्य सड़क पर उन्होंने जहरीली गोली खा ली। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें घटना की जानकारी मोबाइल पर परिचितों को दी।

## हबीबगंज इलाके में बदमाशों ने बोला धावा

# आर्किटेक्ट के मकान में बुक शेल्फ के बीच बने गुप्त लॉकर में रखे जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-7/22 अशोका सोसाइटी में रहने वाले आर्किटेक्ट के मकान से अज्ञात बदमाश ने नगदी सहित लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर लिए। आर्किटेक्ट ने मकान में लाफ्ट में गुप्त लॉकर के अंदर नगदी सहित जेवर रखें थे। पुलिस ने आर्किटेक्ट की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मनीष ब्यौहार (56) मकान नंबर ई-7/22 अशोका सोसाईटी, अरेरा कालोनी में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वह आर्किटेक्ट है। इन दिनों वह परिवार के साथ मुंबई में रहते हैं। काम के सिलसिल में वह अक्सर भोपाल आते हैं और अशोका सोसायटी वाले मकान में रुकते हैं। उन्होंने मकान में विक्की



सोनी और रवि सोनी निवासी गुना को देख-रेख की जिम्मेदारी दे रखीं हैं। मनीष ब्यौहार ने बताया कि घर में बुक शेल्फ के बीच उन्होंने गुप्त लॉकर बनवाया है। गत 15 जुलाई की शाम करीब 7 बजे उन्होंने लॉकर में हीरे, सोने, चांदी के जेवर और नगदी रुपए रखे थे। इसके बाद मुंबई चले गए। वहां से 22 नवंबर की रात 8 बजे अपने घर पहुंचे। उन्होंने बुक शेल्फ के बीच गुप्त लॉकर को खोलकर देखा, लेकिन उसमें रखा हीरे, सोने-चांदी के जेवर और नगदी नहीं थी।

## मेजर ने एसआईआर सर्वे पर डाली थी पोस्ट

# दानिश कुंज में ग्रुप पर कमेंट्स करने पर 66 साल के बुजुर्ग से मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज इलाके में शनिवार रात आर्मी के मेजर ने घर में घुसकर 66 साल के बुजुर्ग की पिटाई लगा दी। कॉलोनी के ग्रुप पर मेजर ने एसआईआर सर्वे पर एक पोस्ट डाली थी। प्रतिक्रिया स्वरूप बुजुर्ग ने पोस्ट टैग कर कमेंट्स किए थे। मेजर कमेंट्स करने से नाराज थे। वह बुजुर्ग के घर पहुंचे और लात-मुक्कों से पिटाई कर दी। जबड़े पर गंभीर चोट आने से व लहूलुहान हो गए। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर मेजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि दाशिन कुंज कोलार निवासी गोरेलाल पांडे (66) मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनके पड़ोस में मेजर विवेक पांडे रहते हैं। एसआईआर सर्वे को लेकर विवेक पांडे ने कॉलोनी के वाट्सएप ग्रुप पर एक पोस्ट अपलोड की थी। बुजुर्ग गोरेलाल पांडे ने विवेक के नाम को टैग कर कमेंट्स किए थे। यह बात मेजर विवेक पांडे को नागवार गुजरी और शनिवार रात करीब पौने 8 बजे वह गोरेलाल के घर पहुंच गए। उन्होंने घंटी बताई तो दरवाजा बुजुर्ग की पत्नी ने खोला। मेजर ने बहाने से गोरेलाल पांडे को बुलाया। जैसे वह अपने घर के लॉन में पहुंचे, मेजर घर के भीतर घुस गए और बुजुर्ग के मुंह पर तीन-चार थप्पड़ मारने के बाद मुक्का मार दिया। मेजर ने लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। पत्नी के शोर मचाने पर मेजर वहां से भाग खड़े हुए। घायल गोरेलाल के जबड़े और हाथ-पैर में चोटें आई हैं। मेजर ने जाते-जाते धमकी दी कि यदि थाने में शिकायत की तो जान से मार दूंगा।

## कंसोटिया अजाक्स के संरक्षक तो संतोष वर्मा बने अध्यक्ष

# अजाक्स की सभा में गूंजा प्रमोशन-बैकलॉग का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने भोपाल में आम सभा कर अपनी ताकत दिखाई। आम सभा में प्रमोशन-बैकलॉग के मुद्दे पर चर्चा कर अपनी मांगों का लेकर रणनीति बनाई गई। आंबेडकर मैदान आयोजित सभा में अजाक्स की प्रांतीय कार्यकारिणी गठित हुई।

महासचिव सूर्यवंशी ने प्रातांध्यक्ष तथा प्रांतीय कार्यकारिणी संगठन को अवगत कराया। जेएन कंसोटिया त्यागपत्र दिया है, जबकी इनका कार्यकाल सितंबर 2026 तक है। प्रस्तुत त्यागपत्र को सभी पदाधिकारियों ने अस्वीकार कर दिया। इस पर कंसोटिया ने कहा कि मुझे प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व से मुक्त रखे। मैं आपके साथ और अधिक सक्रियता से रहने का वचन देता हूं जिस पर साधारण सभा ने कंसोटिया के आग्रह की स्वीकार किया। कंसोटिया के त्यागपत्र के बाद नए अध्यक्ष का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव पर सभी सदस्यों नें संतोष वर्मा को संगठन का नया अध्यक्ष वहीं कंसोटिया को संगठन का संरक्षक घोषित कर सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का अध्यक्ष भी बनाया गया। आमसभा में प्रदेश के विभिन्न जिलों और विकासखंडों से संघ पदाधिकारी शामिल हुए।



नवीन पदाधिकारियों का सम्मान करता संघ।

### पदोन्नति में आरक्षण हर हाल में रहेगा जारी

आमसभा को संबोधित करते हुए कंसोटिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता द्वारा बनाए गए नवीन पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण हर हाल में जारी रहेगा। इसके लिए नियम बनाना पड़े तो बनाना जाएगा।

### अधिवक्ता की नियुक्ति में आरक्षण नहीं

संघ के महासचिव एसएल सूर्यवंशी ने कहा कि जिला न्यायालयों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं नौकरी की नियुक्तियों में आरक्षण लागू किया जाकर भागीदारी दी जानी चाहिए। एक जुलाई 2018 को नवीन शैक्षणिक कैडर में नियुक्त कर्मचारियों की सेवा अवधि की गणना में वरिष्ठता नहीं दी जा रही है।

## शहर में बंद हो गए दस जनसुविधा केंद्र दोबारा होंगे शुरू, ननि ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में नगर निगम द्वारा संचालित दस नागरिक सुविधा केंद्र अब जल्द ही दोबारा शुरू होंगे। चार साल से बंद इन केंद्रों पर प्रापर्टी टैक्स, किराया, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य निगम की सुविधा से जुड़े काम होते थे। अब यह सभी काम वार्ड और जोन स्तर पर हो रहे हैं। कई कामों के लिए तो लोगों को निगम मुख्यालय ही जाना पड़ता है। निगम प्रशासन ने इन केंद्रों को दोबारा शुरू करने की तैयारी कर ली है। नागरिक सुविधा केंद्र की शुरुआत नगर निगम ने 12 साल पहले की थी। सबसे पहला केंद्र न्यू मार्केट में खोला गया था। उसके बाद तीन अन्य केंद्र खोले गए। बाद में इनकी संख्या बढकर 10 हो गई थी। इन केंद्रों को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया था। यहां बाकायदा स्टाफ था।

## पंचायत कार्यालय में रात को रुककर बीएलओ के साथ की बैठक

# बीएलओ 26 नवंबर तक शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र एप पर डिजिटलाइज्ड करेंः एसडीएम शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा शनिवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण करने नजीराबाद पंचायत मुख्यालय पहुंचे। यहां समस्त पंचायत के बीएलओ की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बीएलओ 26 नवंबर तक अपने क्षेत्र के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र को एप पर डिजिटलाइजेशन का



बीएलओ के साथ बैठक करते एसडीएम शर्मा।

कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें, सहयोगी कर्मचारियों का भी सहयोग लें। कार्य करने में कोई भी समस्या हो तो तहसीलदार या स्वयं मुझे अवगत करवाए, समस्या का समाधान किया जाएगा। बैठक में उन्होंने कहा कि मैं अपेक्षा करता हूं कि जिन बीएलओ की प्रगति कम है, वे भी अपनी प्रगति तेजी से आज से ही बढ़ाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा प्रसाद अहिरवार सहित क्षेत्र के समस्त बीएलओ उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन

# किसी भी परिस्थिति में 1 घंटा अपने स्वास्थ्य की लिए निकालना चाहिए




रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में मंचासीन सिद्ध भाऊ व डॉ. टेवानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) द्वारा दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में आयोजित किया।

डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि शिविर में डायबिटीज, कब्ज, हाइपरटेंशन, मोटापा, गैस्ट्राइटिस, माइग्रेन, अस्थमा, साइटिका, फ्रोजन शोल्डर आदि उपचार किया जाता है। कार्यक्रम में सिद्ध भाऊ ने कहा कि इस दुर्बल मनुष्य जीवन का लाभ हमें तब मिलेगा, जब हम स्वस्थ होंगे। यदि आपको स्वस्थ रहना है तो सात्विक, अपक्व और कम आहार का सेवन करना चाहिए। शिविर में महिला साधक प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ प्राकृतिक व सुपाच्य आहार बनाने की विधि सीखती हैं। परिस्थिति कैसी भी हो 24 घंटे में से 1 घंटा हमें स्वास्थ्य की लिए निकालना चाहिए, अज्ञान ही बीमारी का कारण हैं, इसलिए प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान प्राप्त करके स्वयं को डॉक्टर बनाना है। सत्र के समापन के दौरान डॉ. लता टेवानी ने साधकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## 30 को लक्ष्मीनारायण दर्शन और विशाल आम भंडारे का होगा आयोजन

*निकाली जाएगी कलश यात्रा*

# बैरागढ़कलां में भव्य लक्ष्मी नारायण मंदिर का निर्माण, 26 को प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर के बैरागढ़ कलां में विशाल लक्ष्मी नारायण मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसकी प्राण-प्रतिष्ठा पांच दिवसीय धार्मिक विभिन्न आयोजनों के साथ की जाएगी। बैरागढ़ कला के आहुजा कॉलोनी के पीछे बने इस मंदिर में 26 नवंबर से पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन किया गया है, जिसमें श्री लक्ष्मी नारायण, शिव परिवार, हनुमानजी एवं लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलश यात्रा भी निकलेगी।

*बिड़ला मंदिर की तरह डिजाइन किया*

*पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन होंगे*



बैरागढ़ कलां में निर्मित विशाल लक्ष्मी नारायण मंदिर।


### लक्ष्मीनारायण मंदिर में 30 नवंबर को दोपहर बारह बजे से यज्ञ पूर्णाहुति

मंदिर निर्माण समिति के आयोजक हरिचरण मीणा, राम सिंह मीणा, हमीर सिंह मीणा और मनोहर सिंह मीणा ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण भोपाल स्थित बिड़ला मंदिर की तरह किया गया है, जिसमें विशाल लक्ष्मीनारायण मंदिर की स्थापना की गई है। इस अवसर पर 26 नवंबर से कई धार्मिक आयोजन किए जाएंगे, जिसमें प्राण-प्रतिष्ठा के साथ 30 नवंबर को दोपहर बारह बजे से यज्ञ की पूर्णाहुति, लक्ष्मीनारायण दर्शन और विशाल आम भंडारा किया गया है।

# भोपाल वेटलैंड में दिखी प्रवासी पक्षियों की बहार, बर्ड वॉक में 22 प्रजातियां चिन्हित, सारस के जोड़े ने खींचा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्दियों की आहट के साथ भोज वेटलैंड पर एक बार फिर प्रवासी पक्षियों के कलरव से गूंज उठा है। वेटलैंड की जैव विविधता को समझने के उद्देश्य से भोपाल बर्ड्स संस्था द्वारा रविवार को बिशनखेड़ी क्षेत्र में विंटर बर्ड वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के लगभग 25 पक्षी प्रेमियों ने हिस्सा लिया और सुबह की ठंडी हवा में पक्षियों की खोज का आनंद उठाया। बर्ड वॉक के दौरान प्रवासी पक्षियों की करीब 22 प्रजातिया दर्ज की गईं। इनमें रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन कूट, लैसर व्हाइट थ्रोट, बूटेड वार्बलर, मार्श हरियर, डार्टर, ब्राउन हेडेड गल्ल, व्हाइट वैगटेल और येलो वैगटेल जैसे कई आकर्षक पक्षी शामिल रहे।


तालाब की लहरों पर कलरव करते रेड क्रेस्टेड पोचार्ड पक्षी।

**पक्षियों के दिखते ही दोगुना हो गया बर्ड वॉचर का उत्साह**

## यूरोप और मध्य एशिया से भोपाल पहुंचते हैं पक्षी

रेड क्रेस्टेड पोचार्ड (लाल सिर) चमकीले नारंगी सिर और लाल चोंच वाला यह खूबसूरत पक्षी यूरोप और मध्य एशिया से लंबी यात्रा कर भोपाल पहुंचता है। डार्टर (सर्प पक्षी) लंबी, साँप जैसी गर्दन वाला यह दुर्लभ एवं संकटग्रस्त पक्षी वेटलैंड की सेहत का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। मार्श हरियर (दलदली पतई) पानी की सतह के ऊपर उड़ते हुए जलीय पक्षियों का शिकार करने वाला यह शिकारी पक्षी यूरोप से प्रवास कर भोज ताल पहुंचता है। बर्ड वॉक का सबसे रोमांचक पल वह था, जब प्रतिभागियों ने वेटलैंड क्षेत्र में सारस पक्षी के एक जोड़े को देखा। उनकी उपस्थिति ने सभी बर्ड वॉचर का उत्साह दोगुना कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता राजगीर और मोहम्मद खालिक उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार और वेटलैंड संरक्षण के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।


भोज वेटलैंड क्षेत्र में दूरबीन से पक्षियों को निहारते बर्ड वाचर।

### डाक विभाग के आयोजित तीन दिवसीय 14वीं डाक टिकट प्रदर्शनी का समापन

# विश्वरंग टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव पर विशेष आवरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डाक विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 14वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी के समापन समारोह में रविवार को विश्वरंग टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव पर आधारित विशेष आवरण का औपचारिक अनावरण किया गया। यह विशेष आवरण इंडिया पोस्ट द्वारा जारी किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन समन्वय भवन में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग रहे, जिन्होंने इस विशेष आवरण का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वरंग जैसे सांस्कृतिक आयोजन साहित्य और कला को वैश्विक पहचान दिलाने का माध्यम बनते हैं। डाक विभाग द्वारा किया गया यह सम्मान अत्यंत सराहनीय है।



कार्यक्रम में डाक टिकट संग्रहकर्ता को पुरस्कृत करते मंत्री विश्वास सारंग व डाक विभाग के अधिकारी।


बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।


सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सितार की प्रस्तुति देती वादक।


कार्यक्रम में सुगम संगीत की प्रस्तुति देते आर्टिस्ट।

**टैगोर के वैश्विक साहित्यिक प्रभाव व महोत्सव की भावना को दर्शाया**

*डाक विभाग द्वारा जारी यह विशेष आवरण विश्वरंग की सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलात्मक विरासत का प्रतीक माना जा रहा है। इसमें टैगोर के वैश्विक साहित्यिक प्रभाव और महोत्सव की मूल भावना को खूबसूरती से दर्शाया गया है। कार्यक्रम के दौरान 14वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का सफल समापन भी हुआ। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में डाक टिकट प्रेमियों, छात्रों और आम नागरिकों ने भाग लिया। विभिन्न विषयों पर आधारित फिलैटेली संग्रहों को प्रदर्शित किया गया और उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।इस आयोजन ने न केवल फिलैटेली प्रेमियों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि कला, साहित्य और डाक विभाग के अनूठे संगम को भी साकार किया।*

### गौहर महल में पॉटर्स मार्केट मेला संपन्न

# देशभर के पॉटरी कलाकारों ने बिखेरी अपनी सिरेमिक कला की चमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐतिहासिक गौहर महल परिसर में आयोजित पॉटर्स मार्केट मेला तीन दिनों की रौनक के बाद रविवार को सम्पन्न हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए सिरेमिक कलाकारों ने अपनी अनूठी कलाकृतियों से मेले को कला प्रेमियों के लिए खास बना दिया।

इस बार मुंबई और गोवा से आए कलाकारों ने मिट्टी से बने विशेष बर्तनों और सजावटी वस्तुओं से आगंतुकों का खास ध्यान आकर्षित किया। मेले में 50 से अधिक पॉटर्स की प्रदर्शनी लगाई गई, वहीं करीब 45 कलाकारों ने अपनी मिट्टी कला की कल्पनाओं को प्रस्तुत किया। मुंबई से आए सुरेश प्रजापति ने बताया कि वे चीनी मिट्टी (पोर्सलेन) से विभिन्न कलाकृतियों को अपनी कल्पना के अनुसार नया रूप देते हैं।


पॉटरी मार्केट के अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोग गौहर महल पहुंचे।

**गोवा की कविता का शौक बना कॅरियर**

*उन्होंने कहा कि उनके काम में सबसे अधिक स्टोन वेयर का उपयोग होता है। वहीं गोवा से आई कलाकार कविता नायक ने बताया कि बचपन में नाश्ते के लिए मिट्टी से विभिन्न उपयोगी चीजें बनाना उनका शौक था, जो आगे चलकर उनका करियर बन गया। आज उनका गोवा में अपना स्टूडियो है और वे स्टोन वेयर और टेबल वेयर बनाने के लिए जानी जाती हैं। कला विशेषज्ञों ने बताया कि चीनी मिट्टी से बने अधिकांश बर्तनों को 800 से 1300 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर पकाया जाता है, जिससे उनकी मजबूती और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। तीन दिनों तक चले इस मेले ने भोपाल वासियों को सिरेमिक कला की विविधता और सुंदरता से रू-ब-रू कराया।*

# यंग थिंकर्स फोरम को अंतरराष्ट्रीय समारोह में सेंगोल देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली के भारत मंडपम में द बनयान ट्री नेटवर्क द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित थिंक-टैंक यंग थिंकर्स फोरम को राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग के बीच किए जा रहे उल्लेखनीय बौद्धिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में विश्वप्रसिद्ध चिंतक, विचारक एवं लेखक राजीव मल्होत्रा ने फोरम को सेंगोल प्रदान किया। यह आयोजन वैश्विक स्तर के बुद्धिजीवियों, लेखकों और थिंक-टैंकों का संगम रहा, जिसमें स्कॉटलैंड, अमेरिका और भारत की 400 से अधिक संस्थाओं और विद्वानों ने भाग लिया।


सेंगोल प्रदान करते राजीव मल्होत्रा।

**फोरम के निदेशक सिंह ने ग्रहण किया सम्मान**

इसमें स्कॉटिश हिंदू फाउंडेशन, ग्लोबल हिंदू टेम्पल नेटवर्क, कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका, इनफिनिटी फाउंडेशन, सेंटर फॉर इंडिक स्टडीज, इंडिक एकेडमी, सहित कई प्रमुख संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। यंग थिंकर्स फोरम की ओर से यह सम्मान फोरम के निदेशक आशुतोष सिंह ठाकुर ने ग्रहण किया।

### 11वें रंग त्रिवेणी नाट्य उत्सव का समापन

# समाज में व्याप्त जातिगत विषमता को उजागर करता नाटक 'कोर्ट मार्शल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के सहयोग से सघन सोसायटी फॉर कल्चरल एंड वेलफेयर भोपाल द्वारा आयोजित 11 वां रंग त्रिवेणी नाट्य उत्सव का रविवार को समापन हुआ। उत्सव के अंतिम दिन मण्डप सांस्कृतिक शिक्षा कला केन्द्र, रीवा द्वारा लेखक स्वदेश दीपक की चर्चित कृति 'कोर्ट मार्शल', जिसका निर्देशन बालकृष्ण मिश्र ने किया, प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक ने अपने सशक्त संवादों और गहरी सामाजिक संवेदनशीलता के कारण दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। 'कोर्ट मार्शल' एक गहन, संवेदनशील और तीखा नाटक है जो सिर्फ एक अपराध की कहानी नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त जातिगत विषमता, न्याय व्यवस्था की खामियों और मानवता के मूल प्रश्नों पर गंभीर चर्चा उत्पन्न करता है।


नाटक कोर्ट मार्शल का मंचन करते कलाकार।

**नाटक ने दर्शकों को पुनर्विचार करने के लिए किया प्रेरित**

*जातिवाद केवल समाज के निचले स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि सेना जैसी अनुशासित संस्थाओं तक में मौजूद है, जब निरंतर अपमान और अन्याय मनुष्य के अस्तित्व को चोट पहुंचाते हैं, तब वह विद्रोह करने को मजबूर हो जाता है। कोर्ट मार्शल दर्शकों से यह मूलभूत प्रश्न भी पूछता है कि अपराधी वह है जो गोली चलाता है या वह भी जो किसी को इस हद तक अपमानित करता है कि वह अपराध करने को मजबूर हो जाए? अपने गहन सामाजिक संदेश, प्रभावशाली प्रस्तुति और कलाकारों के सशक्त अभिनय के साथ 'कोर्ट मार्शल' ने उपस्थित दर्शकों को झकझोरते हुए न्याय और समानता पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया।*

# एनसीसी दिवस पर एमएलबी कॉलेज में परेड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस के उपलक्ष्य में महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय भोपाल के प्रांगण में 4 एमपी बटालियन द्वारा एक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम गर्ल्स कैडेट की परेड ने कर्नल एचएम प्रिन्दा को सलामी देते हुए शानदार परेड का प्रदर्शन किया। सेंट जोसेफ स्कूल की एनसीसी की कैडेटों ने आकर्षक बैंड की प्रस्तुति दी। साथ ही गायन और नृत्य के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण तामोट और डॉ. सविता भार्गव ने कैडेटों को ट्रॉफ़ी और मेडल प्रदान किए ।


कर्नल एचएम प्रिन्दा को सलामी देते हुए गर्ल्स कैडेट।



सेंट जोसेफ स्कूल की एनसीसी की कैडेटों ने आकर्षक बैंड की प्रस्तुति दी।

### 350 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया पंजीयन

# विश्व धरोहर सप्ताहः 40 से अधिक स्थानों पर हैरीटेज वॉक करने उमड़े धरोहर प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर राज्य पुरातत्व संचालनालय और पुरातत्व इंडिया द्वारा आयोजित हैरीटेज वॉक ने शहर में सांस्कृतिक जागरुकता का अनूठा संदेश दिया। रविवार सुबह आयोजित इस वॉक में शहर के धरोहर प्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। वहीं 40 स्थानों के लिए 350 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें शिक्षा, साहित्य, पुरातत्व, आईटी, मीडिया, पर्यटन, चिकित्सा, प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर और युवा विद्यार्थी शामिल रहे। कुदसिया बेगम के गौहर महल से वॉक का नेतृत्व पुरातत्वविद् शिवाजी राय ने किया।


गोलघर पहुंचे हैरिटेज वॉकर।

**गोलघर संग्रहालय है ख़ास**

मूल रूप से बेगम के दफ्तर के रूप में बनाई गई यह गोलाकार इमारत इसके शानदार वृत्ताकार डिजाइन के लिए प्रसिद्ध है। आज़ादी के बाद यह स्मारक अलग-अलग विभागों को कार्यालयीन उपयोग के लिए दिया जाता रहा। वर्तमान में राज्य पुरातत्व संचालनालय ने इसे आधुनिक रूप देकर एक भव्य फोटोग्राफी संग्रहालय के रूप में भोपाल के आमजन के लिए खोल दिया है।

**गौहर महल से ताजुल मसाजिद तक हैरिटेज वॉक**

हैरिटेज वॉक भोपाल की पहली महिला शासिका कुदसिया बेगम द्वारा निर्मित गौहर महल से शुरू हुई और शौकत महल, मोती महल, शीश महल और इक़बाल मैदान होते हुए ऐतिहासिक ताजुल मसाजिद तक पहुंची। पुरातत्वविद् शिवाजी राय ने प्रतिभागियों को बताया कि यह मस्जिद तीसरी बेगम शाहजहां बेगम की महत्वाकांक्षी परियोजना थी, जिसकी शुरुआत 1880 के दशक में हुई। यह मस्जिद भोपाल की अनूठी पहचान बनने जा रही थी, लेकिन उनके शासनकाल में पूरी नहीं हो सकी। स्वतंत्रता के बाद 1974 में इसका निर्माण पूरा हुआ।

### देश के 300 से अधिक फैकल्टी और रिसर्च स्कॉलर शामिल हुए

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में छह दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एआईसीटीई- अटल प्रायोजित छह दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 17 से 22 नवंबर तक किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न संस्थानों से 300 से अधिक फैकल्टी और रिसर्च स्कॉलर शामिल हुए। प्रोग्राम का मुख्य विषय एड्रेसिंग डफमेशन क्लेम्स इन द एज ऑफ़ डीपफेकः प्रोटेक्टिंग सिक्योरिटी एंड प्राइवेसी इन डमोक्रेटिक इंडिया रहा। कार्यक्रम में कुल 13 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें तकनीकी, सामाजिक और कानूनी दृष्टिकोणों से डीपफेक और डिजिटल सुरक्षा पर व्यापक चर्चा हुई।



डीपफेक और डिजिटल सुरक्षा पर ऑनलाइन चर्चा करते स्कॉलर।

### मध्यप्रदेश लेखक संघ की कथा रंग बाल साहित्य गोष्ठी संपन्न

# बाल कविता में तुकांत होना अत्यंत आवश्यकः कवि सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा आयोजित प्रादेशिक बाल साहित्य गोष्ठी का आयोजन दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय, शिवाजी नगर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, बाल साहित्य शोध केंद्र के संस्थापक महेश सक्सेना ने बाल साहित्य की मूलभूत विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि बाल कविता में तुकांत होना अत्यन्त आवश्यक है तथा बताया कि हिन्दी साहित्य के पुरोधाओं ने भी बाल साहित्य को समृद्ध करने में विशेष योगदान दिया है। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में अपनी लोकप्रिय बाल कविता 'छुपन-छुपाई' सुनाकर सभी का मन मोह लिया।



प्रादेशिक बाल साहित्य गोष्ठी में अपनी बात कहते कवि महेश सक्सेना।

**नई दिशा देने का लिया संकल्प**

मप्र बाल साहित्य सृजनपीठ की नव-नियुक्त निदेशक डॉ. मीनू पाण्डेय नयन ने बाल साहित्य को प्रदेश में नई दिशा और गति देने का संकल्प लिया। मालती बसंत ने कहा कि आज के बच्चे बड़े होना चाहते हैं और बड़े बच्चे होना चाहते हैं।

**बाल साहित्य शिक्षाप्रद भी होना चाहिए**

विशिष्ट अतिथि एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के संरक्षक डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने बाल कविताएं सुनाईं और कहा कि बाल साहित्य बच्चों के मनोरंजन के साथ शिक्षाप्रद भी होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने कहा कि गोष्ठियां कार्यशाला का रूप होती हैं और वरिष्ठों के मार्गदर्शन पर अमल किया जाना चाहिए। गोष्ठी में प्रदेशभर से आए बाल साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बाल मनोविज्ञान को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भोपाल की बाल साहित्यकार डॉ. तिलोत्मा आज़ाद की आध्यात्मिक संदेश देती बाल कहानी से हुआ।



# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : लक्ष्य सेन बने चैंपियन, 38 मिनट चले मुकाबले में युशी तनाका को हराया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

भारत के लक्ष्य सेन ने 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

*लक्ष्य ने कहा, 'इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'*



### खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय

*विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजतर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था।*

### लक्ष्य ने की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

लक्ष्य ने आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और 6-3 की बढ़त बना ली, जबकि तनाका ने कई गलतियां कीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और तनाका ने अंतर 7-9 कर दिया, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने एक और शॉट नेट पर उलझा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली। लक्ष्य का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय दर्शक मौजूद थे और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। तनाका ने अपने जोरदार स्मैश और लक्ष्य की एक गलती का फायदा उठाकर स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया तथा बैकहैंड स्मैश और एक और ज़बरदस्त क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ 17-13 से चार अंकों की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और तनाका की एक और गलती से पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## खबर संक्षेप

FIH HOCKEY JUNIOR WORLD CUP

### 28 नवंबर से जूनियर हॉकी विश्व कप, फ्री मिलेंगे टिकट

**मदुरै।** हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' उन्होंने कहा गया कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकट जीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं।

### एएफसी महिला चैंपियंस लीग से बाहर ईस्ट बंगाल



**वुहान।** ईस्ट बंगाल की टीम उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के हाथों 0-3 से हारकर एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। विजेता टीम के लिए दियोराखोन खाबीबुल्लाएवा (18वें और 90+8) ने दो गोल किए, जबकि जरीना नोरबोएवा ने 52वें मिनट में गोल किया। ईस्ट बंगाल ने इस टूर्नामेंट में अपने पहले अभियान का अंत तीन अंकों के साथ किया। यह टीम के लिए तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले ग्रुप बी में ईरान की बाम खातून एफसी को 3-1 से हराया था और चीन की वुहान जियांग्दा एफसी से 0-2 से हार गई थी। इस जीत से उज्बेकिस्तान की टीम ने चार अंक के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### देवंदा ने बनाया रिकॉर्ड जीती अल्ट्रा चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा, 'अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीत ली।' भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं।

## गुवाहाटी टेस्ट दूसरा दिनः मुथुसामी ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

# साउथ अफ्रीका ने कसा शिकंजा, खड़ा किया 489 का स्कोर, 480 रनों से पीछे टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया जबकि मार्को यानसन केवल सात रन से यह उपलब्धि हासिल करने से चूक गए लेकिन इन दोनों की शानदार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में 489 रन का विशाल स्कोर बनाया। मुथुसामी ने 206 गेंद में 109 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल हैं। यानसन ने भारतीय स्पिनरों को निशाने पर रखकर 91 गेंद पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 93 रन की तूफानी पारी खेली। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारत ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के नौ रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल (नाबाद सात) और केएल राहुल (नाबाद दो) बनाकर पिच पर है।

### यानसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

*साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मार्को यानसन ने भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में इतिहास रच दिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में जबरदस्त खेल दिखाते हुए आतिशी अर्धशतक लगाया। यानसन 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 91 गेंद का सामना किया और छह चौके व सात छक्के लगाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में भी सर्वोच्च स्कोर रहा। मार्को यानसन ने सात छक्कों के जरिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वे टेस्ट में नंबर नौ पर खेलते हुए एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। दिलचस्प बात है कि भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट से पहले यानसन के नाम 31 टेस्ट पारियों में केवल छह ही छक्के थे।*



सेनुरन मुथुसामी    मार्को यानसन

**मुथुसामी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि** : सेनुरन मुथुसामी टेस्ट क्रिकेट में नंबर 7 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये कारनामा क्विंटन डी कॉक ने 2019 में किया था। उस मैच में उन्होंने 111 रन बनाए थे। वहीं लांस क्लूजनर 1997 में केपटाउन में ये कारनामा किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम बो बुमराह | 38 | 81 | 5 | 0 |
| रिकलटन का पंत बो कुलदीप | 35 | 82 | 5 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो कुलदीप | 49 | 152 | 4 | 2 |
| बावुमा का जायसवाल बो जडेजा | 41 | 92 | 5 | 0 |
| जॉर्जी का पंत बो सिराज | 28 | 59 | 3 | 1 |
| मुल्डर का जायसवाल बो कुलदीप | 13 | 18 | 2 | 0 |
| मुथुसामी का जायसवाल बो सिराज | 109 | 206 | 10 | 0 |
| काइल वेरेने स्ट पंत बो जडेजा | 45 | 122 | 5 | 0 |
| मार्को यानसेन बो कुलदीप | 93 | 91 | 6 | 7 |
| सिमोन हार्मर बो बुमराह | 05 | 25 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 12 | 31 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : 21 | | | | |
| कुल योग : 151.1 ओवर में 489 रन पर सभी आउट | | | | |
| गेंदबाजी : बुमराह 32-10-75-2, सिराज 30-5-106-2, रेड्डी 6-0-25-0, सुंदर 26-5-58-0, कुलदीप 29.1-4-115-4, जडेजा 28-2-94-2 | | | | |
| **भारत की पहली पारी** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| जायसवाल खेल रहे हैं | 07 | 23 | 1 | 0 |
| राहुल खेल रहे हैं | 02 | 14 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 00 | | | | |
| कुल योग : 6.1 ओवर में बिना विकेट गंवाए 09 रन | | | | |
| गेंदबाजी : मार्को यानसेन 3.1-1-9-0, वियान मुल्डर 3-3-0-0, | | | | |

## मुशफिकुर रहीम ने ठोका शतक

# आयरलैंड को हराकर बांग्लादेश ने सीरीज की क्लीन स्वीप



एजेंसी ▶▶ मीरपुर

मुशफिकुर रहीम ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा, जिससे बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 217 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। मुशफिकुर ने पहली पारी में 106 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 53 रन की पारी खेली, जिससे उन्होंने मैच में कुल 159 रन बनाए जबकि लिटन दास ने 128 रन की शतकीय पारी खेली। इससे मेजबान टीम ने पहली पारी में 476 रन बनाए। आयरलैंड के ऑफ-स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 109 रन पर छह विकेट झटककर बांग्लादेश को 500 रन से पहले ही रोक दिया। लेकिन ताइजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में 76 और 94 रन देकर चार चार विकेट झटके। इससे वह 250 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए।

### आयरलैंड पहली पारी में 265 रन पर सिमटी

आयरलैंड की टीम पहली पारी में 265 रन पर सिमट गई। लेकिन बांग्लादेश ने फॉलो-ऑन नहीं दिया। दूसरी पारी में शादमान इस्लाम (78) और महमूदुल हसन जॉय (60) ने मिलकर 119 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद मोमिनुल हक ने 87 रन बनाए, जिससे बांग्लादेश ने चार विकेट पर 297 रन पर पारी घोषित कर दी। अब आयरलैंड को जीत के लिए 509 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। आयरलैंड की जोड़ी हैरी टेक्टर (50) और कर्टिस कैंपर (नाबाद 71 रन) ने डटे रहकर मैच को पांचवें दिन तक पहुंचाया। लेकिन उसकी दूसरी पारी 291 रन पर खत्म हुई। बांग्लादेश ने पहला मैच पारी और 47 रन से जीता था। दोनों टीमें अब 29 नवंबर से चटगांव में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगी।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा

# कैंप नोउ स्टेडियम में बार्सिलोना की बड़ी जीत, मनाया जश्न



एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एथलेटिक बिलबाओ पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करके अपने पसंदीदा स्टेडियम कैंप नोउ में वापसी का जश्न मनाया। यूरोप के सबसे बड़े फुटबॉल स्टेडियम कैंप नोउ को नए सिरे से तैयार किया गया है। उसे पिछले दो साल से भी अधिक समय तक बंद रखा गया था और अब लगभग आधी क्षमता पर फिर से खोला गया है। इस स्टेडियम में लंबे समय बाद होने वाले इस मैच को देखने के लिए लगभग 45 हजार प्रशंसक मौजूद थे। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने मैच शुरू होने के सिर्फ चार मिनट बाद ही गोल करके माहौल बना दिया। फ़ेरान टोरेस ने अपने साथी फ़ॉरवर्ड लामिन यामल के शानदार पास से दो गोल किए और फ़र्मिन लोपेज़ ने कैंप नोउ में अपने पहले मैच में गोल दागा। लेवांडोव्स्की ने कहा, 'हमने शुरुआत से ही अच्छा खेल दिखाया और तीन अंक हासिल किए, लेकिन आज सबसे अहम बात कैंप नोउ में वापसी है। यहां खेलने का मजा ही कुछ और है। मुझे लगता है कि जब हम कैंप नोउ में खेलते हैं तो हम थोड़े ज्यादा मजबूत होते हैं।' बार्सिलोना के प्रशंसकों ने ठंडे मौसम के बावजूद जश्न के माहौल के बीच मैच शुरू होने से पहले क्लब का गीत गाया। इससे पहले आखिरी बार वे कैंप नोउ में मई 2023 में कोई मैच खेल पाए थे।

# कल से सैयद मोदी चैंपियनशिप ओकुहारा, प्रणय लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत, ओलंपियन नोजोमी ओकुहारा और एचएस प्रणय जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रही सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय एचएसबीसी विश्व टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए तैयार है। मौजूदा महिला युगल चैंपियन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी इस चैंपियनशिप में वापसी करेंगी। इस प्रतियोगिता में प्रियांशु राजावत, तन्वी शर्मा, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में भारत के 152 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल भाग ले रहा है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रविवार को घोषणा की कि कुल 240,000 डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। क्वालीफायर और मुख्य ड्रॉ के चुनिंदा मैच मंगलवार को खेले जाएंगे, जबकि इसका फाइनल 30 नवंबर को होगा। पांचों स्पर्धाओं (पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल) में 32 खिलाड़ियों (या जोड़ियों) के बीच मुकाबला होगा, जिसमें 28 को सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि चार क्वालीफायर के जरिए रास्ता बनाएंगे।

## महिला वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में रविवार को वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के महिला फाइनल में लातविया की टीना ग्राउडिना, क्रिस्टन नुस (बाएं) और यूएस की टैरिन ब्रेशर के खिलाफ ब्लॉक करती हुईं।

## नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी

# भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही।



### यह एक ऐतिहासिक जीत कप्तान दीपिका

खिताबी जीत के बाद टीम की कप्तान दीपिका टीसी ने कहा, 'हमें अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है और यह एक ऐतिहासिक जीत है। हमारी पूरी टीम ने इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत की है। यह एक बेहद मजबूत टीम है, और अब अन्य टीमें हमारे साथ खेलने से कतराती हैं। हम तो अब पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के साथ भी खेलने के लिए तैयार हैं।'

### सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था

भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।




## सिंधौड़ा प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

# 130 खिलाड़ियों की हुई नीलामी 8 टीमों के बीच होगा मुकाबला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद**

नजीराबाद नगर के समीप ग्राम सिंधौड़ा में पिछले कई वर्षों से होते आ रहे सिंधौड़ा प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 20 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। इसी के तहत रविवार को नगर के विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ियों की नीलामी एवं ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस नीलामी में क्षेत्र के 130 खिलाड़ियों की नीलामी की गई।

टूर्नामेंट के आयोजक रामरतन गुर्जर ने बताया कि इस बार सिंधौडा. प्रीमीयर लीग टूर्नामेंट का आयोजन क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार स्व. गजेंद्र सिंह सोलंकी भमजी बना की स्मृति में भव्य रूप से किया जाएगा जिसमें 8 टीम भाग लें रही हैं। वही इस आयोजन में प्रथम पुरस्कार 71 हजार आलोक सिंह सोलंकी पिंटू बना एवं जितेंद्र श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किए जाएंगे ,वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51 हजार सुमन रामरतन गुर्जर सरपंच सिंधौडा. एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार हाकम सिंह गुर्जर जगमेरी द्वारा प्रदान किए जाएंगे। साथ ही मैन ऑफ़ द सीरीज 11 हजार श्री महावीर रेस्टोरेंट रुनाहा, बेस्ट बॉलर 5100 छत्रपाल सिंह सोलंकी दरबार साहब, अनुशासित टीम 5100 रामसिंह चावड़ा, बेस्ट बैट्समैन 5100 विजेंद्र गुर्जर शिक्षक, बेस्ट कीपर 3100 राजू नामदेव रुनाहा, बेस्ट कैच 3100 लोटस पब्लिक स्कूल ,मैन ऑफ द मैच फाइनल 3100 जालम सिंह गौर जनपद सदस्य,मैन ऑफ द मैच प्रत्येक मैच चांदी का मंदिर यश गौर सारा ट्रेडर्स द्वारा प्रदान किया जाएगा। साथ ही सम्पूर्ण टेन्ट व्यवस्था कैलाश अहिरवार जनपद सदस्य द्वारा प्रदान की जाएगी। वहीं ट्रॉफी अनावरण एवं खिलाड़ियों के नीलामी समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती एवं स्वर्गीय गजेंद्र सिंह सोलंकी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर खेल मंत्री के निज सहायक चंद्रेश सक्सेना, जनपद सदस्य जालम सिंह गौर, महेंद्र पाल सिंह सोलंकी बाबू बना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता यशपाल सिंह सोलंकी,आयोजक रामरतन गुर्जर, पिसराज सिंह सोलंकी, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



ट्रॉफी का अनावरण करते आयोजक और अतिथि।

### यह टीमें लेंगी भाग...

*इस भव्य टूर्नामेंट में क्षेत्र की आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें किंग्स इलेवन नजीराबाद ओनर आबिद पठान, को-ओनर अलीम पठान, आदित्य इलेवन नजीराबाद ओनर भगवान सिंह मीणा,ललोई पैरामीटर मेंटर सुनील सक्सेना, ओनर जगमोहन गुर्जर, बालाजी डीजी इलेवन सुनगा ओनर जीतेंद्र तोमर, विवेकानंद इलेवन नजीराबाद ओनर अजय सक्सेना, रतलाम श्री इलेवन ओनर भानू सोनी, को-ओनर उत्तम, कर्मवीर सिंह सोलंकी, दिव्यांश बीजी इलेवन ओनर भगवत गुर्जर धामनतोडी.एवं अभी ललित इलेवन ओनर जितेंद्र श्रीवास्तव, को-ओनर ललित सोलंकी की टीम शामिल रहेंगी।*

## 400 से अधिक बालिका/महिला खिलाड़ी के साथ ऑफिशयल्स ले रहे हिस्सा

# एलएनसीटी भोपाल में खेलो इंडिया 'अस्मिता रग्बी लीग' का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने तथा खेलों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग का शुभारंभ रविवार को एलएनसीटी कॉलेज रायसेन रोड खेल मैदान में हुआ। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य, एलएनसीटी भोपाल डॉ. वी. के. साहू, प्रो. डॉ. अंजलि तिवारी, डॉ. लायज़ा कुरुप, सचिव, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मप्रअबरार अहमद शेख, खेल निदेशक एलएनसीटी एवं कोषाध्यक्ष रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, मप्र पंकज कुमार जैन की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन अवसर पर डॉ. वी. के. साहू ने कहा कि यह आयोजन युवतियों में खेल के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास और खेलभावना को बढ़ावा देगा तथा प्रदेश में रग्बी खेल की नई पहचान स्थापित करेगा। अबरार अहमद शेख ने बताया कि एलएनसीटी सदैव ही मध्य प्रदेश में रग्बी खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहा है। रग्बी का यह मध्य प्रदेश में पाँचवाँ संस्करण है, जिसमें अब तक की सबसे अधिक 33 टीमों ने सहभागिता दर्ज कराई है।

इस लीग में कुल 33 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें अंडर-15 वर्ग : 11, अंडर-18 वर्ग : 8, सीनियर वर्ग : 14, बैतूल, मुलताई, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, इंदौर एवं भोपाल सहित विभिन्न जिलों की 400 से अधिक बालिका/महिला खिलाड़ी एवं उनके कोच व मैनेजर इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।



एलएनसीटी कॉलेज रायसेन रोड के खेल मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

## राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट

# ओरिएंटल और एलएनसीटी ने दर्ज की शानदार जीत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राधारमण समूह के खेल मैदान पर रविवार को राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 के मुकाबले खेले गए, जिनमें ओरिएंटल कॉलेज और एल.एन.सी.टी. ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी जीत पक्की की। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ओरिएंटल कॉलेज का सामना एस.ए.टी.आई. से हुआ। ओरिएंटल कॉलेज ने 19.3 ओवर में 123 रन बनाए।

जवाब में एस.ए.टी.आई. पूरे 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 95 रन ही बना सकी, जिससे ओरिएंटल कॉलेज ने मुकाबला 28 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ ओरिएंटल कॉलेज सेमीफाइनल में पहुंच गया।




मैच जीतने के बाद ओरएंटल कॉलेज की टीम।

### एल.एन.सी.टी. की 32 रनों से धमाकेदार जीत

दूसरे सुपर नॉकआउट मुकाबले में एल.एन.सी.टी. और बंसल कॉलेज आमने-सामने थे। एल.एन.सी.टी. ने निर्धारित 20 ओवर में 146 रन, 9 विकेट खोकर बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंसल कॉलेज की टीम 18.5 ओवर में 114 रन, 9 विकेट तक ही पहुंच सकी और एल.एन.सी.टी. ने मैच 32 रनों से अपने नाम किया।

## बाडा के क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# होंडा की टीम ने टीवीएस को हराकर ट्रॉफी जीती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर वेलफेयर एसोसिएशन (बीएडीए) द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ दिनांक 22 नवंबर को अंकुर मैदान में विधायक भगवान दास सबनानी के द्वारा किया गया था।

दो दिनों चले इस टूर्नामेंट में ऑटोमोबाइल कंपनी से जुड़ी 8 टीमों ने भाग लिया था। होंडा और टीवीएस के बीच फाइनल मैच खेला गया। टीवीएस ने 102 रन बनाए, जिसे होंडा ने 6 ओवर में 103 रन बना कर ट्रॉफी जीती। मेन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार होंडा के रेहान खान को दिया गया। फाइनल अवॉर्ड सेरेमनी में महापौर मालती राय, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष रविंद्र यति, पार्षद शिखा मोनू गोयल और हरिओम जटिया थे। संयोजक आशीष पांडे ने बताया कि टूर्नामेंट की ट्रॉफी कर्नल जीके पांडे को समर्पित है, जिन्होंने एमपी ऑटोमोबाइल एसो. का गठन 1991 में किया था। यह चौथा संस्करण है और हर साल आयोजित किया जाएगा।




## महाबली वॉरियर्स और सुपर हिटर्स की टीमों की दमदार जीत



**भोपाल।** ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर खेली जा रही स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को दो मुकाबले खेले गए। इनमें पहला मुकाबला ब्लेजिंग यॉर्कर्स विरुद्ध महाबली वॉरियर्स और दूसरा मुकाबला सुपर हिटर्स विरुद्ध दैनिक जनचर्चा के बीच खेला गया। इनमें महाबली वॉरियर्स और सुपर हिटर्स की टीमों ने जीत हासिल की। पहले मुकाबले में ब्लेजिंग यॉर्कर्स 141/9 रन बनाए जिसमें धर्म ने 46 और आदित्य सिंह ने 28 रन बनाए। महाबली के मनोज मनवानी ने 4, अजीम ख़ान ने 3, जबकि पुष्पेंद्र चौहान ने 2 विकेट लिए। जवाब में महाबली ने 144/8 विकेट पर बना कर मैच को दो विकेट से जीत लिया । मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए मनोज मनवानी को मैन ऑफ द मैच चुना गया ।

### 36 रन से हारी दैनिक जनचर्चा की टीम

आज के दूसरे मैच में सुपर हिटर्स ने 178/9 रन बनाए, जिसमें मोहित तंवर ने 45, वैभव विश्वकर्मा 41 और अभिषेक ने 40 रन बनाए। जनचर्चा के सृजन जुनेजा और विनोद पाल ने 3-3 विकेट लिए,जबकि रवि और ज़मरान जावेद को एक-एक विकेट मिला। जवाबी पारी खेलते हुए दैनिक जनचर्चा की टीम 142/9 रन ही बना पाई और मैच 36 रन से हार गई। इनमें अंबर पाराशर और लविन मंदानी ने 28-28 रन बनाए, जबकि जय देवनानी ने 22 रन बनाए। सुपर हिटर्स के वैभव विश्वकर्मा और सोनू कुर्रे ने 3-3 विकेट, यतीश ने दो विकेट लिए। वैभव विश्वकर्मा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार खेल संचालक सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी कुमारी डिम्पल लोधी, वरिष्ठ अधिवक्ता बीएस शुक्ला एवं पूर्व राष्ट्रीय पहलवान आशुतोष वशिष्ठ 'बल्लू' ने प्रदान किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930